बैंक ने 1 जुलाई 2014 को अपने अस्तित्व के गौरवशाली पचास वर्ष पूरे किए. विगत पांच दशकों में सृजित बैंक की समृद्ध परंपरा को इस वार्षिक रिपोर्ट में समुचित रूप से रेखांकित किया गया है. आपके बैंक की पूर्ववर्ती संस्था भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) ने सुधार-पूर्व काल (1964-91) में संसद-आदेशित 'विकास बैंकिंग' चार्टर के अनुसरण में भारत में व्यापक औद्योगिक विकास को उत्प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है. आईडीबीआई की स्थापना देश में औद्योगिक वित्त संस्था की पुनर्गठित एवं एकीकृत संरचना के भाग के रूप में स्वातंत्र्योत्तर काल में तीव्र औद्योगीकरण की आवश्यकता की पूर्ति के लिए की गई थी. अन्य वित्तीय संस्थाओं के कार्यकलापों की केंद्रीय समन्वयक एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए आईडीबीआई ने औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ गैर-वित्तीय सहायता प्रदान कर अपने कार्यों के दायरे में विस्तार किया, इस प्रकार देश के आर्थिक इतिहास का निर्माण किया. अतः बैंक के अस्तित्व के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर 1 जुलाई 2014 को प्रधान कार्यालय में फ्लैगशिप इवेंट की शुरुआत के साथ स्वर्ण जयंती उत्सव के भाग के रूप में विभिन्न कार्यकलाप किए गए ताकि आपके बैंक के अंशधारकों के साथ जुड़ा जा सके. बैंक की राष्ट्र-निर्माण परंपरा का अनुसरण करने वाले ये कार्यकलाप *''दोस्ती के 50 वर्ष का उत्सव''* की निहित थीम पर आधारित और बैंक की ब्रांड पोजिशनिंग 'बैंक ऐसा, दोस्त जैसा' को सटीक रूप से शामिल किए हुए थे. बैंक ने इस अवसर पर विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की शुरुआत की और साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न शाखाओं का उद्घाटन भी किया. इसके अतिरिक्त, जागरूक कॉरपोरेट नागरिक के रूप में आपके बैंक ने ''आईडीबीआई बैंक स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति निधि'' नामक स्थायी निधि सृजित करने के लिए रामकृष्ण मिशन को ₹ 5 करोड़ का अंशदान किया, जिसका उपयोग रामकृष्ण मिशन स्कूल में पढ़ने वाले समाज के कमजोर वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए किया जा रहा है. इस अवसर पर बैंक द्वारा सुधार-पूर्व काल में अर्थव्यवस्था में औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश को उत्प्रेरित करके राष्ट्र निर्माण में निभाई गई भूमिका और साथ ही संतुलित एवं समावेशी आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को भी याद किया गया.

वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में दृढ़तापूर्वक कार्य

राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका की परंपरा को आगे निभाते हुए आपके बैंक ने देश के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता को सक्रियता

Major Initiatives undertaken by the Bank in 2014-15

While 2014-15 was momentous for the Bank on many fronts, I would like to highlight some of the important milestones.

Celebrating Fifty Glorious Years of Partnering in the Nation's Progress

The Bank completed fifty glorious years of its existence on July 1, 2014. The rich legacy of the Bank that it has created over the last five decades has been aptly captured in this Annual Report. In the pre-reform era (1964–91), your Bank's predecessor entity, the Industrial Development Bank of India (IDBI), played a pioneering role in catalyzing broad-based industrial development in India in keeping with its Parliament-ordained 'development banking' charter. IDBI was set up as part of a reorganised and integrated structure of industrial financing institutions in the country, geared to the needs of rapid industrialisation in the post-Independence period. Acting as the central agency co-ordinating the activities of other financial institutions, IDBI extended its ambit of functions to facilitate financial assistance as also non-financial aid to the industrial and infrastructure sectors thereby shaping the economic history of the country. Thus, to mark the completion of fifty years of existence of the Bank, various activities, beginning with a flagship event at the Head Office on July 1, 2014, were undertaken as a part of the Golden Jubilee celebrations to connect with your Bank's stakeholders. The activities, in keeping with the Bank's legacy of nation-building, were based on the underlying theme of *"celebration of 50 years of friendship"* and aptly incorporated in the Bank's brand positioning as 'Bank Aisa, Dost Jaisa'. The Bank took the opportunity to launch various products and services as also inaugurated various branches pan-India. Furthermore, the Bank, as a conscientious corporate citizen, contributed ₹ 5 crore to Ramakrishna Mission towards creation of an endowment fund named "IDBI Bank Golden Jubilee Scholarship Fund" which is being used to provide scholarships to the students of Ramakrishna Mission Schools who belong to weaker sections of the society. The occasion was reminiscent of the nation-building role that the Bank has essayed by catalysing industrial and infrastructure investment in the economy in the pre-reform era as well as its commitment to ensure balanced and inclusive economic growth.

Steadfastly Working towards Financial Inclusion

With a legacy of nation-building role, the Bank has continued to proactively participate in the financial inclusion programme

से जारी रखा. बैंक ने अपनी तरफ से सुनिश्चित किया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना(पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री की बैंकिंग सुविधाओं तक सबकी पहुँच की परिकल्पना को और आगे बढ़ाया जाए. बैंक ने 31 मार्च 2015 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत 9.29 लाख खाते खोले.

स्वच्छ भारत विजन को बढ़ावा

आपके बैंक ने देश भर के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र के स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण करके और स्वच्छ भारत कोष (एसबीके) में अभिदान देकर स्वच्छ भारत मिशन में भी सहभागिता की. स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत बैंक लगभग ₹ 4 करोड़ की लागत से 154 स्कूलों में 236 शौचालयों का निर्माण करेगा. इसके साथ ही, बैंक ने स्वच्छ भारत कोष में ₹ 5 करोड़ का अंशदान भी किया.

आपके बैंक के इन पहल कार्यों तथा साथ ही वर्ष के दौरान शुरू किए गए कई अन्य पहल कार्यों की जानकारी इस रिपोर्ट के निदेशक रिपोर्ट और प्रबंध परिचर्चा एवं विश्लेषण खंड में भी दी गई है.

ब्रांड पहचान

बैंक की चाहत हमेशा श्रेष्ठता को प्राप्त करना है. यह विशेष रूप से सुखद है कि वर्ष के दौरान आपके बैंक के कई पहल कार्यों तथा मध्यवर्ती कार्यों की संबंधित मंचों पर सराहना की गई.

बैंक को पुरस्कार और सम्मान मिलने के अलावा, इसके ब्रांड निर्माण प्रयासों में उल्लेखनीय सुधार हुए जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा संकलित ब्रांड रैंकिंग में दिखाई देता है. मिलवार्ड ब्राउन (ब्रांड ज़ेड) और इंटरब्रांड जैसे अग्रणी वैश्विक अनुसंधान संस्थानों ने भारत के सभी क्षेत्रों की शीर्ष 50 ब्रांडों में बैंक को स्थान दिया है. अपने अद्यतन रैंकिंग रिपोर्ट में मिलवार्ड ब्राउन (ब्रांड ज़ेड) ने देश के सभी क्षेत्रों के शीर्ष 50 ब्रांडों में आईडीबीआई बैंक को 39वां स्थान प्रदान किया है, जबकि इंटरब्रांड रैंकिंग के अनुसार, देश के सभी क्षेत्रों के शीर्ष 50 ब्रांडों में बैंक 37वें स्थान पर है. ब्रांड फ़ाइनेंस बैंकिंग 500 - ब्रांड फ़ाइनेंस द्वारा प्रकाशित विश्व की सर्वाधिक मूल्यवान बैंकिंग ब्रांड रिपोर्ट ने बैंक को वैश्विक रूप से 255वें स्थान और भारत में 9वें स्थान पर रखा है. ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2015 ने आपके बैंक को सभी क्षेत्रों में 64वें स्थान पर रखा है, जबकि बीएफ़एसआई एवं सरकारी क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी में इसे क्रमशः 5वें और 2रे स्थान पर रखा गया है. बैंक की ब्रांड पहचान एवं मूल्य में सुधार, ब्रांड में बढ़े हुए भरोसे को दर्शाता है जिसका श्रेय अंशतः वर्ष के दौरान यह सूचित करने के लिए शुरू किए गए ब्रांडिंग एवं उत्पाद प्रचारों को जाता है कि आपका बैंक एक ऐसा दोस्त है जो अपने ग्राहकों के साथ सदैव खड़ा रहेगा.

of the country. Your Bank extended itself to ensure that the Hon'ble Prime Minister's vision of universal access to banking facilities under the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) is furthered. The Bank, as on March 31, 2015, opened 9.29 lakh accounts under the programme.

Furthering the Vision of Clean India

Your Bank has also participated in the Swachh Bharat Mission by undertaking construction of gender-segregated toilets in schools in rural and semi-urban areas pan-India and subscribing to Swachh Bharat Kosh (SBK). Under Swachh Bharat Swachh Vidyalaya Abhiyan, the Bank will be constructing 236 toilets in 154 schools at an estimated outgo of about ₹ 4 crore. Further, the Bank has also contributed an amount of ₹ 5 crore to Swachh Bharat Kosh.

These initiatives as well as many other initiatives undertaken by the Bank during the year have been further documented in the Directors' Report as well as Management Discussion and Analysis section of this Report.

Brand Recognition

As the Bank aims at excellence, it is particularly gratifying that several of your Bank's initiatives and interventions during the year were feted and recognized at the relevant forums.

In addition to the awards and accolades won by the Bank, its brand building efforts saw significant improvement in its brand rankings compiled by various agencies. Leading global research organisations like Millward Brown (Brand Z) and Interbrand place the Bank among the top 50 brands in India across sectors. In their latest ranking report, Millward Brown (Brand Z) pegs the Bank at the 39th position among the top 50 brands in the country across sectors while as per Interbrand rankings, the Bank ranks at the 37th position among the top 50 brands in the country across sectors. Brand Finance Banking 500 - the world's most valuable Banking Brands Report published by Brand Finance - placed the Bank at the 255th position globally and 9th position in India. The Brand Trust Report 2015 ranked your Bank at the 64th position across sectors while in the BFSI and Bank PSU categories, it has been ranked at the 5th and 2nd position respectively. The improvement in the Bank's brand recognition and value is a reflection of the enhanced trust in the Brand which, in part, is attributable to the branding and product campaigns undertaken during the year to communicate that your Bank is a friend who will stand by its customers at all times.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश
Chairman & Managing Director's Message

आगे की राह

बैंक के साथ अपने प्रगाढ़ सम्बन्धों के अंतिम पड़ाव पर मैं गुजरे वक्त की यादों से घिर गया हूँ लेकिन साथ ही भविष्य के प्रति आशा से प्रफुल्लित भी हूँ. मुझे अपने बैंक से बहुत अपेक्षाएँ हैं, क्योंकि मुझे इसमें असीम संभावनाएं दिखाई देती हैं. जैसे ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में अंशांकित किन्तु कुछ हद तक असमान सुधार होता है और देशी अर्थव्यवस्था अपने उत्थान तथा सुधारों के अनुकूल रुख, उत्साहजनक स्थूल आर्थिक स्थितियों और उपभोक्ताओं/निवेशकों में विश्वास की वापसी का फायदा उठाने की ओर अग्रसर प्रतीत होती है, आपका बैंक अपनी स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए और विगत समय की अपेक्षा निश्चित रूप से अधिक सक्रिय रूप से अपने कार्यनिष्पादन में तेजी लाने के लिए स्वयं को तैयार कर लेगा. बैंक की कारोबार रणनीति को उभरते सकारात्मक परिचालन परिवेश और साथ ही विकासशील विनियामक परिवेश द्वारा उत्तरोत्तर नया आकार दिया जाता रहेगा.

बैंक की कारोबार रणनीति का मूल मंत्र तेजी से बढ़ते अपने शाखा और एटीएम नेटवर्क तथा साथ ही डिलीवरी के वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से अपने ग्राहकों को निर्बाध एवं उच्च स्तरीय उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदान कर इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करना है. नवोन्मेषी उत्पाद उपायों, बेहतर प्रतिलाभ का वादा, ग्राहक सेवा के उच्च स्तर तथा आकर्षक पुरस्कार कार्यक्रमों जैसी अन्य रणनीतिक पहलों के साथ शाखा नेटवर्क के विस्तार को देखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि बैंक अपनी कासा जमाराशियां बढ़ाने और अपने पीएसएल पोर्टफोलियो में तेजी लाने में सफल हो सकेगा. बैंक के कारोबार में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नए उत्पाद और सेवाएँ शुरू की जाएंगी और साथ ही बदलती ग्राहक जरूरतों के अनुरूप मौजूदा उत्पादों एवं सेवाओं की समीक्षा की जाएगी. बैंक आस्तियों की गुणवत्ता में गिरावट को रोकने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रयास करेगा और दोषपूर्ण आस्तियों के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करेगा. साथ ही, शुल्क आधारित आय के अवसर बढ़ाने के उपायों की संभावनाओं का पता लगाकर बैंक बैंकिंग के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में अपनी लाभप्रदता के मार्जिन में सुधार लाने में सक्षम होगा.

उत्पादों पर आधारित एक ऐसे उद्योग में जहां उत्पाद अपने मूल स्तर पर मुख्यतः एक समान होते हैं, आपका बैंक अपने ग्राहकों के साथ व्यवहार के तौर-तरीकों में निरंतर सुधार लाकर प्रतिस्पर्धा से स्वयं को अलग रखना चाहता है. इस प्रकार बैंक सभी डिलीवरी चैनलों में उत्कृष्ट ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने का प्रयास करता है. इस दिशा में बैंक उच्चतम स्तर की ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न डिलीवरी चैनलों में नवोन्मेषी उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाता रहेगा.

भारत की प्रगति में भागीदार बनने की प्रक्रिया में पांच दशकों में कड़ी मेहनत के साथ निर्मित उत्कृष्ट ब्रांड इक्विटी, प्रमाणित कौशल सेट तथा रणनीतिकारी क्षमता, बैंक की एक खास विशेषता इसके युवा व उत्साही

Way Forward

As I approach the end of my enriching association with the Bank, I am consumed by nostalgia but buoyed by hope. I have great expectations of the Bank as I discovered immense potential within it. As the global economy fashions a calibrated if somewhat spatially asymmetric recovery and the domestic economy seems poised to leverage their upside and the tailwinds of reforms, buoyant macro-fundamentals and rebound in consumer/investor confidence, your Bank readies itself to consolidate its position and invest its performance with a decidedly more vibrant pallor than in the recent past. The Bank's business strategy will continue to be progressively shaped by emerging positive operating environment as well as the evolving regulatory environment.

The core of the Bank's strategies is to ensure long-term sustainability in the highly competitive environment by offering best-in-class bouquet of products and services to its customers across its rapidly expanding branch and ATM network as well as through seamless service across the alternate channels of delivery. By complementing the expanding branch network with other strategic initiatives such as innovative bundling, promise of better returns, higher levels of customer service and attractive rewards programmes, I am confident that the Bank will be able to augment its CASA deposits as well as drive growth in its PSL portfolio. To support growth in the Bank's business, various new products and services will be launched as well as existing ones will be reviewed in tandem with the evolving customer needs. The Bank will resolutely endeavor to arrest slippage in asset quality and work towards speedy resolution of delinquent assets. Simultaneously, by exploring ways and means to augment fee income opportunity, the Bank will be able to improve its profitability margin in the highly competitive field of banking.

In an industry built around products that, at their most basic level, are largely homogenous, your Bank aims to differentiate itself from competition by continuing to improve the way it engages with its customers. Thus, the Bank strives to ensure par excellence customer experience across all channels of delivery. Towards this end, the Bank will continue leveraging its state-of-the-art technology to offer innovative products and services across various delivery channels to ensure highest level of customer satisfaction.

An enviable brand equity assiduously built over five decades in the process of partnering India's progress, a proven skill-set and strategizing capabilities, a young and enthusiastic

मानव संसाधन, अधिक समृद्धशाली भविष्य की दिशा में ये सभी बैंक को निश्चित रूप से नई बुलंदियों की ओर ले जाएंगे. मेरा यह मानना है कि बैंक वृद्धि एवं संपन्नता के इस अभियान में राष्ट्र का एक भरोसेमंद भागीदार बना हुआ है लेकिन समसामयिक रूप से सार्थक संस्था होने के लिए एक अलग अवतार में. बैंक का पक्का विश्वास है कि यह अपने ग्राहकों के लिए बेहतर सेवा प्रदान करने का भरसक प्रयास करेगा, इससे ग्राहकों की अटूट निष्ठा का मार्ग प्रशस्त होगा और इस प्रकार यह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बैंकिंग क्षेत्र में स्वयं के लिए एक खास स्थान बनाने में कामयाब होगा.

आभार

राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में विगत कई वर्षों से एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाने वाले बैंक के सर्वोच्च पद पर रहना मेरे लिए सचमुच गर्व की बात है. अब जब मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है, मैं भारत सरकार और साथ ही विभिन्न राज्य सरकारों, रिज़र्व बैंक तथा अन्य सभी सांविधिक एवं विनियामक प्राधिकरणों और अन्य बैंकों, वित्तीय संस्थाओं तथा बहुपक्षीय संस्थाओं को उनके सतत सहयोग एवं समर्थन तथा मूल्यवान मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ जिनसे बैंक को वांछित दिशा की ओर ले जाने में मुझे भरपूर सहायता मिली है. मैं बैंक के ग्राहकों के प्रति, जिनके सतत विश्वास से हमें वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में सहायता मिली है, बैंक के निदेशक मंडल के प्रति उनकी सेवाओं के लिए और साथ ही उनके निरंतर परामर्श और सहयोग के लिए, कार्य के प्रति समर्पित एवं उत्साही बैंक के कर्मचारियों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ. अंत में मैं आप सभी के विश्वास और निष्ठा के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूँगा जिसकी वजह से बैंक की प्रगति में सहायता मिली है. मैं आपसे सतत सहयोग और निष्ठा की आकांक्षा करता हूँ ताकि हम साथ मिलकर बैंक को एक नई ऊंचाई तक पहुंचा सकें और सभी अंशधारकों का मूल्यवर्धन कर सकें.

आपको और आपके परिजनों को शुभकामनाओं सहित,

एम.एस. राघवन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

soft resource complement, that characterize the Bank, would certainly galvanize it to take the Great Leap Forward towards a more prosperous tomorrow. To my mind, the Bank continues to be the trusted partner of the nation in its quest for growth and prosperity, but only in a different avatar, to be a contemporaneously relevant entity. The Bank fundamentally believes that it should strive to do right for the customers it serves and this would lead to unwavering customer loyalty, thereby enabling it to carve a 'niche' for itself in the highly competitive field of banking.

Acknowledgements

It was indeed my privilege of being at the helm of a bank that has over the years played a catalytic role in the economic progress of the nation. As my tenure comes to a close, I would like to thank the Government of India as well as various State Governments, RBI and all other statutory and regulatory authorities and other banks, financial institutions and multilateral institutions for their continued timely support and co-operation as well as valuable guidance which helped me to steer the Bank towards a desired direction. I would also like to express my gratitude to the Bank's customers for their continued trust in us for helping them achieve financial well-being; to the Bank's Board of Directors for their service as well as for their continuing counsel and support; to the Bank's employees who are committed and enthusiastic about their work. Last, but not the least, I would like to express my gratitude to you for the confidence and belief you have shown that has enabled the Bank to progress thus far. I solicit your continued loyalty and support so that we can together propel the Bank to a new high and maximise value for all stakeholders.

With best wishes to you and your families,

M. S. Raghavan
Chairman & Managing Director

''संकल्प और ध्येय के बीच अथाह जोश होता है. हर संभव तरीके से आधुनिक भारत के निर्माण में सहायक.''

"Between vision and mission lies unbridled passion. Helping build modern India in every possible way."

भारत के विकास में उत्प्रेरक. 50 वर्ष और उससे आगे.
Catalyst for India's growth. 50 years and beyond.

वित्तीय संरचना का निर्माण
Building Financial Architecture

वित्तीय संस्थाएं संभाव्य प्रयोक्ताओं को सुनियोजित तरीके से वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी हैं. पिछले पाँच दशकों से आईडीबीआई बैंक ने न केवल परियोजना वित्तपोषक के रूप में बल्कि वित्तीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाली पूंजी बाजार संस्थाओं के निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाई है. प्रारंभिक दिनों में इसके मार्गदर्शन में न केवल सुदृढ़, विविध और प्रभावी औद्योगिक ढांचे की स्थापना में सहायता मिली बल्कि समूची प्रक्रिया को इससे गुणात्मक आयाम भी मिला.

आईडीबीआई ने एक्ज़िम बैंक, एनईडीएफआई, एआरसीआईएल आदि जैसी संस्थाओं के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई और देश की वित्तीय संरचना को हमेशा के लिए रूपांतरित कर दिया. बैंक ने पूंजी बाजार के व्यवस्थित और कारगर संचालन के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई), अभिरक्षा सेवा प्रदान करने के लिए स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एसएचसीआईएल) और कागज-रहित स्वरूप में प्रतिभूतियां प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) जैसे संगठनों की स्थापना में सहायता की है. बैंक द्वारा प्रवर्तित अन्य संस्थाओं में क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लि. (केयर), भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) आदि शामिल हैं.

Financial Institutions are responsible for assigning financial resources in a planned way to the potential users. For the last five decades, IDBI Bank played a pioneering role in promoting industrial growth, not just as a project financier but also as an entity that helped spawn financial and capital market institutions of international standards. Its guidance in the early days was not only instrumental in establishing a strong, diversified and efficient industrial framework but also added a qualitative facet to the entire process.

IDBI took the lead in establishing institutions like the EXIM Bank, NEDFi, ARCIL etc. and transformed the financial architecture of the country forever. The Bank helped institute organisations aimed at orderly and efficient functioning of the capital market like National Stock Exchange of India Ltd. (NSE), Stock Holding Corporation of India Ltd. (SHCIL) for providing custodial services and National Securities Depository Ltd. (NSDL) for providing securities in dematerialised form. Other institutions promoted by the Bank include Credit Analysis and Research Ltd. (CARE), Clearing Corporation of India Limited (CCIL), etc..



उत्तर पूर्वी विकास वित्त निगम लि. भवन

The North Eastern Development Finance Corporation Ltd. building

एक्ज़िम बैंक अपने वैश्विक प्रयासों में एसएमई सहित भारतीय उद्योगों की साझेदारी में मुख्य भूमिका निभा रहा है.

केयर रेटिंग्स वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी संरचना क्षेत्र, कॉरपोरेट, सार्वजनिक वित्त और एमएसएमई क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए रेटिंग प्रदान करती है.

एनएसई भारत का सबसे बड़ा प्रतिभूति एक्सचेंज है जो इक्विटी, कॉरपोरेट ऋण, केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों, वाणिज्यिक पत्र, सीडी और विनिमय व्यापार निधियों सहित प्रतिभूतियों की ऑटोमेटेड इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग की सुविधा उपलब्ध कराता है.

एनईडीएफआई भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक और बुनियादी परियोजनाओं के निर्माण में शामिल सूक्ष्म, लघु, मध्यम और बड़े उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है.

एनएसडीएल भारतीय पूंजी बाजार में डीमटेरियलाइज्ड रूप में धारित और निपटान की गई अधिकांश प्रतिभूतियों का रखरखाव करने वाली प्रतिभूति डिपॉजिटरी है.

EXIM Bank plays a key role in partnering Indian industries, including SMEs, in their globalisation efforts.

CARE Ratings provides ratings in various sectors including financial sector, infrastructure sector, corporates, public finance and MSME spaces.

NSE is India's largest securities exchange offering automated electronic trading of securities, including equity, corporate debt, central and state government securities, commercial paper, CDs, and exchange traded funds.

NEDFi provides financial support to micro, small, medium and large enterprises involved in building industrial and infrastructure projects in the North Eastern region of India.

NSDL is the securities depository, which handles most of the securities held and settled in dematerialised form in the Indian capital market.



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज

The National Stock Exchange

भारत की बुनियादी संरचना का विकास
Developing India's Infrastructure

आईडीबीआई बैंक ने राष्ट्रीय योजनाओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप भारत में बुनियादी परियोजनाओं के वित्तपोषण के माध्यम से विकास को बढ़ावा देने के अपने कार्य को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है. चाहे बुनियादी परियोजनाओं के लिए वित्तीय मध्यस्थता की बात हो या बुनियादी मूल्य श्रृंखला में नवीन उत्पादों के माध्यम से मूल्य वृद्धि, बैंक निवेशों पर सर्वोत्तम प्रतिफल प्राप्त करने के लिए कंपनियों की सहायता करने में प्रभावी रहा है. बैंक बुनियादी संरचना के विकास में निवेश को समर्थन देने वाली नीतियों और विनियामक ढांचे के निर्माण हेतु सरकारी निकायों को सलाह और सहायता देने का कार्य भी करता है.

बैंक के पास क्षेत्र विषयक ज्ञान से संपन्न अधिकारियों से युक्त एक समर्पित वर्टिकल अर्थात् इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट ग्रुप (आईसीजी) है जो अपनी शाखाओं के माध्यम से पूरे देश भर में परियोजनाओं की संरचना और सहायता करता है. इन शाखाओं की सहायता के लिए परियोजना मूल्यांकन टीम हैं जो बुनियादी संरचना निर्माण परियोजनाओं में शामिल ग्राहकों को सम्पूर्ण समाधान उपलब्ध कराती हैं.

आज आईडीबीआई बैंक के इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो में शहरी बुनियादी परियोजनाओं, लॉजिस्टिक्स आदि के साथ-साथ 50,000 से अधिक मेगावॉट के समग्र उत्पादन क्षमता वाली विद्युत परियोजनाएं, 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा देने वाली दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियाँ, पूर्वी और पश्चिमी तट के बंदरगाहों को कवर करने वाली 7,000 किमी से अधिक की राजमार्ग परियोजनाएं, पाँच मिलियन ग्राहकों को सेवा देने वाली विद्युत वितरण कंपनियाँ, मेट्रो रेलवे परियोजनाएं, देश के चुनिंदा निजी क्षेत्र द्वारा परिचालित हवाई अड्डे आदि सम्मिलित हैं. नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी बैंक की प्रमुख भूमिका है जिसके पास इस क्षेत्र में लगभग 1,000 मेगावॉट की उत्पादन क्षमता के 25 से अधिक परियोजनाओं का पोर्टफोलियो है.

IDBI Bank has played a pioneering role in achieving its task of promoting growth through financing of infrastructure projects in India, in consonance with national plans and priorities. Whether it is financial intermediation for infrastructure projects or adding value through innovative products to the infrastructure value chain, the Bank has been influential in aiding companies to get the best return on investments. The Bank also works with government bodies to advise and assist them in composing policy and regulatory frameworks that support investment in infrastructure development.


The Bank has a dedicated vertical viz. Infrastructure Corporate Group (ICG), manned by officials with specialised domain knowledge, to structure and assist projects across the country through its branches. These branches are supported by the Project Appraisal Team offering end-to-end solutions to clients engaged in setting up infrastructure projects.

IDBI Bank's infrastructure portfolio today includes power projects with aggregate generation capacity of over 50,000 MW, telecom service providers catering to over 500 million subscribers, highway projects covering more than 7,000 km, sea-ports on the Eastern and Western coast, power distribution companies serving a base of 5 million consumers, metro railway project, select private sector operated airports of the country, besides a host of projects in urban infrastructure, logistics, etc. The Bank is also a major player in the area of renewable energy, having a portfolio of more than 25 projects in the sector with a generation capacity of about 1,000 MW.



जीएमआर वसावी डीज़ल पॉवर प्लांट. आईडीबीआई बैंक द्वारा वित्तपोषित पहले बिजली संयंत्रों में से एक बिजली संयंत्र.

GMR Vasavi Diesel Power Plant. One of the first power plants financed by IDBI Bank.



सफायर इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. द्वारा स्थापित सोलर प्लांट. आईडीबीआई बैंक द्वारा वित्तपोषित पहला सोलर प्लांट.

Solar plant set up by Sapphire Industrial Infrastructure Pvt. Ltd. The first solar plant financed by IDBI Bank.

समुदायों का संरक्षण
Safeguarding Communities

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व 50 वर्ष पूर्व हमारी स्थापना से ही सदैव हमारी सभी गतिविधियों का केंद्र बिंदु रहा है. इसके अनिवार्य बनाए जाने से काफी पहले से ही यह हमारे लिए एक प्रेरक शक्ति रहा है. हमारा उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्गों को समय पर वित्तीय सहायता और नवोन्मेष वित्तीय मध्यस्थता द्वारा सशक्त बनाना है. हम इसका ध्यान रखते हैं कि हमारी गतिविधियों का हमारे परिवेश पर क्या प्रभाव पड़ेगा तथा हम स्थायी और समावेशी कारोबारी पद्धतियों के प्रति अपनी निष्ठा को लेकर गंभीर हैं.

इस क्षेत्र में किए गए पहल कार्यों में निम्न शामिल हैं :

शिक्षा

- हमने 1981 में अंबरनाथ, महाराष्ट्र में नेत्रहीनों के लिए एनएबी-आईडीबीआई पॉलिटेक्निक की स्थापना की.
- यह पॉलीटेक्निक दृष्टिबाधित उद्यमियों के लिए है, जो भविष्य में स्वतंत्र उद्योगपतियों के रूप में उभरेंगे. उनके विकास के लिए यह देश में अपनी तरह का पहला संस्थान है.

राहत एवं पुनर्वास

- 1993 में लातूर जिले में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित समुदाय के सामाजिक विकास में योगदान. बैंक ने 6 से 7 महीनों के रिकॉर्ड समय के भीतर शिरसाल टांडा गाँव में रोड तक पहुँच सहित 65 घरों का निर्माण करवाया.
- 2001 में कच्छ, गुजरात में आए भूकंप के समय राहत एवं पुनर्वास कार्यों अर्थात् अस्पतालों, आवासों और बुनियादी सुविधाओं में योगदान दिया.
- प्राकृतिक आपदाओं जैसे सुनामी (2004), उत्तराखंड में अचानक आई बाढ़ (2013) और ओड़िशा के चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों (2013) में प्रभावित पीड़ितों को सहायता प्रदान की.
- टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) और लद्दाख स्वायत्तशासी पर्वतीय विकास परिषद (2011) के सहयोग से लद्दाख के बाढ़ से प्रभावित तारु गाँव के विकास में सहायता प्रदान की.

Corporate Social Responsibility lies at the heart of all our activities at IDBI Bank since our establishment 50 years ago. It has been our guiding force long before it became a reporting mandate. Our aim is to empower society's most vulnerable sections through timely economic support and innovative financial intervention. We care about how our actions impact our planet and are serious about our dedication to sustainable and inclusive business practices.

Some of our initiatives in this arena include:

Education

- Establishment of the NAB-IDBI Polytechnic for the Blind at Ambernath, Maharashtra in 1981.
- The polytechnic was the first in the country meant exclusively for the development of visually-challenged entrepreneurs who would in due course emerge as independent industrialists.

Relief and Rehabilitation

- Contributed to the social development and for the community affected by natural calamity in Latur District in 1993. The Bank constructed 65 houses for Shirsal Tanda village along with access roads in a record time of 6 to 7 months.
- Contributed towards relief and rehabilitation work like construction of hospitals, houses and basic infrastructure during the earthquake in Kutch, Gujarat in 2001.
- Extended a helping hand to victims affected by natural calamities such as Tsunami (2004), flash floods in Uttarakhand (2013) and Cyclone-hit Odisha (2013).
- Supported reconstruction of the flood-affected Taru village in Ladakh, in association with Tata Institute of Social Sciences (TISS) and Ladakh Autonomous Hill Development Council (2011).



पुनर्वास के बाद तारु, लद्दाख स्थित सामान्य सुविधा केंद्र.

Common Facility Centre post rehabilitation at Taru, Ladakh.



श्री एन. एन. पै, तत्कालीन अध्यक्ष आईडीबीआई 25 अगस्त 1981 को नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड (एनएबी) को चेक देते हुए.

Shri N. N. Pai, then Chairman, IDBI, handing over a cheque to the National Association for the Blind (NAB) on August 25, 1981.

एसएमई को समर्थ बनाना
Enabling SMEs

लघु और मध्यम उद्यम किसी भी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार तथा नवोन्मेषी उद्यमिता एवं विशेषज्ञता के प्रमुख स्रोत होते हैं. आईडीबीआई बैंक यह मानता है कि त्वरित एवं समावेशी विकास के लिए और 'मेक इन इंडिया' अभियान को सफल बनाने हेतु इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन अनिवार्य है.

आईडीबीआई बैंक ने मई 1986 में लघु उद्योग विकास निधि (एसआईडीएफ़) की स्थापना द्वारा लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास में विशेष रुचि दिखाई. एसएमई क्षेत्र में सहायता की उपलब्धता को बढ़ाने और उसके एकीकरण के लिए एसआईडीएफ केंद्र बिन्दु के रूप में कार्य करता है. यह नए औद्योगिक अवसरों की पहचान और उद्यमियों को व्यापक प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने संबंधी गतिविधियों के लिए वित्तपोषण करता है. 1990 में एसआईडीएफ के परिचालनों को अलग करते हुए इसे पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) में परिवर्तित कर दिया गया.

बैंक ने लघु एवं मध्यम आकार की औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 1950 में राज्य वित्तीय निगमों (एसएफसी) की स्थापना की. आईडीबीआई राज्य वित्तीय निगम को उनके मीयादी जमाओं के संबंध में 100% पुनर्वित्त प्रदान करता रहा है. इससे एसएफसी अपनी निधियों के मुख्य स्रोत के रूप में आईडीबीआई के पुनर्वित्त पर बहुत अधिक निर्भर हैं.

Small and Medium Enterprises are the backbone of an economy and a key source of entrepreneurial innovation and expertise. IDBI recognises that a strong performance of this sector is essential for achieving rapid and inclusive growth and important for making 'Make in India' campaign successful.

IDBI had shown particular interest in the development of small-scale industries by the setting up of the Small Industries Development Fund (SIDF) in May 1986. SIDF provided a focal point for integrating and expanding the flow of assistance to the SME sector. It financed activities for recognising new industrial opportunities and broadened training facilities to entrepreneurs. The operations of SIDF were hived off in 1990 into a wholly-owned subsidiary Small Industries Development Bank of India (SIDBI).

State Financial Corporations (SFCs) were set up in 1950s as specialised state-level institutions for providing term finance to small and medium-sized industrial units. Besides equity support, IDBI provided upto 100% refinance to SFCs in respect of their term loans. SFCs, in turn, had increasingly relied upon IDBI's refinance as their major source of funds.



आईडीबीआई बैंक से सहायता प्राप्त लघु उद्योग इकाई

An SSI unit assisted by IDBI Bank

क्षमता निर्माण
Building Capacities

भारत में ग्रामीण युवाओं, विशेषकर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले युवाओं के लिए पर्याप्त संख्या में रोजगार अवसर निर्मित करने की अत्यधिक आवश्यकता है. आईडीबीआई बैंक ने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए स्थाई जीविकोपार्जन को नए फोकस के रूप में शामिल कर अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार किया जो इसकी विस्तृत रणनीति का हिस्सा है जिससे निम्न आय वाले भारतीयों को सक्षम बनाया जा सके ताकि वे राष्ट्र के विकास में भागीदार होकर उससे लाभ ले सकें.

बैंक ने ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से महाराष्ट्र के सातारा जिले में आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) की स्थापना की है. संस्थान से बड़ी संख्या में प्रशिक्षित उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण उपरांत स्वयं के उपक्रम आरंभ किए हैं, जो प्रभावी तरीके से चल रहे हैं. संस्थान ने 31 मार्च 2015 तक 84 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर 2,121 बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित किया.

In India, there is a vital need to create adequate employment opportunities for rural population, particularly those below the poverty line. Given this challenge, IDBI Bank widened the scope of its work to include a new focus on sustainable livelihood – part of its comprehensive strategy for enabling low-income Indians to partake in and benefit from the nation's growth.

The Bank set up IDBI Rural Self Employment Training Institute (IDBI RSETI) at Satara in Maharashtra with an aim to impart skills to rural youth. A large number of the trained aspirants from the institute have subsequently started their own ventures, which are running efficiently. The institute has trained 2,121 unemployed youth till March 31, 2015 by conducting 84 training programmes.

आरएसईटीआई का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार पहल करने के लिए कुशल बनाने अथवा कौशल उन्नयन के जरिए लाभप्रद रोजगार प्रदान करना है.

The key purpose of the RSETI is to impart skills among rural youth for taking up self-employment initiatives or gainful employment through skill upgradation.

केस स्टडी

श्री विक्रम सदाशिव कदम एक किसान हैं और मालगाँव में जैविक खेती तथा डेयरी संबंधी कार्य करते थे. उन्हें स्थानीय पशु चिकित्सक के माध्यम से आईडीबीआई आरएसईटीआई का पता चला और उन्होंने व्यापक कृषि एवं संबद्ध कार्यकलाप कोर्स में अपना नाम लिखवाया. इस पहल से उन्होंने अब 15 किसानों का समूह बना कर एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना ली है जो मुंबई के लगभग 250 परिवारों को जैविक खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करती है.

Case Study

Mr. Vikram Sadashiv Kadam is a farmer and was involved in Organic farming & Dairy in Malgaon. He came to know about IDBI RSETI through a local Veterinary Doctor and enrolled himself for Comprehensive Agriculture & Allied Activity course. Through this initiative, he has now formed a group of 15 farmers and formed a private limited company to supply organic food to a customer base of about 250 families in Mumbai.



उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और उद्योगों को पोषित करना
Promoting Entrepreneurship & Nurturing Industries

भारत एक उद्यमशील देश है लेकिन इसके उद्यमियों को अपने कारोबार निर्माण एवं विकास के प्रयासों के लिए संघर्ष करना पड़ता है. उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और कारोबार की स्थापना बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए आवश्यक है. आईडीबीआई बैंक युवा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने तथा सोच एवं विचारों को उचित कारोबारी स्वरूप में ढालने में सहायता करने में विश्वास करता है. यह विनिर्माण उद्योग को मजबूत करने में सहायता कर 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को वास्तविक रूप में साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. आईडीबीआई की गतिविधियों का महत्वपूर्ण पहलू उद्यमिता आधार का निर्माण एवं उसे बढ़ावा देना तथा इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए बुनियादी संरचना का निर्माण करना है.

विनिर्माण

- नई परियोजनाओं की संकल्पना, उन्हें तैयार करने और उन्हें आरंभ करवाकर औद्योगिक ढांचे में व्याप्त कमियों को दूर करने के उद्देश्य से उद्योगों की योजना बनाने, उन्हें बढ़ावा देने और उनके विकास में सहायता की.
- उद्योगों को बढ़ावा देने, प्रबंधन और उनके विस्तार में तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया.
- संयंत्र और उपकरण के आधुनिकीकरण के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए चयनित योजनाओं अर्थात् सूती वस्त्रों, जूट, चीनी, सीमेंट और इंजीनियरिंग के लिए सुलभ ऋण योजना शुरू की ताकि उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दिया जा सके.

तकनीकी परामर्श संगठन

आईडीबीआई बैंक ने अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर एसएमई और राज्यस्तरीय निगमों को परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक और तकनीकी परामर्श संगठनों को स्थापित करने की परिकल्पना की है.

India is an entrepreneurial country, but its entrepreneurs have had to struggle to build and grow their business endeavours. Accelerating entrepreneurship and business establishment is necessary for large-scale employment generation. IDBI Bank believes in promoting entrepreneurship and helping convert ideas and thoughts to feasible business propositions. It is playing an important role to help strengthen manufacturing industry to turn 'Make in India' into a reality. An important aspect of IDBI's activities has been creation and widening of entrepreneurial base and building up an infrastructure to support this process.

Manufacturing

- Helped in planning, promoting and developing industries with a view to fill the gaps in the industrial structure by conceiving, preparing and supporting new projects.
- Provided technical and administrative assistance for promotion, management and expansion of industry
- Introduced soft loan scheme for selected schemes viz. cotton textiles, jute, sugar, cement and engineering to overcome the backlog of modernisation of plant and equipment in order to improve their productivity and competitiveness

Technical Consultancy Organisations

IDBI Bank, in association with other financial institutions, envisaged the setting up Technical Consultancy Organisations (TCOs) for providing consultancy services to SMEs and state level corporations.



आईडीबीआई द्वारा सहायता प्राप्त प्लांट में पर्न विंडर असेंब्ली.

Pirn winder assembly at a plant assisted by IDBI.

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान

आईडीबीआई बैंक ने नए उद्यमियों के लिए उद्यमिता/ प्रबंधकीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 1983 में अहमदाबाद में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) की स्थापना द्वारा संस्थागत ढांचे के विकास की पहल की है.

उद्यमिता विकास संस्थान

आईडीबीआई बैंक ने अन्य वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के फैलाव को प्रोत्साहन देने, औद्योगिक संभावना का पता लगाने हेतु सर्वेक्षणों और अध्ययनों के लिए उद्यमिता विकास संस्थान (आईईडी) की स्थापना की है.

राज्य औद्योगिक विकास निगम

औद्योगिकीकरण कार्यक्रमों में उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए वर्ष 1960 के दौरान राज्य सरकारों द्वारा राज्य औद्योगिक विकास निगमों (एसआईडीसी) की स्थापना की गई थी. वर्ष 1976 से आईडीबीआई मझोले आकार की इकाइयों के लिए उनके मीयादी ऋणों के संबंध में एसआईडीसी को पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान करता आ रहा है.

महिला उद्यमियों को सहायता

एक अलग लक्ष्य समूह के रूप में महिला उद्यमियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत को देखते हुए एक योजना तैयार की गई ताकि उन्हें रियायती शर्तों पर मीयादी ऋण सुविधाओं के साथ-साथ अभिनिर्धारण, चयन, प्रशिक्षण, परामर्शी एवं एस्कार्ट सेवा हेतु एकीकृत सहायता पैकेज उपलब्ध कराया जा सके.

Entrepreneurship Development Institute of India

IDBI Bank initiated the development of an institutional framework by setting up Entrepreneurship Development Institute of India (EDII) in Ahmedabad in 1983 to encourage entrepreneurial/ managerial training programmes for new entrepreneurs.

Institutes of Entrepreneurship Development

IDBI Bank set up Institutes of Entrepreneurship Development (IEDs) in collaboration with other financial institutions to foster the spread of entrepreneurship development programmes, initiating surveys and studies to identify industrial potential.

State Industrial Development Corporations

State Industrial Development Corporations (SIDCs) were established by the State Governments during 1960s to act as catalytic agents in the industrialisation programmes. Since 1976, IDBI had extended its refinance facilities to SIDCs in respect of their term loans to medium-sized units.

Assistance to Women Entrepreneurs

In recognition of the need that women entrepreneurs as a separate target group deserve special attention, a scheme was drawn up to make available an integrated package of assistance providing for identification, selection, training, consultancy and escort service along with term loan facilities on concessional terms.



महिला उद्यमियों के लिए सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण.

Needlework classes for women entrepreneurs.

वित्तीय वर्ष 2014-15 की कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events during FY 2014-15



भुवनेश्वर में अंचल कार्यालय का उद्घाटन

Inauguration of Zonal Office in Bhubaneswar



सीएनबीसी-टीवी18 इंडिया बिजनेस लीडर अवार्ड्स में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन और अन्य अधिकारीगण.

Hon'ble Finance Minister Shri Arun Jaitley along with CMD, Shri M. S.Raghavan and other dignitaries at CNBC-TV18 India Business Leader Awards.



उप प्रबंध निदेशक श्री बी.के. बत्रा, फिक्की तथा फिक्की-सीएमएसएमई के महासचिव श्री ए. दीदार सिंह के साथ सदस्य एमएसएमई के वित्तपोषण के लिए समझौता ज्ञापन आदान-प्रदान करते हुए

Shri B. K. Batra, DMD, exchanging MoU for financing member MSMEs with Shri A Didar Singh, Secretary General, FICCI and FICCI - CMSME



चेन्नई में विदेशी मुद्रा प्रबंध सम्मेलन

Forex Management Summit in Chennai



आईडीबीआई बैंक के 50 युगांतकारी वर्षों का उत्सव मनाने के लिए आईडीबीआई टॉवर, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में 50 नई शाखाओं का उद्घाटन.

Inauguration of 50 new branches at an event at IDBI Tower, Mumbai to celebrate 50 epoch making years of IDBI



हिन्दी दिवस समारोह में 'विकास प्रभा' पत्रिका के 102वें अंक का विमोचन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन

Shri M. S. Raghavan, CMD, inaugurating the 102nd issue of Vikas Prabha magazine as part of Hindi Divas Celebration



डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 58वीं पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए.

Paying homage to Dr. Babasaheb Ambedkar on his 58th Death Anniversary



स्टाफ सदस्यों के लिए आईडीबीआई एथलेटिक मीट के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन, उप प्रबंध निदेशक श्री एम.ओ. रेगो व अन्य अधिकारी.

Shri M.S. Raghavan, CMD, Shri M. O. Rego, DMD and other officials at the IDBI Athletic Meet for Staff

वित्तीय वर्ष 2014-15 की कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events during FY 2014-15



माहिम शाखा, मुंबई में पहले ई-लाउंज का उद्घाटन करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन

Shri M.S.Raghavan, CMD, inaugurating the first e-lounge at Mahim branch, Mumbai



आईडीबीआई बैंक का स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ समझौता ज्ञापन

IDBI Bank enters into an MoU with Steel Authority of India Limited (SAIL)



मुंबई में नीयर डिजास्टर रिकवरी साइट का उद्घाटन

Inauguration of Near DR Site at Mumbai



आईडीबीआई बैंक द्वारा सिग्नेचर डेबिट कार्ड का शुभारंभ तथा पहला कार्ड श्री ऋषि कपूर को देते हुए

IDBI Bank launches Signature Debit Card and presents the first card to Shri Rishi Kapoor



'द ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2015' में सरकारी क्षेत्र के बैंक श्रेणी में सर्वाधिक विश्वसनीय ब्रांड का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन

Shri M.S. Raghavan, CMD, receiving the award for the 2nd most trusted Brand in the PSU Bank category in 'The Brand Trust Report 2015'



चंडीगढ़ में अंचल कार्यालय का उद्घाटन

Inauguration of Zonal Office in Chandigarh



ईशा विद्या ग्रामीण स्कूल, इरोड, तमिलनाडु के उद्घाटन समारोह में उप प्रबंध निदेशक श्री बी.के. बत्रा तथा मुख्य महा प्रबंधक श्री आर.वी. अय्यर

Shri B. K. Batra, DMD and Shri R. V. Iyer, CGM at the inauguration ceremony at Isha Vidhya Rural School, Erode, Tamil Nadu



भारतीय सेना के कर्मियों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई दिल्ली में भारतीय सेना तथा आईडीबीआई बैंक के बीच समझौता ज्ञापन किया गया

Signing of MoU between the Indian Army and IDBI Bank at New Delhi on banking facilities for Indian Army Personnel

वित्तीय वर्ष 2014-15 की कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events during FY 2014-15



प्रधानमंत्री जन धन योजना के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के साथ श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक

Hon'ble Union Minster Shri Nitin Gadkari along with Shri B.K. Batra, DMD, at a programme on Pradhan Mantri Jan DhanYojana



प्रधानमंत्री जन धन योजना के एक कार्यक्रम में उप प्रबंध निदेशक श्री एम.ओ. रेगो

Shri M.O. Rego, DMD, at a programme on Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana



प्रधानमंत्री जन धन योजना के एक कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन

Shri M. S. Raghavan, CMD at a programme on Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana



रिज़र्व बैंक के गवर्नर डॉ. रघुराम राजन से राजभाषा शील्ड पुरस्कार प्राप्त करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन तथा महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. सुनील कुमार लाहोटी

Shri M.S. Raghavan, CMD, and Dr. Sunil Kumar Lahoti, GM (Rajbhasha) receiving Rajbhasha Shield Award from RBI Governor Dr. Raghuram Rajan



सीएसआर पहल के एक भाग के रूप में रहारा, पश्चिम बंगाल में 'आईडीबीआई बैंक गोल्डन जुबली स्कॉलरशिप फंड' के तहत 17 बच्चों में से एक को स्कॉलरशिप प्रदान करते हुए

Presenting scholarships to one of the 17 students under 'IDBI Bank Golden Jubilee Scholarship Fund' in Rahara, West Bengal as part of CSR initiative



आईडीबीआई टॉवर, मुंबई में स्वच्छ भारत अभियान

Swachh Bharat Mission at IDBI Tower, Mumbai



आईडीबीआई बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन तथा इस अवसर पर एक विशेष पत्रिका का विमोचन

Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank and release of a Special Journal to mark the occasion



आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. राघवन की उपस्थिति में श्री एस. रवि और श्री पंकज वत्स, निदेशक द्वय 6 अप्रैल 2015 को पंजाबी बाग, नई दिल्ली में 3000वें एटीएम का उद्घाटन करते हुए

Shri S. Ravi and Shri Pankaj Vats, Directors of IDBI Bank, in presence of Shri M.S. Raghavan, CMD, inaugurated the 3000th ATM at Punjabi Bagh, New Delhi on April 6, 2015


ब्रांड मूल्य
Brand Value

आईडीबीआई बैंक के ब्रांड निर्माण के प्रयासों से मिल्वर्ड ब्राउन (ब्रांड जेड), इंटरब्रांड, ब्रांड फाइनेंस और ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट द्वारा दी गई रैंकिंग में सुधार हुआ है. ब्रांड जेड के अनुसार सभी क्षेत्रों में देश भर के शीर्ष 50 ब्रांड रैंकिंग में बैंक का 39वां स्थान और इंटरब्रांड रैंकिंग के अनुसार सभी क्षेत्रों में देश के शीर्ष 50 ब्रांडों में 37वां स्थान रहा. इसके अलावा, ब्रांड फाइनेंस द्वारा प्रकाशित ब्रांड फाइनेंस बैंकिंग 500 - वर्ल्ड मोस्ट वैल्यूबल बैंकिंग ब्रांड रिपोर्ट के अनुसार बैंक के पिछले वर्ष के ब्रांड मूल्यांकन में 79% की वृद्धि हुई. बैंक की वैश्विक रैंकिंग सुधर कर 351 से 255 हुई जबकि इसकी भारत की रैंकिंग दो स्थान बढ़ कर 11 से 9 हो गई.

नवीनतम ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2015 के अनुसार विगत वर्षों के दौरान बैंक की ब्रांड ट्रस्ट रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है. बैंक की रैंकिंग 2013 में 159वीं और 2014 में 85वीं से 2015 में 64वीं हो गई. बीएफएसआई श्रेणी में आईडीबीआई बैंक का 5वां स्थान था जबकि पीएसयू बैंक श्रेणी में इसने अपना दूसरा स्थान बनाए रखा.

The brand building efforts of IDBI Bank led to an improvement in the rankings by Millward Brown (Brand Z), Interbrand, Brand Finance and Brand Trust Report. As per Brand Z, the Bank occupied the 39th position among the top 50 brands in the country across sectors and the 37th position among the top 50 brands in the country across sectors as per Interbrand rankings. Additionally, there was a 79% increase in the Bank's brand valuation over the previous year as per Brand Finance Banking 500 - the world's most valuable Banking Brands Report published by Brand Finance. The Bank's global ranking improved from 351st to 255th while its India ranking moved up two notches from 11th to 9th.

As per the latest Brand Trust Report 2015, the Bank's Brand Trust ranking improved considerably over the years, from 159th in 2013 and 85th in 2014 to 64th in 2015. In the BFSI category, IDBI Bank has been ranked at the 5th position while in the Bank PSU category, it retained its 2nd position.







निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

2014-15 में बैंक ने सभी मोर्चों पर बृहत् आर्थिक वातावरण और साथ ही कई अन्य क्षेत्र विशेष कारकों से उत्पन्न महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने कार्य-निष्पादन में प्रगति के लिए प्रयास किये. अपने कारोबार में वृद्धि लाने के लिए बैंक ने संगठनात्मक पुनर्संरचना और मिशन रूपी दृष्टिकोण अपनाने के साथ रणनीतिक पहल कार्यों के माध्यम से इन चुनौतियों का सामना किया. इसके साथ ही बैंक ने अपने शाखा व एटीएम नेटवर्क को तेजी से बढ़ाते हुए अपनी पहुँच बढ़ाई. उच्चतम ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक ने अपने सभी ग्राहकों को झंझट मुक्त अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी ग्राहक सेवा को श्रेष्ठतम बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया. बैंक अपने नेटवर्क में वृद्धि करते हुए अपना ग्राहक आधार बढ़ाने में भी सफल रहा जिससे सुगम पहुँच उपलब्ध कराते हुए बैंक ने ग्राहक आवश्यकताओं को उचित रूप से पूरा करने के लिए नवोन्मेषी विशेषताओं के साथ बेहतर ग्राहकोन्मुखी उत्पाद एवं सेवाएं पेश कीं. यथा 31 मार्च 2015 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 10% और 5% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,59,836 करोड़ और ₹ 2,08,377 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में प्रस्तुत की गई हैं:

लाभ एवं विनियोग

2014-15 के दौरान आपके बैंक की सकल आय ₹ 32,162 करोड़ रही, जिसमें ₹ 28,154 करोड़ की ब्याज आय तथा ₹ 4,008 करोड़ की अन्य आय शामिल है. कुल व्यय (प्रावधान व आकस्मिताओं को छोड़कर) में ब्याज व्यय ₹ 22,406 करोड़ तथा परिचालन व्यय ₹ 4,027 करोड़ रहे. वर्ष के दौरान कुल ₹ 4,855 करोड़ के प्रावधान किये गये, जिसमें मुख्य रूप से अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों और निवेश के लिए ₹ 3,480 करोड़ शामिल हैं. 2014-15 के दौरान आपके बैंक परिचालनों का कर-पूर्व लाभ ₹ 1,287 करोड़ रहा. कराधान के लिए ₹ 414 करोड़ का प्रावधान करने के बाद कर-पश्चात् लाभ ₹ 873 करोड़ रहा. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर-पश्चात् लाभ का विनियोग तालिका 2 में दिया गया है.

तालिका 1 : वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

यथा 31 मार्च की स्थिति	**2014**	**2015**
पूंजी	1,603.94	1,603.96
रिज़र्व और अधिशेष	22,034.92	22,712.96
केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने राष्ट्रीय लेखों की एक नई श्रृंखला जारी की है जिसमें आधार वर्ष को 2004-05 से संशोधित करके 2011-12 कर दिया गया है और यह अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत राष्ट्रीय लेखा प्रणाली (एसएनए), 2008 के अनुरूप है.

स्थिर मूल्यों पर जीडीपी वृद्धि



भिन्न-भिन्न स्तर पर अनुमान यह दर्शाते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों अर्थात् कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों में उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई. नए उपायों ने समग्र

वर्ष 2014 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि उन्नत एवं उभरती अर्थव्यवस्थाओं में असमान वृद्धि दरों के साथ सामान्य बनी रही.

चीन एवं भारत को छोड़कर अधिकांश उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई.


योजित सकल मूल्य (जीवीए) में क्षेत्रवार हिस्सों की भी दिशा बदली है. लागत कारक पर समग्र जीवीए में कृषि क्षेत्र का योगदान अब तक पूर्व की (2004-05) श्रृंखलाओं के आधार पर प्रदर्शित स्थिति से कुछ उच्चतर था. इसके अतिरिक्त, जहाँ सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का वृद्धि इंजिन बना रहा, औद्योगिक क्षेत्र के पक्ष में क्षेत्रवार हिस्सों का पुनर्निर्धारण हुआ है जिसका मुख्य कारण पुरानी श्रृंखलाओं में विनिर्माण जीवीए का न्यून मूल्यांकन तथा कारोबार क्षेत्र जीवीए के अधिमूल्यांकन में सुधार था.

2014-15 में जीडीपी के मांग क्षेत्र ने मिश्रित संकेत दर्शाए. अर्थव्यवस्था में जहां निजी एवं सार्वजनिक उपभोग तथा स्थिर पूंजी निर्माण दोनों की स्थिति में सुधार हुआ वहीं निर्यात और आयात में कमी आयी. यह प्रवृत्ति इस बात को रेखांकित करती है कि सतत वृद्धि पुनरुत्थान मुख्यतः देशी उपभोग से प्रभावित है.

औद्योगिक परिदृश्य

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी), जो मुख्य औद्योगिक क्षेत्रों के कार्यनिष्पादन संबंधी अनुमान उपलब्ध कराता है, ने विद्युत क्षेत्र में जबर्दस्त

औद्योगिक क्षेत्र का कार्य निष्पादन




वृद्धि तथा खनन एवं विनिर्माण क्षेत्र में कायापलट के कारण उच्चतर वृद्धि दर्ज की. उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, उपभोक्ता वस्तुओं को छोड़कर, सभी प्रमुख श्रेणियों अर्थात्, आधारभूत वस्तुओं, पूंजीगत माल, मध्यवर्ती वस्तुओं ने 2014-15 में सकारात्मक वृद्धि दर्शायी. पूरे राजकोषीय वर्ष के दौरान औद्योगिक क्षेत्र के कार्यकलापों में मामूली विस्तार के बावजूद वृद्धि दर धीमी बनी रही. आठ महत्त्वपूर्ण उद्योगों के सूचकांक द्वारा आकलित इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र का, जिसका समग्र आईआईपी में लगभग 38% हिस्सा है, का कार्य निष्पादन विद्युत, कोयला तथा सीमेंट क्षेत्रों के जबर्दस्त योगदान के बावजूद भी प्राकृतिक गैस एवं कच्चे तेल के उत्पादन में निरंतर संकुचन के कारण मंद रहा.

सरकार और अन्य नीति निर्माताओं ने सामान्यत: औद्योगिक क्षेत्र और विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र के कार्य निष्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपाय आरंभ किए. आनेवाले वर्षों में इसका सकारात्मक परिणाम मिलने की आशा है.

मुद्रास्फीति

लंबी अवधि तक उच्च स्तर पर रहने के बाद मुद्रास्फीति ने 2014-15 में बेहतर होने के संकेत दर्शाने शुरू किए. सीपीआई मुद्रास्फीति (अखिल

मुद्रास्फीति दरें



भारत) द्वारा मापी गई खुदरा मुद्रास्फीति रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति के मूल आधार के रूप में उभरी तथा पिछले दो वर्षों तक लगभग 9%-10% के आस-पास रहने के बाद 2014-15 में कम हुई. राजकोषीय वर्ष के दौरान सीपीआई मुद्रास्फीति में सुधार का कारण कुछ हद तक आधारभूत प्रभाव तथा वर्ष की दूसरी छमाही में मौसमी खाद्य की कीमतों में कमी होना है. कच्चे तेल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में आई गिरावट भी सीपीआई ईंधन मुद्रास्फीति को कम करने में सहायक रही. मूल मुद्रास्फीति (गैर-खाद्य गैर-ईंधन) ने भी कम होने के संकेत प्रदर्शित किए. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) (आधार वर्ष 2004-05), जो 2011-13 के दौरान 6.0%-9.0% पर लगातार उच्च बना रहा, खाद्य एवं ईंधन की कम कीमतों के चलते वर्ष के दौरान न्यूनतम 2.0% तक संतुलित रहा. इसके साथ ही, सख्त मौद्रिक नीति मांग दबावों को बनाए रखने में सहायक रही और इसने रुपया मूल्यांकन में अस्थिरता को नियंत्रण में रखते हुए किसी बाह्य आघात के विरुद्ध सुरक्षा निर्मित की. सीपीआई मुद्रास्फीति के जनवरी 2015 तक लक्ष्यित 8.0% मुद्रास्फीति से कम बने रहने के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने राजकोषीय वर्ष की चौथी तिमाही में दो बार में 50 आधार बिन्दु तक की दर कटौती की घोषणा की.

6.0%
सीपीआई मुद्रास्फीति(आधार वर्ष 2012)

7.5%
50 बीपीएस की संचय दर कटौती के बाद 2014-15 में रेपो रेट

चलनिधि और ब्याज दरें

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं का उल्लेख करते हुए राजकोषीय वर्ष में जनवरी 2015 के दौरान प्रमुख नीतिगत दर यथावत रखी. तथापि, स्फीतिकारी दबावों के घटने के साथ रिज़र्व बैंक ने दो बार अर्थात् जनवरी 2015 तथा मार्च 2015 में दर में 25 आधार बिन्दुओं की कटौती की घोषणा की, जिससे रेपो दर घट कर 7.50% तक आ गई. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने अर्थव्यवस्था में सुलभ चलनिधि सुनिश्चित करने के लिए राजकोषीय वर्ष के दौरान सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) में भी 150 आधार बिन्दुओं की कमी की.

10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूति बांड, जो राष्ट्र का एक ऋण जोखिम प्रतिपत्र है, पर प्रतिलाभ 2014-15 में कम हुआ. इससे आर्थिक वृद्धि पुनर्स्थापित करने के लिए किए गए समष्टि-आर्थिक मूलतत्वों में सुधार तथा नीतिगत सुधारों के चलते बाजार में आशावादी रुख का प्रसार हुआ.

चलनिधि स्थितियां 2014-15 के दौरान मोटे तौर पर संतुलित रहीं. जमाराशि जुटाने और सरकारी नकदी अधिशेष में गिरावट की तुलना में ऋण उठाव में वृद्धि की गति धीमी रहने से चलनिधि दबावों में कमी आई. इसके अतिरिक्त, चलनिधि प्रबंध परिचालन में लचीलेपन, पारदर्शिता एवं पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए रिज़र्व बैंक ने सितंबर 2014 में अपने चलनिधि प्रबंध ढांचे को संशोधित किया.


बाह्य क्षेत्र के कार्यकलाप

सामान्य व्यापार एवं चालू खाता घाटे, प्रचुर वित्तीय प्रवाह, विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के निर्माण तथा व्यापक रूप से स्थिर विनिमय दर संचलन के कारण 2014-15 में भारत की विदेशी स्थिति सहज बनी रही. राजकोषीय वर्ष में सुदृढ़ बाह्य क्षेत्र स्थिति स्वर्ण आयात पर लगे प्रतिबंध को हटाने में सहायक रही और कच्चे तेल की कम अंतर्राष्ट्रीय कीमतों ने डीजल की कीमतों में सुधारों की शुरुआत करने में सहायता की.

भारत का व्यापार घाटा कच्चे तेल की कम अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के चलते आयात भार कम होने के कारण 2014-15 में यूएस डॉलर 137.0 बिलियन पर सहज बना रहा. यह यूएस डॉलर की तुलना में मजबूत रुपया मूल्यांकन के साथ-साथ प्रमुख व्यापारिक भागीदारों से कमजोर

मांग के कारण निर्यात में गिरावट होने के बावजूद था. व्यापार घाटा कम होने से 2014-15 में चालू खाता घाटा (सीएडी) भी कम हुआ.

भारत की सीएडी स्थिति



सकारात्मक व्यापार संतुलन स्थिति के चलते समग्र भुगतान संतुलन (बीओपी) में उल्लेखनीय सुधार परिलक्षित हुआ. निवल वित्तीय प्रवाह में भारी वृद्धि सीएडी के वित्तपोषण में सहायक रही तथा इससे विदेशी मुद्रा आरक्षित भंडार भी सुखद स्थिति में आ गया.

भारत के बाह्य ऋण में मार्च 2014 की समाप्ति से दिसंबर 2014 की समाप्ति पर यूएस डॉलर 461.9 बिलियन अर्थात् 3.5 % की वृद्धि के बावजूद यह वृद्धि भारत सरकार की विवेकपूर्ण बाह्य ऋण प्रबंधन नीति द्वारा नियंत्रण सीमाओं के भीतर बनी रही.

भावी संभावनाएं

आने वाले समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामान्य गति से बढ़ने के आसार है. उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अनुकूल मौद्रिक नीति से वैश्विक विकास को बढ़ावा मिलने की आशा है क्योंकि वैश्विक वित्तीय बाजार में तरलता बनी रहेगी. तथापि अमरीकी फेडरल रिज़र्व द्वारा दर में वृद्धि की संभावना से भावी परिदृश्य धुंधला सकता है, क्योंकि इससे वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता आ सकती है. दूसरे पण्यों की सुलभ कीमतों से तेल आयातक अर्थव्यवस्थाओं के कार्य-निष्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है किन्तु दूसरी तरफ इससे तेल निर्यातक अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा. तथापि अन्य बातों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार मात्रा में लगातार कमी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मंदी से वृद्धि में गिरावट का जोखिम खड़ा हो जाएगा. आईएमएफ ने वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक (डबल्यूईओ) के अप्रैल 2015 के अपने अंक में 2015 में 3.5% की वैश्विक अर्थव्यवस्था वृद्धि दर का अनुमान लगाया है जो 2014 के 3.4% से थोडा सा अधिक है. विश्व बैंक ने भी ग्लोबल इकनॉमिक प्रोस्पेक्ट्स रिपोर्ट के जून 2015 के अपने अंक में पूर्वानुमान लगाया है कि

उद्योग और इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण में अपनी प्रधानता को बनाए रखते हुए आपके बैंक ने रिटेल कारोबार और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार पर अधिक जोर देते हुए अपने कारोबार संमिश्र के पुनर्संतुलन पर विशेष ध्यान देना जारी रखा

वैश्विक वृद्धि दर 2014 की 2.6% से आंशिक रूप से बढ़कर 2015 में 2.8% हो जाएगी.

उन्नत समष्टि आर्थिक स्थिरता और भारत के नीति-निर्माताओं द्वारा सुधारात्मक उपाय अर्थव्यवस्था के कारोबारी रुख की बेहतरी में सहायक रहे. इसने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को भी वर्ष 2015 और उसके बाद के वर्षों के लिए भारत के बारे में आशावादी सुधार का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित किया. आईएमएफ और विश्व बैंक दोनों ने भारत के लिए वर्ष 2015 में 7.5% की वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया है. वर्ष 2016 के लिए वैश्विक एजेंसियों के अलग-अलग मूल्यांकन हैं जबकि आईएमएफ ने भारत के लिए वर्ष के दौरान 7.5% वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया है. विश्व बैंक ने वर्ष के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि के 7.9% तक बढ़ने की संभावना जताई.

कारोबार समीक्षा

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने रिटेल कारोबार और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार पर अधिक जोर देते हुए अपने कारोबार संमिश्र के पुनर्संतुलन पर विशेष ध्यान देना जारी रखा और कारोबार पोर्टफोलियो के जोखिम को कम करते हुए विनियामक आवश्यकताओं को पूरा करने के आशय के साथ उद्योग और इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण में अपनी प्रधानता को बनाए रखा है. महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में बैंक ने विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण अपनाकर अपने संगठन ढांचे की पुनर्समीक्षा की है और कार्यालयों को पूरे देश में अंचलों में विभाजित किया है. साथ ही, बैंक के कारोबार की प्रगति के लिए अंचल कार्यालयों को शीघ्र निर्णय लेने हेतु अधिक अधिकार प्रदान किए गए हैं. बैंक में संरचनात्मक बदलाव लाने का अंतर्निहित औचित्य बैंक की स्थानीय स्थितियों की समझ को बढ़ाते हुए भारत के टीयर I व टीयर II शहरों, नगरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध अपरिमित संभावना का लाभ उठाना था. इन रणनीतिक पहलों के साथ पूरे देश में तेजी से शाखा तंत्र को बढ़ाया गया. 31 मार्च 2015 को आपके बैंक नेटवर्क में 1,717 शाखाएं थीं जिनमें इस वर्ष के दौरान 329 शाखाएं जोड़ी गई. 31 मार्च 2015 को शाखा नेटवर्क में 368 शाखाएं मेट्रो केंद्रो पर, 451 शाखाएं शहरी केंद्रों पर, 524 शाखाएं अर्द्ध-शहरी केंद्रों पर, ग्रामीण केंद्रों में 373 शाखाएं (जिनमें 210 वित्तीय समावेशन वाली शाखाएं शामिल हैं) और एक समुद्रपारीय शाखा दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी), दुबई थी.

रिटेल देयता उत्पाद

आपका बैंक सभी क्षेत्रों के मौजूदा देयता उत्पादों की निरंतर समीक्षा करता रहा ताकि ग्राहकों की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादों की विशेषताओं और प्रक्रियाओं को संशोधित कर सके. अन्य पहलों में,

आपके बैंक ने एक नया बचत खाता 'सुरक्षा प्लस बचत खाता' आरंभ किया जिसमें बचत खाते के लाभों के साथ दुर्घटना मृत्यु बीमा सुरक्षा और जीवन सुरक्षा दोनों के लाभ उपलब्ध हैं. यह न्यून एवं आकर्षक प्रीमियम दर पर समूह बीमा योजना के अंतर्गत पेश किया गया है. वर्ष के दौरान, 10 वर्ष के अवयस्क द्वारा स्वतंत्र रूप से परिचालित खाता 'पॉवरकिड्ज़ स्मार्ट सेविंग अकाउंट' आरंभ किया गया. उच्च मालियत वाले ग्राहकों के लिए 'रॉयल प्लस' श्रेणी के खाते में वर्तमान सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने 'रॉयल प्लस' श्रेणी के सभी ग्राहकों को 'वीजा सिग्नेचर डेबिट कार्ड' ऑफर करने का निर्णय लिया है जिसमें लक्ष्यित ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक विशिष्ट सुविधाएं तथा विशेषताएं शामिल की गई हैं. नेपाल में विप्रेषण सुगम बनाने की दृष्टि से, आपके बैंक ने नेपाल के ग्लोबल आईएमई बैंक लिमिटेड (जीआईबीएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं जो किसी भी व्यक्ति चाहे भारत या नेपाल का मूल निवासी हो, को बैंक की किसी भी शाखा में विप्रेषण करने की सुविधा प्रदान करेगा. शाखाओं में भारी नकद जमा रखने के उद्देश्य से आपके बैंक ने उच्च नकद जमा सीमा (सीडीएल) सुविधा के साथ 'कैश करंट अकाउंट (सीसीए)' आरंभ किया है.

एनआरआई सेवाएं

आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है और मूलभूत एनआरई, एनआरओ व एफसीएनआर जमाओं के उत्पाद व सेवाओं के माध्यम से इस समुदाय के हितों का सवार्धिक ध्यान रखने का प्रयास करता है. ये उत्पाद एवं सेवाएं आधुनिकतम उत्पाद एवं मूल्य योजित सेवाओं के साथ उच्च प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध कराएं जाते हैं, इनमें एफसीएनआर जमाओं पर वायदा रक्षा, भारतीय सेकंडरी शेयर बाजार में निवेश के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस), एनआरआई जमाओं की प्रतिभूति पर ओवरड्राफ्ट सुविधा, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण शामिल हैं. त्वरित, किफ़ायती और सुविधाजनक निधि अंतरण करने के लिए बैंक एनआरआई ग्राहकों को भारत में झंझट-रहित निधि विप्रेषण के लिए कई विकल्प प्रदान करता है.

आपका बैंक अपने सम्मानित एनआरआई ग्राहकों से जुड़ने, संबद्ध रहने तथा संबंधों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से समाचारों, नवीन जानकारियों तथा सूचनाओं के संप्रेषण के लिए प्रत्येक तिमाही में एनआरआई न्यूजलेटर "एनआरआई संपर्क" भी जारी करता है.

संरचित रिटेल आस्ति कारोबार

आपका बैंक अपने रिटेल आस्ति उत्पादों और सेवाओं के साथ संरचित रिटेल वित्त के क्षेत्र में सर्वाधिक मांग वाले एक खिलाड़ी के रूप में उभरा है.

1,717
31 मार्च, 2015 को शाखाएं

329
2014-15 में जोड़ी गई नई शाखाएं

रिटेल परिसंपत्ति मोर्चे पर ऑफर किए गए सामान्य उत्पादों को उपलब्ध कराने के अलावा बैंक ग्रामीण/अर्ध शहरी आवास वित्तपोषण के लिए आवास ऋण योजना, आवास ऋण ग्राहकों के लिए ब्याज दर को लागू ब्याज दर में परिवर्तित करने के लिए विशेष योजना जैसे नवोन्मेषी उत्पाद प्रस्तुत करता है ताकि बैंक के ग्राहकों को अधिक विविध एवं ग्राहकोनुकूल सुविधाएं मिल सकें. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों की सुविधा के साथ-साथ कार्रवाई समय (टीएटी) को कम करने के लिए संरचित रिटेल आस्ति उत्पादों के दिशानिर्देशों को भी सरल किया है जिसके द्वारा बैंक के उत्पादों को बाजार में सर्वाधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाया गया है. बैंक आवास ऋणों, शिक्षा ऋणों, ऑटो ऋणों और वैयक्तिक ऋणों के लिए ऑनलाइन ऋण आवेदन की सुविधा भी प्रदान करता है जिसमें ट्रैकिंग प्रणाली के साथ आवेदक को किसी ऋण आवेदन की अद्यतन स्थिति को ट्रैक करने की सुविधा उपलब्ध रहती है. अपनी क्षेत्र विशिष्ट शिक्षा ऋण योजनाओं के दायरे को बढ़ाते हुए आपके बैंक ने 8वीं से 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के लिए "उड़ान" नामक एक अनोखी बचत-सह-शिक्षा ऋण योजना शुरू की है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने वाहन ऋण कारोबार को गति देने के लिए प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स, होंडा मोटर्स, मारुति सुजुकी आदि के साथ गठजोड़ को नवीकृत किया है.

समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की अनिवार्यता को संज्ञान में लेते हुए आपका बैंक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय समूह (एलआईजी) के लिए सरकार समर्थित विभिन्न योजनाएं ऑफर करने के साथ-साथ उन्हें घर खरीदने के लिए ₹ 5 लाख तक की राशि की वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है. आपका बैंक ईडब्ल्यूएस और अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण सब्सिडी योजनाओं के लिए कार्यान्वयन एजेंसी भी है.

वैकल्पिक चैनल एवं कार्ड

आपका बैंक किसी भी समय, कहीं भी और खासकर आसान तरीके से विभिन्न चैनलों के माध्यम से अपने ग्राहकों के लिए अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने हेतु वैकल्पिक बैंकिंग चैनलों जैसे एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग आदि को लगातार मजबूत कर रहा है. बैंक के नज़रिए से ये चैनल निम्नतर लेनदेन लागत के कारण बैंक की परिचालनगत लागत को कम करने में सहायक हैं.

अक्तूबर 2001 में अपनी शुरुआत के समय से बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को लगातार उन्नत बनाते हुए इसमें कई विशेषताएं जैसे सावधि जमा (एफडी) और आवर्ती जमा (आरडी) खोलना, कर भुगतान, शॉपिंग/ बिल भुगतान, कार्ड से कार्ड राशि का अंतरण, मोबाइल रिचार्ज, हवाई/ रेल टिकटों की बुकिंग, ऑनलाइन आईपीओ एएसबीए और डीमैट/ सरकारी बांड के परिचालन शामिल किए गए हैं.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने मौजूदा ग्राहकों के लिए उपलब्ध कार्ड उत्पादों के समूह को पूरा करने के लिए वीजा प्लेटफार्म पर क्रेडिट कार्ड शुरू किया है. बैंक इस कार्ड को दो तरह के ग्राहकों अर्थात् एचएनआई ग्राहकों के लिए रॉयल (वीज़ा सिग्नेचर कार्ड) और बैंक के साथ संतोषजनक संबंध रखने वाले अन्य मौजूदा ग्राहकों के लिए एस्पायर (वीज़ा प्लैटिनम कार्ड) ऑफर करता है.

बैंक ने ई-कॉमर्स लेनदेनों को बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय ई-कॉमर्स वेबसाइटों से प्राप्त लेनदेनों को प्राधिकृत करने का कार्य भी शुरू किया है.

आपका बैंक एसएमएस, ब्राउज़र और यूएसएसडी आधारित मोबाइल बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ एंड्रायड आधारित मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन की सुविधा देता है जो ग्राहकों को यात्रा के दौरान भी लेन-देन की सुविधा देते हैं.

बैंक ने अपनी ई-लाउंज सुविधा - 24x7 के आधार पर बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत सुविधा प्रदान करने हेतु तैयार की गई एक ऑटोमेटेड बैंकिंग सेवा- सितंबर 2014 में मुंबई में शुरू की तथा उसके बाद इसे देश के विभिन्न केन्द्रों में आरंभ किया गया है.

ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ियों के प्रति जागरूक बनाने और इन्हें रोकने के उद्देश्य से आपका बैंक यह सुनिश्चित करता है कि बैंक के ग्राहकों को समय-समय पर इसके द्वारा अपनाए गए सुरक्षा उपायों के बारे में ई-मेल, एसएमएस और विवरणियों में दी गई टिप्पणियों के माध्यम से जानकारी दी जाए. इसके अतिरिक्त, लॉगिन से पहले बैंक के नेट बैंकिंग पृष्ठ पर सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग के लिए सावधानी बरतने संबंधी पृष्ठ भी प्रदर्शित किया जाता है. आपके बैंक की वेबसाइट पर नेट बैंकिंग का उपयोग करने के दौरान सुरक्षा उपायों (क्या करें और क्या न करें) को भी प्रदर्शित किया गया है. सभी चैनल लेनदेनों के लिए ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं ताकि संभावित दुरुपयोग को रोका जा सके.

टीपीडी तथा पूंजी बाजार उत्पाद

आपका बैंक अपने ग्राहकों के वित्तीय लक्ष्यों तथा जोखिम प्रोफाईल को ध्यान में रखते हुए उन्हें मूल्यवर्धक सेवाएं पहुंचाने का लगातार प्रयास करता है. इस आशय से आपके बैंक ने अवरुद्ध राशि समर्थित ऑनलाइन आवेदन (एएसबीए) को सक्रिय कर इसे दिसंबर 2014 से अपने सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध करा दिया है. आपके बैंक ने अपने सभी ग्राहकों के लिए ऑनलाइन एनपीएस अभिदान को भी सक्रिय किया है.

आपका बैंक एनएसडीएल डाटाबेस मैनेजमेंट लि. (एनडीएमएल) के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक-इंश्योरेंस खाता (ई-आईए) शुरू कर सरकारी क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में ई-इंश्योरेंस खाता सुविधा शुरू करने वाला पहला बैंक बना है. ई-आईए किसी बीमा रिपोजिटरी से इलेक्ट्रॉनिक रूप में बीमा पॉलिसियों की खरीद और उसे धारण करने की सुविधा प्रदान करता है. किसी बीमाधारक की भौतिक रूप में मौजूदा पॉलिसियों को भी डीमैटेरियलाइज किया जा सकता है और ई-आईए में रखा जा सकता है. ई-आईए के माध्यम से बीमाधारक तेजी के साथ और सटीक रूप से बीमा पॉलिसियों में बदलाव, आशोधन और संशोधन भी कर सकते हैं.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के सर्वाधिक निर्बल वर्ग के लोगों को सस्ती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से उपयुक्त वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को प्रोत्साहन देने में नीति-निर्माताओं की भागीदारी में सक्रिय रहा है. वर्ष के दौरान बैंक द्वारा किए गए कुछ प्रमुख पहल कार्यों की चर्चा इस खंड में की गई है.

आपका बैंक समाज के सर्वाधिक निर्बल वर्ग के लोगों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को प्रोत्साहन देने में नीति-निर्माताओं की भागीदारी में सक्रिय रहा है.

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)

माननीय प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में वित्तीय समावेशन पर एक राष्ट्रीय मिशन के रूप में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) प्रारंभ करने की घोषणा की जो देश के सभी परिवारों जिसमें ग्रामीण एवं शहरी दोनों, समाज के कमजोर वर्ग, महिलाओं, छोटे एवं सीमांत किसानों और मजदूरों पर विशेष ध्यान देने के साथ उन्हें समर्थ बनाने तथा वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई है. इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक मूलभूत बैंक खाते के साथ बैंकिंग सुविधाओं की सभी तक पहुँच सुनिश्चित करना है. इसके अतिरिक्त इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ₹ 1 लाख की अंतर्निहित दुर्घटना बीमा सुरक्षा सहित रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए. पीएमजेडीवाई के अधीन पहली बार खाता खोलने वाले खाता-धारकों को ₹ 30,000 की जीवन बीमा सुरक्षा भी प्रदान की गई है जो कुछ निश्चित पात्रता मानदंडों के अधीन है. पीएमजेडीवाई योजना लाभार्थियों के खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और एलपीजी ग्राहकों के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल) योजनाओं के माध्यम से सरकारी लाभों को नियमित करने के लिए भी बनाई गई है.

कार्यक्रम के अंतर्गत, आपके बैंक ने रूपे डेबिट कार्ड सुविधा सहित 9.29 लाख खाते खोले और यह खाते ₹ 5,000/- तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा के लिए पात्र हैं. आपके बैंक ने अपने सीएसआर बजट से पीएमजेडीवाई हेतु आईबीए कोष निधि में ₹ 2.26 करोड़ की कुल राशि का योगदान भी किया है; जिसका सृजन पीएमजेडीवाई अभियान के लिए निधियाँ जुटाने हेतु किया गया.

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता को प्रभावी वित्तीय समावेशन और लाभार्थियों को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के एक महत्वपूर्ण भाग की पूर्वापेक्षा के रूप में निर्धारित किया गया है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में 'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र' नामक डेस्क स्थापित किए हैं जो मुद्रा के प्रबंधन, बचत की महत्ता, बैंकों में बचत के फायदे, बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई गई अन्य सुविधाएं, बैंकों से लिए उधारों के लाभ आदि पर शाखा में आने वाले ग्राहकों तथा शाखा से बाहर आयोजित साक्षरता कैंपों में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक की ग्रामीण शाखाओं ने ऐसे 842 बाह्य साक्षरता कैंपों का आयोजन किया. पीएमजेडीवाई कार्यक्रम के अधीन आपके बैंक ने पाँच मेगा-अकाउंट-ओपनिंग-कम-फाइनेंशियल साक्षरता कैंपों का आयोजन सिलवासा (दादर एवं नगर हवेली), ऋषिकेश (उत्तराखंड), सनावद (म.प्र.), पटना (बिहार) और नालासोपारा (महाराष्ट्र) में किया जिसमें बैंक के वरिष्ठ स्तरीय कार्यपालकों के साथ-साथ राज्य/ केंद्र सरकार के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए.

आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है, जिसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 'ए' ग्रेड से पुरस्कृत किया गया है. वर्ष के दौरान आईडीबीआई-आरएसईटीआई ने 18 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया.

आधार पंजीकरण

आपका बैंक आधार पंजीयन के लिए रजिस्ट्रार के रूप में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पास रजिस्टर्ड है. यूआईडीएआई को चार राज्यों अर्थात् बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पुनराबंटन के उपरांत आपके बैंक ने इन राज्यों में भी आधार पंजीयन का कार्य करने का निर्णय लिया है. आपके बैंक ने अब तक चार नए राज्यों सहित 14 राज्यों में 35.7 लाख निवासियों का पंजीयन कर दिया है.

एलपीजी (डीबीटीएल) योजना के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

भारत सरकार ने 15 नवंबर 2014 से 54 जिलों में और दिनांक 1 जनवरी 2015 से पूरे देश में एलपीजी ग्राहक (डीबीटीएल) योजना के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को फिर से शुरू किया है. पिछली योजना में जहां प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की सुविधा लेने हेतु आधार संख्या जरूरी थी वहीं अब आशोधित योजना के अधीन आधार संख्या या बैंक खाता संख्या के आधार पर लेनदेन किए जा सकेंगे.

आपके बैंक ने डीबीटी/ डीबीटीएल के महत्व के बारे में और बैंक खाते से आधार संख्या को जोड़ने हेतु आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेक कदम उठाए हैं. इनमें शाखा परिसर और एटीएम में नोटिस लगाने सहित ई-मेल और एसएमएस भी शामिल हैं. आधार को जोड़ने के भौतिक अनुरोध को स्वीकार करने के साथ बैंक के वैकल्पिक चैनलों अर्थात् एसएमएस, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, कॉल सेंटर ने भी प्रभावी रूप से खातों से आधार संख्या को जोड़ने का कार्य किया है. आपका बैंक यह सुनिश्चित करता है कि जोड़ी गई आधार संख्याओं को प्रतिदिन भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के मैपर में अपलोड किया जाए तथा 31 मार्च 2015 को 12.36 लाख खातों को आधार संख्याओं से जोड़ा गया है जिनमें से 3.56 लाख खाते पीएमजेडीवाई के अंतर्गत हैं. इसके बाद यथा 31 मार्च 2015 को आपके बैंक ने डीबीटीएल के तहत 12 लाख से अधिक लेनदेन किए.

9.29 लाख
2014-15 में खोले गए पीएमजेडीवाई खाते

₹ 2.26 करोड़
पीएमजेडीवाई अभियान के लिए
सीएसआर बजट से अंशदान

इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने रायपुर नगर निगम से प्राप्त अधिदेश के अनुसार रायपुर, छत्तीसगढ़ में 23,000 वृद्ध पेंशनरों को स्मार्ट कार्ड के जरिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण करना जारी रखा. आपके बैंक ने छत्तीसगढ़ के तीन जिलों की 192 ग्राम पंचायतों में लगभग एक लाख लाभार्थियों को मनरेगा मजदूरी के वितरण की परियोजना को भी जारी रखा. 31 मार्च 2015 तक आपके बैंक द्वारा लगभग 65,000 लाभार्थियों के खाते खोले गए.

इन पहलों के अतिरिक्त आपके बैंक ने समाज के कमजोर वर्ग और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय लोगों को घर तक बैंकिंग की सुविधा भी प्रदान की.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

आपका बैंक विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए अन्य बातों के साथ-साथ कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) क्षेत्रों को ऋण, साथ ही आवास ऋण और शिक्षा ऋण प्रदान करते हुए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है.

पीएसएल कारोबार पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से आपके बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त समूह का अपने रिटेल बैंकिंग समूह में विलय कर संगठनात्मक पुनर्संरचना का कार्य किया जिसने बैंक के सम्पूर्ण रिटेल नेटवर्क को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग करने में सक्षम बनाया. साथ ही, एक जबर्दस्त अंचल संरचना को भी निरूपित किया जिसके तहत शाखा/ क्षेत्र/अंचल स्तर पर ऋण वितरण में तीव्र और त्वरित निर्णय लेने हेतु अधिक शक्तियां प्रदान की गईं. बैंक ने पीएसएल प्रस्तावों को विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा शीघ्रता से प्रोसेस करने के उद्देश्य से 29 समर्पित ऋण प्रोसेसिंग केन्द्रों की स्थापना की. बैंक ने पीएसएल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए और अधिक सीपीसी खोलने की योजना बनाई है.

देश के स्थायी विकास में कृषि और एमएसई के महत्व को समझते हुए बैंक ने इस खंड में विभिन्न पहल-कार्य किए जिसमें विभिन्न कृषि और एमएसई समूहों में इन खंडों में उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं के बारे में शिक्षित करने और जागरूकता फैलाने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन करना सम्मिलित है. आपके बैंक ने विभिन्न अंशधारकों द्वारा आयोजित विभिन्न सम्मेलनों, व्यापार मेलों और संवर्धनात्मक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लिया.

अपने कृषि उधार पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के लिए, किसानों/ किसानों के समूह, कृषि से संबद्ध कॉरपोरेट या सहकारी संस्थाओं, कृषि प्रसंस्करण इकाइयों और कृषि क्षेत्रों को सहायता देने वाली संस्थाओं को सीधे ऋण देने के लिए बैंक ने देश भर में विशेष टीमें बनाई हैं जो इन सभी घटकों के लिए ऋण की सुविधा प्रदान करती हैं. इन टीमों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषक समुदायों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई जिससे कृषिगत आय पर सकारात्मक परिणाम होगा और फलस्वरूप ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में भी सुधार होगा. आपका बैंक कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण में शामिल कॉरपोरेट एवं सहकारी संस्थाओं के साथ गठजोड़ कर कृषिगत देयताओं में वृद्धि करने पर अपना ध्यान केन्द्रित करता रहा है, बैंक ने फसलों की खेती एवं उससे संबद्ध गतिविधियों के लक्ष्य को

ध्यान में रखते हुए अपना पूरा ध्यान किसानों को सीधे रिटेल उधार देने पर लगाया. खरीफ और रबी फसलों के मौसम के दौरान आपके बैंक ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए अभियान चलाया. सभी किसान क्रेडिट कार्डों का रूपांतरण एटीएम समर्थित डेबिट कार्डों में करने के वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक ने केसीसी एटीएम-सह-डेबिट कार्ड को रुपे प्लेटफॉर्म पर आरंभ किया.

आपके बैंक ने ग्रामीण शाखाओं के तहत आने वाले गांवों में किसान क्लब के गठन को प्रोत्साहित करना जारी रखा है, बैंक किसान क्लब के सदस्यों को बुनियादी स्तर पर कृषि को बढ़ावा देने वाला बुनियादी कार्यकर्ता मानता है. बैंक उन्हें अपने सदस्य किसानों के बीच जानकारी साझा करने से लेकर सभी गतिविधियों में सहायता प्रदान करता है. बैंक ने पूरे देश में विभिन्न कृषि प्रदर्शनियों, 'किसान मेलों' और 'ऋण मेलों' में भागीदारी के माध्यम से किसानों तथा अन्य कृषिगत मध्यस्थों के साथ सहभागिता को बढ़ाने का काम किया है.

आपके बैंक ने नई कृषि ऋण योजना अर्थात् किसान बहुउद्देशीय मीयादी ऋण, किसान वाहन ऋण और कृषि उन्नति आरंभ किया है तथा कृषिगत उत्पादों के दृष्टिबंधन पर किसानों, राज्य विशेष कृषि क्लस्टर योजना के तहत चावल मिलों, दाल मिलों, पोहा मिलों, कोपरा (गरी) प्रसंस्करण के लिए निधियां देनी शुरू की हैं. छः क्षेत्रों में क्षेत्र विशेष ऋण योजनाएं भी शुरू की गई हैं.

उभरते कृषि क्षेत्र में संभावनाओं का फायदा उठाने के उद्देश्य से प्रधान कार्यालय स्तर पर हाई-टेक कृषि कक्ष की स्थापना की गई है. इस कक्ष ने शाखाओं के लाभ के लिए 15 मॉडल परियोजनाएं आरंभ की हैं तथा इसमें परामर्शी सेवाएं प्रदान करने की क्षमता है.

देश के सुदूरतम भाग तक पहुँचने के लिए आपके बैंक ने देश भर में 46 कारोबार प्रतिनिधि/ कारोबार सुविधाकर्ता (बीसी/ बीएफ) नियुक्त किए हैं. साथ ही इस चैनल के तहत सृजित खातों को खोलने एवं उनकी देख-रेख के लिए सुदृढ़ आईटी प्लेटफॉर्म विकसित किया है. बैंक ने इस क्षेत्र में शाखा अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से 1400 वैयक्तिक बीसी/ बीएफ नियुक्त किए हैं. बैंक का यह सतत प्रयास है कि इस चैनल को आगे और बढ़ाते हुए अपने ग्राहकों के साथ रिश्तों को और भी मजबूत किया जाए.

देश के आर्थिक विकास में एमएसई क्षेत्र के महत्व को समझते हुए एमएसई को आपके बैंक की कारोबार रणनीति में विशेष प्रमुखता दी गई है. एमएसई क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने विभिन्न कॉरपोरेट समूहों के साथ गठजोड़ किया है. बैंक ने एमएसई को बैंकिंग दायरे में लाने तथा उनकी विभिन्न बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से कई एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.

आपके बैंक ने पूरे देश में एमएसई का वित्तपोषण करने के उद्देश्य से क्लस्टर दृष्टिकोण अपनाया है तथा इस दृष्टिकोण को सार्थक दिशा देने के उद्देश्य से कई अध्ययन किए जा रहे हैं. इस समय एमएसई क्षेत्र के अग्रिमों को बढ़ाने के उद्देश्य से 10 क्लस्टरों के लिए विशेष योजनाएं तैयार की गई हैं.

उभरते कृषि क्षेत्र में संभावनाओं का फायदा उठाने के उद्देश्य से प्रधान कार्यालय स्तर पर हाई-टेक कृषि कक्ष की स्थापना की गई है. इस कक्ष ने शाखाओं के लाभ के लिए 15 मॉडल परियोजनाएं आरंभ की हैं तथा इसमें परामर्शी सेवाएं प्रदान करने की क्षमता है.

एमएसई क्षेत्र के लिए आपके बैंक ने 'सामान्य क्रेडिट कार्ड' आरंभ किया है. तीव्र तथा झंझटमुक्त ऋण प्रक्रिया के लिए आपके बैंक ने अपने उत्पाद एवं सेवा प्रस्तावों के साथ-साथ ऋण आवेदनों की प्रक्रिया को भी सरल बनाया है. उत्पाद विकास एवं संशोधन बैंक की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है.

यह परिकल्पित है कि इन पहलों से आपके बैंक को गुणवत्तापूर्ण, सुदृढ़ और स्थाई पीएसएल पोर्टफोलियो बनाने में सहायता मिलेगी तथा बैंक की सभी शाखाओं एवं खंडों तक इसे फैलाने में मदद मिलेगी जिससे सांविधिक आवश्यकताओं के साथ-साथ सभी अंशधारकों की अपेक्षाओं को भी पूरा किया जा सकेगा.

कॉरपोरेट वित्त

बैंक का कॉरपोरेट कारोबार समूह (सीबीजी) अपने कॉरपोरेट ग्राहकों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखता है. बैंक के कारोबार को प्रभावी रूप से चलाने और मध्यम आकार के अधिक से अधिक कॉरपोरेट ग्राहकों के अधिग्रहण द्वारा क्रेडिट पोर्टफोलियो को जोखिमरहित और विकेंद्रित करने के अपने ध्येय के अनुरूप और बृहत आकार एवं मध्यम आकार के क्रेडिट पोर्टफोलियो के लिए संकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाने हेतु बैंक के सीबीजी वर्टिकल को दो हिस्सों में यथा सीबीजी-I वृहत आकार के खाते देखने के लिए और सीबीजी-II मध्यम आकार के खाते देखने के लिए संरचित किया गया है. इसके साथ-साथ संकेद्रित जोखिम से बचने के लिए अपने पोर्टफोलियो को विभिन्न वर्गों में विभाजित करने और कॉरपोरेट ग्राहकों से अधिक गैर-निधि व्यवसाय/ शुल्क आधारित आय प्राप्त करने की रणनीति अपनायी गई है. सीबीजी सक्रिय रूप से व्यापार वित्त, सरकारी कारोबार, नकद प्रबंधन सेवाओं, वेतन खातों और ट्रेजरी सेवाओं के जरिए मौजूदा ग्राहकों के साथ रिश्तों को गहरा बनाने में लगा है.

आपका बैंक भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार की प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) के तहत वस्त्र उद्योग (गैर एमएसएमई क्षेत्र) के लिए नोडल एजेंसी है. इस योजना के तहत नोडल बैंक के रूप में अखिल भारतीय स्तर पर अपने बैंक के ग्राहकों से संबंधित मामलों की प्रोसेसिंग के अलावा आपके बैंक को 61 प्रमुख ऋणदात्री संस्थाओं में शामिल किया गया है जिनमें वाणिज्यिक बैंक, एआईएफआई, एसएफसी, एसआईडीसी और सहकारी बैंक शामिल हैं. सरकार ने हाल ही में 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक प्रभावी 'संशोधित पुनर्संरचित टीयूएफएस-(आरआरटीयूएफएस)' के रूप में इस योजना को फिर से शुरू किया है.

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा हाल में जारी परिपत्र के अनुसार आपका बैंक भी 'चीनी उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना, 2014' के तहत चीनी मिलों को ऋण देता है.

बुनियादी क्षेत्र को वित्त

भारत के समग्र आर्थिक विकास में बुनियादी क्षेत्र के महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने इसे प्राथमिकता दी है. अपनी पूर्ववर्ती संस्था भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, जो सुधार युग से पहले देश की सर्वोच्च विकास वित्तीय संस्था रही है, के बुनियादी परियोजनाओं के वित्तपोषण के शानदार इतिहास की विरासत के साथ आपका बैंक इस क्षेत्र में बृहत बुनियादी परियोजनाओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए एक समर्पित वर्टिकल- इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट समूह (आईसीजी) के साथ लगातार अग्रणी बना हुआ है.

आपके बैंक का आईसीजी वर्टिकल देश में अपनी समर्पित घरेलू शाखाओं एवं दुबई स्थित एक विदेशी शाखा के माध्यम से परियोजनाओं को सहायता उपलब्ध करा रहा है. इन सभी शाखाओं को प्रधान कार्यालय स्थित परियोजना मूल्यांकन टीम द्वारा सहायता प्रदान की जाती है तथा बुनियादी परियोजनाओं में लगे ग्राहकों को संपूर्ण समाधान उपलब्ध कराए जाते हैं.

वर्टिकल के तहत आपके बैंक के पोर्टफोलियो में 50,000 मेगावाट से अधिक की कुल उत्पादन क्षमता की बिजली परियोजनाएं, 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दे रहे दूर संचार सेवाप्रदाता, 7,000 किमी से अधिक की राजमार्ग परियोजनाएं, पूर्वोत्तर एवं पश्चिमोत्तर तटों पर बंदरगाह, पांच मिलियन उपभोक्ताओं के आधार को सेवा देने में लगी बिजली वितरण कंपनियां, मेट्रो रेल परियोजना, शहरी बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक के अलावा निजी क्षेत्र द्वारा संचालित देश के बड़े हवाई अड्डे शामिल हैं .

पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था में चारों ओर छाई मंदी के साथ-साथ निर्माण उद्योग में प्राप्य राशियों के न मिलने, बिजली कंपनियों में ईंधन से संबंधित मुद्दे, बिजली वितरण कंपनियों की चलनिधि में रुकावट आदि कारकों ने बुनियादी कंपनियों की वित्तीय स्थिति को प्रभावित किया. आपके बैंक का इस क्षेत्र से लंबे समय तक जुड़े रहने के कारण गहन अनुभव है तथा बैंक ने सावधानी से उन परियोजना प्रस्तावों पर पुन: विचार किया जो फिर से अपने पैरों पर खड़ी हो सकती थीं और उन परियोजनाओं के पुनर्वित्त/ पुनर्संरचना/ प्रतिभूतिकरण आदि के जरिये उन्हें सहायता प्रदान की. साथ ही आपके बैंक ने ऋण मूल्यांकन, सुपुर्दगी एवं प्रशासन की प्रक्रिया में उचित संशोधन किया है.

आपका बैंक विभिन्न विभागों/ मंत्रालयों को आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण जानकारी देकर इस क्षेत्र के उच्च विकास हेतु भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न उपायों में शामिल रहा है.

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पर्यावरण बैंकिंग में अग्रणी भूमिका निभाई है.

भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना (आईसीईईपी) की कार्यान्वयन इकाई (पीआईई) और वित्तीय मध्यवर्ती (एफआई) के रूप में कार्य

ऋण समूहन, संरचनागत एवं सलाहकारी सेवाएं

आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों अर्थात् बुनियादी, निर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए परियोजना मूल्यांकन ऋण समूहन, संरचनागत व सलाहकारी सेवाएं देने में सक्रिय रहा है. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान परियोजना मूल्यांकन और ऋण समूहन के लिए कई अधिदेश प्राप्त किए हैं. आपका बैंक भारत में प्रमुख ऋण समूहनकर्ता के रूप में हमेशा से जाना जाता रहा है.

हरित बैंकिंग

आपके बैंक ने भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पर्यावरण बैंकिंग में अग्रणी भूमिका निभाई है और पिछले दो दशकों से इस क्षेत्र में सक्रिय रहा है. विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के अलावा आपका बैंक क्योटो प्रोटोकॉल तथा स्वैच्छिक उत्सर्जन न्यूनीकरण (वीईआर) के अंतर्गत स्वच्छता विकास व्यवस्था (सीडीएम)/ कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान कर रहा है. आपका बैंक पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से विभिन्न बहुपक्षीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनुदान निधियों के संवितरण को सुगम बनाने के लिए विश्व बैंक और अन्य बहुपक्षीय एजेंसियों के साथ मिलकर वित्तीय एजेंसी (एफए) के रूप में कार्य कर रहा है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपका बैंक जो सीटीसी क्षेत्र प्लान कार्यान्वयन परियोजना - ओडीएस IV के लिए वित्तीय एजेंसी (एफए) के रूप में कार्य कर रहा था; ने परियोजना को पूरा कर लिया है. सीटीसी के उत्पादन और प्रयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने के लिए इस परियोजना को दिसंबर 2004 में आरंभ किया गया था.

आपका बैंक 26 अगस्त 2009 के अनुदान करार के अनुसार ओडीएस को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए तैयार की गई एक अनूठी परियोजना - भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना (आईसीईईपी) के कार्यान्वयन इकाई (पीआईई) और वित्तीय मध्यवर्ती (एफआई) के रूप में कार्य कर रहा है. इस परियोजना का उद्देश्य मौजूदा पुराने सीएफसी चिलर को नए गैर-सीएफसी ऊर्जा कुशल चिलरों से बदलना है. आईसीईईपी की कुल मूल निधि 7.3 मिलियन अमरीकी डालर है और इसे ग्लोबल एन्वायरनमेंट सुविधा (जीईएफ) तथा ओज़ोन ट्रस्ट फंड (ओटीएफ) द्वारा निधियां प्रदान की जाती हैं. परियोजना ने चरणबद्ध तरीके से सीएफसी चिलर को समाप्त करने के परियोजना विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया है तथा अपने परिचालन में ऊर्जा दक्षता के साथ लाभार्थियों ने लगभग 6,800 किग्रा. सीएफसी (जो पुराने चिलरों में इस्तेमाल होने वाला ओडीएस रेफ्रिजरेंट है) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया है. परियोजना के लिए संवितरण अवधि को बढ़ाकर कर 30 अप्रैल 2015 कर दिया गया है.

आपका बैंक उन चुनिंदा सरकारी क्षेत्र के बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में से एक है जो कार्बन डिस्क्लोजर परियोजना (सीडीपी) के हस्ताक्षरकर्ता हैं. बैंक का यह कदम कार्बन को कम करने के लिए एक जिम्मेदार कारोबारी

व्यवस्था की दिशा में किए गए पहल कार्यों को सहयोग देने में से एक है. इसके अतिरिक्त, आपका बैंक अपने कार्बन पदचिन्हों को कम करने के लिए विभिन्न पहल कार्य कर रहा है जिसमें ऊर्जा बचाने वाली लाइटिंग की शुरुआत करना, सोलर पैनल एवं सोलर वॉटर हीटर लगाना शामिल है. ये कदम जल और ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने में सहायक हैं.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की अधिकाधिक वसूली और साथ ही मौजूदा एनपीए को अपग्रेड करने के लिए एनपीए की बारीकी से छानबीन करना जारी रखा है. आस्ति गुणवत्ता में किसी भी तरह की गिरावट को रोकने के लिए आपके बैंक ने उचित रक्षात्मक उपायों को अपनाया है. आपके बैंक ने अनुशासित ऋण जोखिम प्रबंधन के माध्यम से आस्ति गुणवत्ता के संबंध में उच्च मानक भी बनाए हैं. साथ ही विवेक सम्मत तरीके से जोखिम नियंत्रण के साथ अधिकतम लाभ के लिए आस्ति वृद्धि पर भी ध्यान दिया है.

मार्च 2015 के अंत में आपके बैंक की ऋण आस्तियों में से 94.12% ऋण आस्तियां मानक थीं; 1.40% आस्तियां अवमानक थीं; जबकि संदिग्ध आस्तियां 4.34% रहीं तथा बैंक की ऋण आस्तियों में 0.14% हानि आस्तियां बनी हैं, जिनके लिए विवेकपूर्ण विनियमों के अनुपालन में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं.

आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता सुधारने के लिए विभिन्न तरीकों से वसूली के तीव्र प्रयासों को जारी रखा है जिसके परिणाम स्वरूप इसमें काफी सुधार आया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने पोर्टफोलियो की गैर-निष्पादित आस्तियों / पूर्णतः बट्टे-खाते डाले गए (एनपीए/एफडब्ल्यूओ) मामलों के निपटान के लिए कई कदम उठाए हैं. सभी एनपीए मामलों के लिए संकेंद्रित एवं खाता-विशिष्ट समाधान संबंधी रणनीति अपनाई गई तथा इनकी निरंतर निगरानी रखी गई. एनपीए को अपग्रेड कर इसे निष्पादित आस्तियों में लाने पर भी जोर दिया गया. ऐसे मामलों में जहां इकाइयों को फिर से चालू किया जा सकता है, वहाँ आस्तियों की पुनर्संरचना के लिए कई कदम उठाए गए. इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने चूक की स्थिति में सरफेसी अधिनियम के तहत प्रवर्तन कार्रवाई करने के साथ एकबारगी निपटान/ बातचीत कर निपटान (ओटीएस/एनएस), कानूनी कार्रवाई भी शुरू की है, साथ ही, इसके तहत प्रबंधन में बदलाव, आस्ति पुनर्संरचना कंपनी (एआरसी) को आस्तियों की बिक्री, शीघ्र कार्यान्वयन तथा डिक्री प्राप्त करने में न्यूनतम देरी के लिए नियमित आधार पर ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के साथ अनुवर्ती कार्रवाई तथा सामरिक निवेशकर्ता को शामिल किया गया है. आपके बैंक ने लघु एवं पुराने एनपीए/ एफडबल्यूओ मामलों के त्वरित निपटान के लिए संदिग्ध आस्तियों (डीए 3), ₹ 1 करोड़ तक की मूलधन बकाया वाली हानि और एफडबल्यूओ के मामलों के त्वरित निपटान के लिए 2014-15 की चौथी तिमाही में एक विशेष वसूली अभियान चलाया. साथ ही वसूली अभियान को बढ़ावा देने, अधिकतम वसूली और संबंधित स्टाफ सदस्यों को प्रेरित करने हेतु पूरे देश में एक प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई.

सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई किए गए सभी मामलों में वसूली एजेंट/ प्रवर्तन एजेंट को नियुक्त किया गया. साथ ही, ऐसे वसूली एजेंटों

सभी एनपीए मामलों के लिए संकेंद्रित एवं खाता-विशिष्ट समाधान संबंधी रणनीति अपनाई गई तथा इनकी निरंतर निगरानी रखीं गई. एनपीए को अपग्रेड कर इसे निष्पादित आस्तियों में लाने पर भी जोर दिया गया.

की नियुक्ति का अनुमोदन बोर्ड ने भी किया है जिनका अन्य बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों (एफआई) के साथ मामलों के निपटान में अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है. उपर्युक्त के अलावा निजी गुप्तचर एजेंसी तथा बैंक द्वारा स्वतंत्र रूप से की गई पूछताछ/ जांच द्वारा गारंटरों की संपत्ति का मूल्यांकन करने के बाद डीआरटी के माध्यम से गारंटरों की संपत्ति को जब्त करने का संकेंद्रित प्रयास किया गया.

व्यापार वित्त

आपका बैंक लगातार अपने घरेलू कारोबार के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वित्त (टीएफ) कारोबार में प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहा है.

निर्यातकों को समय पर प्रतिस्पर्धी दर पर विदेशी मुद्रा निधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ने विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए अपने विदेशी संपर्क बैंकों के साथ गठजोड़ किया है.

इस अवधि के दौरान आपके बैंक ने सम्पूर्ण भारत में सर्व सुविधा संपन्न व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्र (विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत डीलर) खोले हैं. साथ ही, अंतर्देशीय टीएफ कारोबार (एलसी/ बीजी) करने के लिए 60 से अधिक खुदरा बैंकिंग शाखाएं सक्षम बनाई गई हैं ताकि अधिकतर घरेलू टीएफ ग्राहकों तक पहुँच बनाई जा सके.

बैंक ने व्यापार वित्त कारोबार को सुगम बनाने के लिए विदेशी बैंकों के साथ सुदृढ़ संबंध बनाए रखे हैं. अवधि के दौरान बैंक ने 64 प्रमुख विदेशी बैंकों के साथ आरएमए (संबंध प्रबंधन अनुप्रयोग) स्थापित किया जिससे आरएमए संख्या बढ़कर 1,506 हो गई. इस बढ़े हुए नेटवर्क के साथ आपका बैंक विश्व के अधिकांश भौगोलिक क्षेत्रों के साथ द्विपक्षीय व्यापार लेनदेनों को निपटाने में सक्षम है.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों से प्राप्त राशियों और भुगतानों का प्रबंध करने के लिए एजेंट का कार्य करता है. इसके अलावा यह केंद्र सरकार के करों को संग्रहित करने के साथ आयकर, टीडीएस, निगम कर, उत्पाद कर, सेवा कर और सीमा शुल्क भुगतानों के लिए प्राधिकृत है. साथ ही आपके बैंक के पास वाणिज्यिक कर और 18 राज्य सरकारों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अन्य सरकारी प्राप्तियों को संग्रहित करने का भी अधिकार है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न करों और केंद्र तथा राज्य सरकारों की ओर से शुल्क भुगतानों के रूप में ₹ 2.22 लाख करोड़ संग्रहित किए हैं.

अपने सरकारी कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ बैंक केंद्र और राज्य सरकारों की आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में अग्रणी रहा है और इसने उनकी ओर से लेनदेनों को पूरा करने के लिए संबंधित सॉफ्टवेयर

विकसित करने में पहल की है. इसके अलावा उनके संबंधित शुल्क/ कर दाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों की ट्रेजरी के साथ संयोजन किया है. इसके साथ, आपका बैंक अपने सरकारी कारोबार की भौगोलिक सीमाओं को भी लगातार बढ़ा रहा है.

अपने सर्वोत्तम तकनीकी प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देते हुए बैंक अन्य बातों के साथ-साथ कर भुगतानों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करता है. आपका बैंक अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से जनता की सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) को स्वीकार करने और संचालित करने के लिए भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त है. आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई 'जीवन प्रमाण योजना' के अंतर्गत पेंशनधारकों द्वारा अपने 'डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र' को लॉग इन करने और जमा करने के लिए केन्द्रीय और रक्षा क्षेत्र के पेंशनधारकों के लिए जीवन प्रमाणपत्र को आधार आधारित प्रमाणीकरण के लिए भी सुविधा प्रदान की है.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

आपके बैंक की नकदी प्रबंधन सेवा (सीएमएस) विशेषीकृत सॉफ्टवेयर का नियंत्रित तरीके से उपयोग करते हुए ग्राहकों के निधि संचलन पर ध्यान रखने, भुगतानों के रखरखाव और प्राप्य प्रणालियों और कॉरपोरेट की सम्पूर्ण चलनिधि स्थिति के प्रबंधन का कार्य करती है.

आपका बैंक संग्रहण के विभिन्न प्रकारों और भुगतान उत्पादों के साथ कर्ज चुकौती उत्पादों, वर्चुअल खाता प्रणाली, ई-फ्रेट भुगतान सुविधा, प्रत्यक्ष नामे सुविधा, वेंडर प्रबंधन प्रणाली इत्यादि की सुविधाएं प्रदान करता है जो ग्राहक सिस्टम के साथ आधुनिकतम तकनीकी एकीकरण पर आधारित हैं और विकसित बाजार-प्रवृत्ति के अनुरूप हैं.

आपके बैंक ने बृहत् सरकारी क्षेत्र की इकाईयों (पीएसयू) तथा अन्य निगमों से वर्ष के दौरान प्रतिष्ठत लाभांश वितरण अधिदेशों को प्राप्त करना जारी रखा और इस क्षेत्र में अपनी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति बनाए रखी.

आपका बैंक वर्चुअल खाता सिस्टम उपलब्ध करता है जो विप्रेषक पहचान के लिए एक तकनीकी चैनल है जिसके द्वारा ग्राहक के खातों में विप्रेषक आधार पर प्राप्तियों का वर्गीकरण किया जाता है और इसे ग्राहकों को आसान समाधान के लिए संरचित फॉर्मेट में प्रस्तुत किया जाता है.

आपका बैंक भारतीय रेल के ई-फ्रेट भुगतान सिस्टम के लिए रेल के छह अंचलों में ई-फ्रेट संग्रहण हेतु प्राधिकृत संस्था है और इसने वर्ष के दौरान अधिक से अधिक रेल अंचलों को प्राप्त करने की कोशिश जारी रखी.

चूंकि सीएमएस बैंक का एक प्रमुख कार्यक्षेत्र है, इसलिए कई सिस्टमों को बेहतर बनाने अर्थात् स्ट्रेट-थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी), ऑपरेटिंग सिस्टम के उच्चतर संस्करण के साथ सिस्टम की कंपैटेबिलिटी, तत्काल भुगतान सेवाओं (आईएमपीएस), डिजिटल हस्ताक्षर और अन्य विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है.

94.12%
मानक ऋण आस्तियां

₹ 2.22 लाख करोड़
केंद्र और राज्य सरकारों की
ओर से संग्रहित कर एवं शुल्क

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें निधियों के बेहतर प्रबंधन तथा ट्रेजरी परिचालन के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी क्रय-विक्रय परिचालनों से संबंधित कार्य किए जाते हैं. ट्रेजरी नकदी रिज़र्व अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) के विनियामक अनुपालन का प्रबंधन करते समय ग्राहक को बाजार उत्पादों में लेनदेन, संसाधन जुटाने, विभिन्न बाजार खंडों में व्यापार और बाजार निर्माण के कार्य में सुगमता प्रदान करता है. आपके बैंक के ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण समाधान देने तथा सक्षम कारोबार परिचालन के लिए ट्रेजरी विभाग अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त है.

जमाराशियों के संग्रहण के अतिरिक्त आपके बैंक ने तुलन पत्र में वृद्धि और देयताओं की परिपक्वता के भुगतान हेतु चलनिधि का प्रबंध करने के लिए जमा प्रमाणपत्र, अंतर बैंक उधार राशियां, बांडों के निर्गम, विभिन्न स्रोतों से पुनर्वित्त और विदेशी मुद्रा उधार राशियों सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया. चलनिधि को विभिन्न अल्पावधि/ मुद्रा बाजार लिखतों के माध्यम से निधि तथा बाजार की स्थिति के आधार पर उपयुक्त स्तर पर रखा गया. आपका बैंक लगातार बाज़ारों के रुख पर भी नजर रखता है तथा व्यापार लाभ के लिए स्वीकार्य स्तर के तरीके अपनाता है.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक ने वर्ष के दौरान चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर), चलनिधि जोखिम प्रबंधन टूल्स और उन्नत चलनिधि जोखिम प्रबंधन के लिए एलसीआर प्रकटन मानकों को शामिल करते हुए चलनिधि मानकों पर बासेल III रूपरेखा को कार्यान्वित किया है.

आपके बैंक की ट्रेजरी की 12 केन्द्रों में फैली हुई एक बड़ी सेल्स टीम है जो विदेशी मुद्रा-विनिमय और डेरिवेटिव उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करती है. यह टीम कॉरपोरेट ग्राहकों से नियमित रूप से संपर्क में रहती है और मुद्रा तथा दरों में एक्सपोजर का प्रभावी तरीके से प्रबंधन करने के लिए तत्परतापूर्वक समाधान करती है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ग्राहकों को उनकी विदेशी मुद्रा आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके ब्याज दर जोखिम तथा विदेशी विनिमय दर जोखिम से बचाव के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत विकल्पों व स्वैपों के जरिए प्रतिस्पर्धी दरों पर विभिन्न प्रकार के ग्राहकीकृत समाधान प्रदान किए.

इसके अलावा आपके बैंक ने सामान्यतः नियत आय उत्पादों तथा विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए विभिन्न केन्द्रों पर ऋण विक्रय टीमों का गठन किया है. यह टीम विशेष रूप से स्क्रीन आधारित

एनडीएस-ओएम मार्केट से बाहर के लेनदेन करने हेतु निवेशकों की आवश्यकताएं पूरी करती है.

आपका बैंक ट्रेजरी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों में अग्रणी रहा जो बाजार विकास में परोक्ष रूप से योगदान कर रहे हैं. निवेशकों को उनके खरीदे गए स्टॉक पर प्रतिदिन मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) स्थिति उपलब्ध कराने हेतु 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सैक पोर्टल' को पुनर्निर्मित किया गया है जो भारत सरकार द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियों में कारोबार के इच्छुक रिटेल निवशकों के लिए बनाया गया है. बैंक का 'आईडीबीआई समृध्दि सीडी' पोर्टल देश में रिटेल निवेशकों के लिए पहला ऑनलाइन सीडी पोर्टल है जिसे रिटेल निवेशकों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. कॉरपोरेट बांडों में रेपो के विकास हेतु विभिन्न बाजार प्रतियोगी वैश्विक प्रधान पुनर्खरीद करारों (जीएमआरए) को प्रारम्भ करने में आपके बैंक का अग्रणी स्थान बना रहा.

सुसाध्य स्फीतिकारी स्थितियों के अनुसरण में ब्याज दर क्षेत्र में बाजार स्थितियां, लिखतों और परिपक्वता में ब्याज दरों की गिरावट के साथ कम अस्थिर रहीं. वर्ष के दौरान रुपये की विनिमय दर भी सामान्यत: स्थिर रही है. आपके बैंक ने उभरते बाजार परिवर्तनों पर लगातार पैनी नजर रखी तथा चलनिधि, ब्याज दर और विनिमय एक्सपोजर के तत्पर प्रबंधन को नियमित रूप से सुनिश्चित किया. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा की गई विभिन्न पहलों जैसे 14 दिन परिवर्ती दर टर्म रेपो, परिवर्ती दर रेपो/ रिवर्स रेपो में सक्रिय रूप से भागीदारी की और उनमें सम्मिलित हुआ.

प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार में आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा जुटाए गए विभिन्न अवधियों के ऋण की पर्याप्त राशि की हामीदारी दी है. आपके बैंक ने नीलामी बोली प्रक्रियाओं में भाग लेकर निधियाँ जुटाने में विभिन्न राज्य सरकारों को सहायता भी प्रदान की है. टी-बिल खंड में भी प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार ने अपेक्षित सफलता अनुपात और सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों व टी-बिलों में गौण बाजार टर्नओवर को हासिल करने के संबंध में सभी लागू वचनबद्धताओं को पूरा किया है.

सीमा पार शाखाएं

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई स्थित बैंक की विदेश शाखा है जिसने अपने परिचालनों का पाँच वर्ष से कुछ अधिक का समय पूरा कर लिया है. आपका बैंक डीआईएफसी शाखा के माध्यम से भारतीय ग्राहकों के भारतीय परिचालनों और समुद्रपारीय उद्यमों के लिए निधि संबंधी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) प्रदान करने, ईसीबी/ एफसीएल के विदेशी मुद्रा ऋण (एफसीएल) समूहन तथा व्यापार वित्त उत्पादों सहित विभिन्न प्रकार की कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है.

आपका बैंक विदेश में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के अवसरों की भी तलाश कर रहा है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा दोनों उधारों के लिए ऋण रेटिंग प्राप्त करता है. रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग निम्नानुसार है :

आपके बैंक ने बांड जारी कर कुल ₹ 6,500 करोड़ की राशि जुटाई जिसमें बासेल III अनुपालन अतिरिक्त टीयर 1 बांड (₹ 2,500 करोड़) तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड (₹ 4,000 करोड़) शामिल हैं.

रुपया उधार राशियों के लिए रेटिंग

(यथा 31 मार्च 2015)

	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग एण्ड रिसर्च
सावधि जमाराशियां	एफएएए/ स्टेबल	एमएए+	इंड टीएएए
अल्पावधि उधार राशियां (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1+	इंड ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टीयर II बांड)	क्रिसिल एए+/ निगेटिव	[इक्रा] एए+ / निगेटिव	इंड एए+
हायब्रिड - अपर टीयर II बांड)	क्रिसिल एए/ निगेटिव	[इक्रा] एए/ निगेटिव	इंड एए-
हायब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल एए/ निगेटिव	[इक्रा] एए/ निगेटिव	----
हायब्रिड - एटी1 (बासेल III)	क्रिसिल एए- / निगेटिव	[इक्रा] एए-/ निगेटिव	इंड एए-

बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग तीन अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों अर्थात् मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज़), स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) तथा फिच रेटिंग (फिच) द्वारा की जाती है. दीर्घावधि विदेशी करेंसी रेटिंग और बैंक वित्तीय क्षमता की रेटिंग (बीएफएसआर)/ स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

(यथा 31 मार्च 2015)

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग
मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज़)	
दीर्घावधि रेटिंग	बीएए3/स्टेबल
बैंक की वित्तीय क्षमता रेटिंग (बीएफएसआर)	डी-/ निगेटिव
फिच रेटिंग्स	
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबीबी- /स्टेबल
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	बीबी
स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी)	
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (आईसीआर)	बीबी+ /स्टेबल
स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)	बीबी

दीर्घावधि रुपया उधार राशियां

वर्ष के दौरान बैंक ने बांड जारी कर कुल ₹ 6,500 करोड़ की राशि जुटाई जिसमें बासेल III अनुपालन अतिरिक्त टीयर 1 बांड (₹ 2,500 करोड़) तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड (₹ 4,000 करोड़) शामिल हैं.

विदेशी मुद्रा संसाधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा के समतुल्य 3,388 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि जुटाई जिसमें (i) अक्तूबर 2013 में

केएफडब्ल्यू, जर्मनी से 10 वर्षों के 340 मिलियन अमरीकी डॉलर संविदा में से 40 मिलियन अमरीकी डालर जुटाई गई (ii) बैंकों से 2,998 मिलियन अमरीकी डालर की राशि अल्पावधि उधारों के रूप में जुटाई गई तथा (iii) 5 बिलियन अमरीकी डालर मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के अंतर्गत 350 मिलियन अमरीकी डालर बांड निर्गमों के जरिए जुटाए गए.

आपके बैंक ने डीआईएफसी शाखा, दुबई के माध्यम से 245 मिलियन अमरीकी डालर (200 मिलियन यूरो के समतुल्य) की राशि का 10 वर्षीय ऋण के लिए करार किया है और आपके बैंक द्वारा सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) को बैंकिंग प्रतिनिधि/ बैंकिंग सुगमकर्ता (बीसी/बीएफ) मॉडल के अंतर्गत मंजूर किए गए ऋणों का वित्तपोषण करने के लिए केएफडब्ल्यू, जर्मनी के साथ करार किया गया है.

दिनांक 31 मार्च 2015 तक भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक संव्यवहार योजना के अंतर्गत उधार की बकाया राशि (350.40 मिलियन अमरीकी डालर), बैंक की टीयर-I पूंजी के 100% की आरबीआई अनुबद्ध समग्र अनुमत सीमा के भीतर थी.

यथा 31 मार्च 2015 को एमटीएन कार्यक्रमों के अधीन आपके बैंक का कुल निर्गम बकाया 2.31 बिलियन अमरीकी डालर था.

जोखिम प्रबंध

आपका बैंक अपने सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता बढ़ाकर और उसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाकर जोखिम संस्कृति में सुधार लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है. समग्र जोखिम प्रबंध की जिम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की है किन्तु दैनंदिन कार्यकलाप जोखिम अभिशासन संरचना पर आधारित विभिन्न स्तरों पर किए जाते हैं.

आपके बैंक का जोखिम प्रबंध दर्शन शेयरधारकों के मूल्य में सतत् वृद्धि और पूंजी के विवेकपूर्ण उपयोग से संचालित होता है. जोखिम प्रबंध रणनीति चालू आधार पर कारोबार जोखिमों के अभिनिर्धारण, आकलन, निगरानी तथा नियंत्रण पर आधारित है जिससे पूंजी का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके. आपका बैंक न्यूनीकरण तथा कीमत-लागत निर्धारण के जरिए बैंकिंग कारोबार से जुड़े जोखिम प्रतिफल को उपयुक्त रूप से संतुलित करने का प्रयास कर रहा है. अन्य उपायों में, आपके बैंक ने सुपरिभाषित जोखिम प्रबंधन नीतियों की स्थापना और अपनी जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप जोखिम सीमाओं तथा प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार की है, जिन्हें विनियामक परिप्रेक्ष्य से कारोबारी गतिशीलता, नवोन्मेषिता और परिवर्तनों के संदर्भ में आवधिक रूप से उन्नत किया जाता है.

निरंतर जटिल होती जा रही वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं को निरंतर उन्नत और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है. जोखिम-तंत्र प्रणाली को भी और अधिक सुदृढ़ तथा प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण तथा परिचालन जोखिमों का अभिनिर्धारण करने तथा उन्हें मापने में सहायता करता है, जिनसे उपयुक्त जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियाँ तैयार करने में सुविधा होती है.

3,388 मिलियन अमरीकी डालर
वर्ष के दौरान जुटाई गई विदेशी मुद्रा

2.31 बिलियन अमरीकी डालर
एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत कुल बकाया निर्गम

बासेल मानदंडों का कार्यान्वयन

बासेल III मानदंडों के अंतर्गत पिलर - 1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में आपका बैंक तिमाही आधार पर ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. बासेल III मानदंडों के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता पूंजी आवश्यकता के संबंध में आपके बैंक के पास वर्तमान में दिशानिर्देशों में निर्धारित विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त सामान्य इक्विटी है.

31 मार्च 2015 को जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में आपके बैंक का पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 11.76 % था जो 9.0% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से अधिक है. आपके बैंक का सीईटी 1 अनुपात 7.29% था जो रिज़र्व बैंक द्वारा सीईटी 1 हेतु निर्धारित अनुपात 5.5% की निम्नतम अपेक्षा से अधिक है. 31 मार्च 2015 को टीयर - 1 अनुपात 8.18 % रहा जबकि विनियामक अनुपात 7.00% है.

आपके बैंक के पास पिलर - 2 मानदंडों तथा बासेल III ढांचे के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. इस नीति द्वारा बैंक उन जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना कर सकता है जो पिलर - 1 में शामिल नहीं हो पाए हैं और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों के प्रबंधन के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ भी बना सकता है. आपके बैंक द्वारा रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा भी कार्यान्वित किया गया है जिससे असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं की स्थिति में जोखिम प्रबंधन ढांचे का आकलन करने में सहायता मिलती है. यह ढांचा किसी अप्रत्याशित अनिश्चित स्थिति में उपयुक्त रणनीतियाँ लागू करने में सहायक होता है.

आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के तहत पिलर-3 अपेक्षाओं के अनुसार एक प्रकटन नीति बनाई है जिसे बैंक प्रत्येक तिमाही के अंत में अपनी वेबसाइट पर अनिवार्यतः प्रकाशित करता है तथा इस प्रकार उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करता है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक ने एक व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू की है जिसमें प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए आरएमए और पूंजी की गणना के लिए स्वचालित प्रणाली (सीएएम) शामिल है.

शीर्ष स्तरीय रेटिंग समिति ऋण रेटिंग को प्रमाणित करती है और जोखिम विश्लेषकों तथा संपर्क प्रबंधकों का मार्गदर्शन भी करती है. एक सक्रिय उपाय के रूप में आपका बैंक विभिन्न ऋण सीमाओं की नियमित रूप से निगरानी करता है जिसमें विभिन्न कारोबारी समूहों, देशों, खंडों, क्षेत्रों तथा उद्योगों में ऋण निवेश शामिल हैं.

बाजार जोखिम

वित्तीय क्षेत्र ब्याज दर, इक्विटी मूल्य तथा विदेशी विनिमय में नियमित उतार-चढ़ाव से प्रभावित होती है. कार्य तथा कारोबार स्थिति के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम का प्रबंधन आस्ति-देयता प्रबंधन (एएलएम) नीति, बाजार जोखिम तथा व्युत्पन्न नीति एवं निवेश नीति के अनुरूप किया जाता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिम उठाने के उचित स्तर की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं तथा जोखिम व अपवादों के प्रबंधन, रिपोर्टिंग तथा बढ़त के आकलन की प्रणाली लागू करती हैं.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति तथा विभिन्न कार्यों/ विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया 'परिचालनगत जोखिम व व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन नीति' से निदेशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग क्रियाकलापों से संबद्ध परिचालनगत जोखिम की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है.

परिचालनगत जोखिम की निगरानी के भाग के रूप में आपके बैंक में परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तथा उसके आकलन हेतु एक व्यापक आईटी प्रणाली मौजूद है. परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तथा आकलन के संदर्भ में प्रगति रिपोर्ट आवधिक रूप से बोर्ड की परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति तथा जोखिम प्रबंधन समिति को प्रस्तुत की जाती है.

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है जो कारोबार व्यवधान तथा जीवन के संकट से जुड़ी घटनाओं को न्यूनतम करती है. बीसीएम के भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजनाएं (बीसीपी) हैं. यह कारोबार व्यवधान/ आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए है. इसके अलावा आपके बैंक ने व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की है ताकि आपदा की संभावना व उसके प्रभाव को कम किया जा सके और मानव जीवन व महत्वपूर्ण आस्तियों की रक्षा की जा सके. इन बीसीपी तथा डीएमपी की क्रियाशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, आपदा बहाली तथा मॉक इवैक्यूवेशन ड्रिलों के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. आपके बैंक को उसकी व्यापक तथा सुदृढ़ बीसीएम प्रक्रियाओं के लिए बीएस 25999 प्रमाणन (वैश्विक रूप से मान्यताप्राप्त प्रमाणन) प्रदान किया गया है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. बैंक ने अप्रैल 2011 में रिज़र्व बैंक कार्यदल द्वारा सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों पर जारी सिफारिशों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. सिफारिशों की प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की शीर्ष प्रबंधन द्वारा ध्यानपूर्वक निगरानी की गई है तथा नियमित अंतराल पर बोर्ड एवं रिज़र्व बैंक को उन्हें लागू करने की स्थिति की जानकारी दी जाती है. दिशानिर्देशों में की गई सिफारिशों के अनुसार बैंक ने उचित संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है. ग्राहक डाटा की सुरक्षा, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत करने के लिए कई सूचना सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं.

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है जो कारोबार व्यवधान तथा जीवन के संकट से जुड़ी घटनाओं को न्यूनतम करती है. बीसीएम के भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजनाएं (बीसीपी) हैं.

कर्मचारियों के लिए नियमित सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करने के अलावा सुरक्षा सेंध के प्रयासों को कम/ विफल करने के लिए ग्राहकों को भी मेलर, एसएमएस, एटीएम तथा पोस्टर्स के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी जाती है.

आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा सिस्टम को एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है. कस्टमर फेसिंग इंटरफेस में दो स्तरीय अधिप्रमाणन प्रक्रिया मौजूद है. बैंक तथा ग्राहक से संबंधित संवेदनशील डाटा के गलत प्रयोग को रोकने के लिए बैंक ने सूचना सुरक्षा के परिदृश्य में डाटा लीकेज निवारण (डीएलपी) उपाय शुरू किया है. आपके बैंक के डाटा केंद्र तथा आपदा बहाली केंद्र को आईएसओ 27001 का प्रमाणन प्राप्त है. आपके बैंक में जोखिम लेनदेनों हेतु शून्य डाटा हानि सुनिश्चित करने के लिए एक नियर डीआर भी स्थपित किया है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति सूचना प्रणालियों में परिचालनगत जोखिम कम करने के लिए दिशानिर्देश उपलब्ध कराती हैं.

संक्षेप में, आपके बैंक के पास जोखिम के विभिन्न पहलुओं की पहचान करने और उनके प्रभावी एवं कार्यक्षम प्रबंधन के लिए एक सुसंरचित जोखिम प्रबंधन ढांचा है. बोर्ड के शीर्ष प्रबंध-तंत्र के मार्गदर्शन के अंतर्गत सतत प्रयासों से आपके बैंक में जोखिम जागरूकता की संस्कृति संस्था में पर्याप्त रूप से पहुँच गई है.

प्रबंधन, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन

मानव पूंजी को अपनी सबसे बहुमूल्य परिसंपत्ति मानते हुए आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए मानव संसाधन रणनीति विकसित की है ताकि कारोबार लक्ष्यों को प्राप्त करने में वे अपना उत्कृष्ट योगदान दे सकें. साथ ही बैंक सभी कर्मचारियों में एक संतुलित स्वस्थ कार्य-जीवन को भी बढ़ावा देने का प्रयास करता है.

मानव शक्ति

यथा 31 मार्च 2015 को बैंक के पास कुल 16,555 कर्मचारी थे. कर्मचारियों का श्रेणी-वार विवरण तालिका 1 में दिया गया है:

तालिका 1: मार्च 2015 की समाप्ति पर कर्मचारियों का श्रेणी-वार विवरण

श्रेणी	कुल
अधिकारी	14,038
एक्जीक्यूटिव	435
लिपिक	1,119
अधीनस्थ-कर्मचारी	963
कुल	**16,555**

आपके बैंक के प्रभावी मानव शक्ति नियोजन और विवेकपूर्ण नियुक्ति के कारण बैंक में युवा अधिकारियों की एक उत्कृष्ट टीम है जिसकी औसत आयु 33 वर्ष है.

भर्ती एवं कर्मचारियों की संख्या

आपके बैंक ने अधिवर्षिता को प्राप्त करने वाले अधिकारी, शाखा विस्तार तथा विभिन्न श्रेणियों में कारोबार वृद्धि को ध्यान में रखते हुए बढ़ती कारोबार आवश्यकताओं के अनुरूप कनिष्ठ ग्रेड (ग्रेड ए) में भर्ती जारी रखी. 2014-15 के दौरान आपके बैंक ने 1,551 अधिकारियों की भर्ती की जिनमें 318 अनुसूचित जाति (एससी) के, 73 अनुसूचित जनजाति (एसटी) के, 559 अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के तथा 19 शारीरिक रूप से विकलांग हैं. सारी भर्तियां बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा संचालित सभी पीएसबी के लिए सामान्य प्रक्रिया के माध्यम से की गई हैं.

आईडीबीआई मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग (आईएमएसबी)

इसके अलावा, आपके बैंक ने मई 2014 में मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज प्रा. लि., बैंगलुरु के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया जिसके तहत बैंक ने 'प्रशिक्षण, भर्ती व परिचय' मॉडल अपनाया है जिसमें एक वर्ष के लिए छात्र-छात्राओं का नामांकन बैंकिंग व फाइनेंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीबीएफ) के लिए किया जाता है तथा उसके बाद भर्ती की जाती है. वर्तमान में 478 छात्र-छात्राएं आईएमएसबी, बैंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं.

16,555
31 मार्च, 2015 को कुल स्टाफ

708
आंतरिक प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए

आरक्षण नीति

आपका बैंक वर्तमान में भारत सरकार की आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन कर रहा है. बैंक की कुल मानव शक्ति संख्या में अजा/अजजा/ओबीसी का प्रतिनिधित्व तालिका 2 में दिया गया है.

तालिका 2: मार्च 2015 की समाप्ति पर बैंक की कुल मानव शक्ति संख्या में अजा/अजजा/ओबीसी का प्रतिनिधित्व

श्रेणी	अजा	अजजा	ओबीसी
अधिकारी	1,892	575	2,920
एक्जीक्यूटिव	66	17	140
लिपिक	125	36	95
अधीनस्थ-कर्मचारी	224	78	176
कुल	2,307	706	3,331

आपके बैंक ने अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी तथा ओबीसी के लिए महाप्रबंधक स्तर पर संपर्क अधिकारियों को नियुक्त किया है जो आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक में शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए अलग रोस्टर है.

प्रशिक्षण एवं विकास

आपके बैंक ने 15,796 प्रतिभागियों के लिए 708 आंतरिक कार्यक्रम संचालित किए हैं. बैंक ने 463 अधिकारियों को बाह्य घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए तथा 34 अधिकारियों को बाह्य विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भी नामित किया. इसके अलावा आपके बैंक ने 180 दिनों के प्रारंभिक प्रशिक्षण मॉड्यूल को अपनाया है जिसमें कक्षा प्रशिक्षण तथा ऑन जॉब प्रशिक्षण शामिल हैं. आपके बैंक के वरिष्ठ तथा शीर्ष प्रबंधन को सामान्य प्रबंधन तथा रणनीतिक नेतृत्व कार्यक्रमों के लिए आईआईएम में नामित किया जाता है जबकि मध्यम स्तर प्रबंधन अधिकारियों को अन्य प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के लिए नामित किया जाता है.

आपके बैंक ने शाखा प्रमुखों को तैयार करने के लिए 'फर्स्ट माइल' कार्यक्रम जारी रखा. साथ ही, जिन अधिकारियों को नेतृत्व तथा महत्वपूर्ण पदों के लिए अभिनिर्धारित किया गया है, उन्हें मूल्यांकन विकास केन्द्र अभ्यास के लिए नामित किया गया. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र कारोबार को अतिरिक्त महत्व देने के लिए 185 कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं जिनमें संबंधित अधिकारियों को पीएसएल तथा ग्रामीण बैंकिंग पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया. अधिकारियों को केवाईसी / एएमएल के क्षेत्र में नवीनतम नियमों एवं विनियमों की जानकारी देने के लिए भी कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं. ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण निर्मित करने तथा प्रभावी व कुशल ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं. बैंक के 'आई-वर्सिटी' नामक एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म पर विभिन्न विषयों पर 140 पाठ्यक्रम तथा 60 मूल्यांकन व परीक्षाएं उपलब्ध हैं.

प्रोत्साहन योजनाएं

आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों के अति उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन तथा उनके कल्याण के लिए कई प्रयास किए हैं. बैंक ने कार्य-निष्पादन संबंधी नकद प्रोत्साहन योजना शुरू की है जिसमें पात्र कर्मचारियों को उनके कार्य-निष्पादन के आधार पर नकद प्रोत्साहन दिए गए. प्रत्येक अंचल में सबसे अच्छा कार्य करने वाले रिटेल शाखा प्रमुखों को विदेश में प्रशिक्षण हेतु नामित कर पुरस्कृत किया गया तथा बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया.

कर्मचारी हित कार्य

आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों को पेशेवर और गोपनीय सलाह प्रदान करने के लिए कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) शुरू किया है; केंद्र सरकार में प्रचलित योजना के अनुरूप अनुकंपा नियुक्ति योजना को लागू किया है. महिला कर्मचारियों व अशक्त बच्चों के अभिभावक कर्मचारियों की कठिनाई को कम करने के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों को शामिल करते हुए नियोजन और स्थानांतरण नीति को परिवर्तित किया है एवं अन्य कई कल्याणकारी उपायों के साथ समूह जीवन बीमा योजना आरंभ की है.

स्टाफ कल्याण योजनाएं

बैंक ने कई कल्याणकारी योजनाएं जैसे खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तकालय और अन्य कल्याण गतिविधियों पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति के साथ-साथ कर्मचारियों के उन आश्रितों को जिन्होंने विश्वविद्यालय/ राज्य/ राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, को खेल छात्रवृत्ति, साथ ही निर्धारित शैक्षणिक उपलब्धियों को प्राप्त करने पर पात्र कर्मचारियों/ उनके पति/ पत्नी/ बच्चों के लिए कई श्रेष्ठता छात्रवृत्तियां कार्यान्वित की हैं. बैंक ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए भारत भर में आठ और नये हॉलिडे होम बनाएं हैं जिससे हॉलिडे होम की संख्या अब 38 तक पहुँच गई है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, रोकथाम और निपटान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, रोकथाम और निपटान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षा के अनुसार एक यौन उत्पीड़न विरोधी नीति अपनाई है. यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलनेवाली शिकायतों के निपटान के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति बनाई गई है. इस नीति के अंतर्गत बैंक के सभी कर्मचारियों को शामिल किया गया है.

वर्ष 2014-15 के दौरान प्राप्त और निपटाई गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों का सार

वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक को 2 (दो) शिकायतें मिलीं जिनकी बैंक की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा जाँच की गई और 1 (एक) शिकायत का समाधान किया गया. यथा 31 मार्च 2015 को कुल 4 (चार) शिकायतें लंबित थीं जिनमें से 1 (एक) वर्ष 2014-15 की है और 3 (तीन) शिकायतें (2 शिकायतों में न्यायालय के दखल सहित) पूर्व वर्षों से संबंधित हैं.

2014-15 में आपके बैंक के सुविधाएं एवं संरचना प्रबंधन विभाग ने बैंक के विस्तार कार्यक्रम को निरंतर कार्यान्वित करने के लिए भारत भर में 329 नई शाखाओं को खोलने में सहायता की है.

औद्योगिक संबंध

बैंक में औद्योगिक संबंध मुख्य कार्य में बिना किसी बाधा के लगातार सौहार्दपूर्ण हैं.

ज्ञानार्जन केंद्र

आपके बैंक का अपना आंतरिक पुस्तकालय है जिसने लगभग 2,500 पुस्तकों के अच्छे खासे संग्रह के साथ 1976 में कार्य करना शुरू किया था. 2008 में ज्ञानार्जन केंद्र (केआरसी) के रूप में इसका नया नामकरण किया गया. तब से बैंक का केआरसी मात्र पुस्तकों और जर्नलों के संग्रह से विभिन्न चैनलों के जरिए ज्ञानार्जन हेतु बहुआयामी ज्ञानार्जन सेवा प्रदाता के रूप में विकसित हुआ है.

सुविधाएं और बुनियादी ढांचा

2014-15 में आपके बैंक के सुविधाएं एवं संरचना प्रबंधन विभाग ने बैंक के विस्तार कार्यक्रम को निरंतर कार्यान्वित करने के लिए भारत भर में 329 नई शाखाओं को खोलने में सहायता की है. इसने छह नए करेंसी चेस्टों (सीसी) के निर्माण और साज-सज्जा का कार्य भी शुरू किया है. प्रत्येक सीसी अपने से संबद्ध सभी शाखाओं से नकदी प्राप्त करता है और उसे संसाधित करता है और उनके दायरे में आने वाले क्षेत्र में शाखाओं और एटीएम के जरिए वितरण के लिए स्वच्छ नोट उपलब्ध कराता है.

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई स्थित बैंक के अपने परिसर में मौजूदा भवन के विस्तार के रूप में कार्यालय भवन के निर्माण के साथ कई प्रमुख सिविल परियोजनाओं को भी शुरू किया है.

बैंक ने अपने जेएनआईबीएफ परिसर, हैदराबाद में लगभग 15,000 वर्ग फुट निर्माण क्षेत्र में कॉल सेंटर भवन का निर्माण कार्य भी शुरू किया है.

आंतरिक लेखा परीक्षा

आपके बैंक में एक सुव्यवस्थित आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो विभिन्न कारोबार/ सहायक वर्टिकलों, शाखाओं तथा सहायक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सभी कार्यकलापों की नियमित लेखा परीक्षा करता है. लेखा परीक्षाएं बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख-रेख के अंतर्गत की जाती है. नियत कार्यों को करते समय लेखा परीक्षा कार्य अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाएं रखते हैं. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक तथा आंतरिक एवं समवर्ती लेखा परीक्षा पर भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने कार्यों के लिए जोखिम-आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा को अपनी रणनीति के रूप में अपनाया है. वेब आधारित लेखा परीक्षा प्रबंध प्रणाली (एएमएस) के कार्यान्वयन, ऑफ-साइट अलर्ट प्रबंध प्रणाली तथा नौ अंचल स्थानों

पर अंचल लेखा परीक्षा कार्यालय (ज़ेडएओ) की स्थापना के पश्चात् आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की प्रभावशीलता और बढ़ गई है.

आंतरिक लेखा परीक्षा व्यवस्था (आईएस) के तहत आपके बैंक में अनुभवी आंतरिक सूचना लेखा परीक्षा (आईएस ऑडिट) टीम मौजूद है जो परिचालनों के स्वरूप और उसकी जटिलताओं के अनुरूप टेक्नोलॉजी और आईटी से जुड़े सुरक्षा संबंधी मुद्दों का निपटान करती है. विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप आपके बैंक ने आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य के अनुपूरक के रूप में एक व्यापक संगामी लेखा परीक्षा प्रणाली कार्यान्वित की है. अपने ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए एक ऋण लेखा परीक्षा प्रणाली लागू की है. यह प्रणाली मुख्य रूप से ऋण मूल्यांकन, ऋणों की मंजूरी और ऋण प्रशासन के क्षेत्र में आपके बैंक की नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करवाती है.

आपके बैंक ने प्रबंध प्रणाली, परिसंपत्तियों की सुरक्षा और नियमों व विनियमों के अनुपालन की विश्वसनीयता के अनुसार पूरे नियंत्रण परिवेश की समीक्षा और रिपोर्ट के लिए जोखिम आधारित प्रबंध लेखा परीक्षा (आरबीएमए) लागू की है.

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन का निरंतर आधार पर मूल्यांकन करता है तथा विभिन्न जोखिमों का समय पर समाधान करने के लिए नियंत्रकों को मजबूत और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उपाय सुझाता है. इसे ध्यान में रखते हुए आपका बैंक जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा नीति, समवर्ती लेखा परीक्षा नीति और सूचना सुरक्षा लेखा परीक्षा नीति की वार्षिक आधार पर समीक्षा करता है.

इसमें परिचालन दक्षता को बढ़ाने और प्रक्रियाओं से उचित तालमेल के लिए लेखा परीक्षा विभाग, परिचालन जोखिम विभाग और अन्य परिचालन विभागों के बीच उचित समन्वय मौजूद है. इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के प्रयास के तहत बैंक के कार्य और प्रक्रियाओं को मानकीकृत करने पर ज़ोर दिया गया है. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति और कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति और अंचल लेखा परीक्षा समिति कार्यनिष्पादन की निरंतर आधार पर समीक्षा करती है, आंतरिक लेखा परीक्षा के कर्मियों को दिशानिर्देश देती है और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता तथा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन की समीक्षा भी करती है.

धोखाधड़ी प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के अंतर्गत धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. सभी धोखाधड़ियों की निगरानी और समीक्षा के लिए धोखाधड़ी समीक्षा परिषद (एफआरसी) का गठन किया गया है ताकि प्रणालीगत खामियों, यदि कोई हैं, की पहचान की जा सके, सुधारात्मक उपाय शुरू किए जा सकें तथा जांच की प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी की जा सके. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपराचारात्मक उपाय करना शामिल हैं. धोखाधड़ी का पहले ही पता लगाने, उससे बचाव, रिपोर्टिंग, निगरानी और धोखाधड़ी पर कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंध नीति कार्यान्वित की गई है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में स्थित एक संपूर्ण सतर्कता विभाग, सतर्कता से जुड़ी शिकायतों की जांच करने के लिए शीर्ष प्रबंधन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा नियंत्रण प्रणालियों और निर्धारित प्रक्रियाओं में कमियों, यदि कोई हैं, में सुधार लाने के लिए सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है. इसके अलावा सतर्कता से संबंधित अनुशासनिक कार्रवाई मामलों में दंड की मात्रा और प्रकार के बारे में सुझाव भी प्रदान करता है. आपके बैंक ने सतर्कता प्रशासन में सुधार लाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया है और एक प्रणाली कार्यान्वित की है जिसमें जनता/ किसी अन्य स्रोत से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग की साइट मौजूद है जिस पर सतर्कता विभाग का विवरण, आपके बैंक की सभी शाखाओं और कार्यालयों में प्रदर्शित की जाने वाली सीवीसी की नोटिस के मानक प्रारूप, सीवीसी द्वारा समय-समय पर जारी महत्वपूर्ण परिपत्र / दिशानिर्देश, सीवीसी और बैंक के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है. इसने अधिकारियों के बीच सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में आपके बैंक की सहायता की है.

वर्ष के दौरान गलत प्रथाओं, यदि कोई हों, तथा स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की जांच के लिए विभिन्न शाखाओं के औचक सतर्कता दौरे किए गए. जहाँ आवश्यक समझा गया, वहाँ समुचित सुधारात्मक उपाय सुझाए गए.

वर्ष के दौरान आपके बैंक के कर्मचारियों में सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए निवारक एवं सहभागी सतर्कता पर केंद्रित कई चर्चापरक कार्यशालाएं और व्याख्यान / प्रस्तुतियां आयोजित की गईं. उक्त कार्यक्रमों के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने रोज़मर्रा के कामकाज में निवारक सतर्कता को अपनाने की जरूरत के साथ ही सतर्कता जागरूकता संगठनात्मक दक्षता के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में कैसे सहायता करती है, इस पर ज्यादा ज़ोर दिया गया.

कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जागरूक करने के लिए आपके बैंक के प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालयों और शाखा कार्यालयों में 27 अक्तूबर 2014 से 01 नवंबर 2014 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने आपके बैंक के स्टाफ सदस्यों के लाभ के लिए विशेष जर्नल जारी किया.

सतर्कता मामलों के साथ-साथ सतर्कता कार्यकलापों के लिए प्रक्रियाओं के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), भारत सरकार - वित्त मंत्रालय (जीओआई - एमओएफ), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और बैंक द्वारा जारी अद्यतन अनुदेशों / दिशानिर्देशों / निदेशों के तत्काल और सुलभ संदर्भ को ध्यान में रखते हुए बैंक ने सतर्कता मैनुअल तैयार

किया है जिसमें सीवीसी, एमओएफ, आदि द्वारा इस मामले में 31 जनवरी 2015 तक जारी किए गए अद्यतन अनुदेशों को शामिल किया गया है.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक ने विभिन्न सांविधिक और विनियामक शर्तों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं. अनुपालन संबंधी कार्यकलापों पर नजर रखने के लिए मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी की देख-रेख में एक समर्पित अनुपालन विभाग है.

सूचना का अधिकार अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों पर आवेदनों का उत्तर देने के लिए 24 केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने और प्राप्त आवेदनों को नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी को अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है और आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम पर एक लिंक अलग से उपलब्ध कराया गया है.

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

आपके बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने कारोबार में हिंदी के प्रयोग को लगातार बढ़ावा दिया है और राजभाषा अधिनियम तथा नियम के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया है. बैंक के प्रधान कार्यालय के विभागों और शाखाओं द्वारा इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सम्मिलित प्रयास किए गए हैं.

अपने ग्राहकों के प्रति आपके बैंक की प्रतिबद्धता के रूप में आपका बैंक सभी एटीएम में द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी में) अनुदेश प्रदर्शित कर रहा है और एटीएम लेनदेन पर्ची भी दोनों भाषाओं में जनरेट करने में सक्षम है. बैंक की वेबसाइट पर भी हिंदी और अंग्रेजी में जानकारी उपलब्ध है. आपके बैंक ने कारोबार को बढ़ाने में अपने स्टाफ के लाभप्रद प्रयोग के लिए अपनी इंट्रानेट साइट पर द्विभाषी शब्दकोशों के साथ-साथ टेम्पलेट पत्रों, फॉर्मों और अन्य संदर्भ सामग्रियों को द्विभाषी रूप - हिंदी और अंग्रेजी - में तैयार किया है. राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग के बारे में स्टाफ सदस्यों को जागरूक करने के लिए बैंक के सभी क्षेत्रों में राजभाषा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. बैंक में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और स्टाफ पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी क्षेत्रों में कई आंतरिक अभियान शुरू किए गए. स्टाफ सदस्यों के लाभ के लिए हिंदी दिवस समारोह के भाग के रूप में प्रधान कार्यालय और शाखाओं में हिंदी व्याख्यानों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

विभिन्न मंचों पर बैंक के परिचालन क्षेत्र में हिंदी की प्रयोज्यता को बढ़ाने के लिए बैंक के प्रयासों की सराहना की गई है.

आपका बैंक अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित फीडबैक फॉर्म के माध्यम से नियमित आधार पर ग्राहकों की संतुष्टि की निगरानी रखता है. इससे ग्राहक आपके बैंक का मूल्यांकन करने तथा सुधार के लिए सुझाव देने में समर्थ होते हैं.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

उत्पाद निर्माण और सेवा सुपुर्दगी में आपके बैंक का ग्राहक उन्मुख होना उसके संकल्प और लक्ष्य को प्रतिबिंबित करता है. आपके बैंक का मुख्य ध्येय है अपनी उत्कृष्ट सेवा और बेहतरीन वित्तीय समाधानों की व्यापक श्रृंखला से ग्राहकों को आनंदित करना ताकि सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करते हुए सबसे पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनाने का संकल्प पूरा हो सके. आपके बैंक का यह सतत प्रयास रहता है कि इस कॉरपोरेट दर्शन का प्रत्येक ग्राहक संपर्क बिन्दु पर अनुपालन किया जाए. ग्राहक सेवा पर बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति और ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति जो बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति को रिपोर्ट करती है, सुनिश्चित करती है कि ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन मामलों पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाए.

ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए विभिन्न मुद्दों और सुझावों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रत्येक माह की 15 तारीख को शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति (बीएलसीएससी) की बैठक होती है जिसमें शाखा प्रमुख, शाखा अधिकारियों तथा सदस्य के रूप में ग्राहक शामिल होते हैं.

आपका बैंक अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित फीडबैक फॉर्म के माध्यम से नियमित आधार पर ग्राहकों की संतुष्टि की निगरानी रखता है. इससे ग्राहक आपके बैंक का मूल्यांकन करने तथा सुधार के लिए सुझाव देने में समर्थ होते हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने आंतरिक ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण किया तथा बैंक के सेवा मानकों पर ग्राहकों से मूल्यवान सुझाव प्राप्त किए. विभिन्न लोकेशनों पर स्टाफ सदस्यों के लिए ग्राहक सेवा पर परस्पर कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं. कार्यशालाएं बैंक की शिकायत प्रबंध प्रणाली और ग्राहक सेवा पर मुख्य विनियामक दिशानिर्देशों पर केन्द्रित थीं.

आपके बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी), जो आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित है, विभिन्न पद्धतियों के माध्यम से शिकायतों का प्रबंधन करता है. शाखाओं, ईमेल, वेबसाइट और प्रधान कार्यालय में प्राप्त पत्र, सोशल मीडिया और सतत प्रयत्नशील फोन बैंकिंग टीम के माध्यम से ग्राहक शिकायतों की प्राप्ति और उनके निवारण के लिए केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म कार्यान्वित किया गया है. सीसीसी बैंकिंग लोकपाल, रिज़र्व बैंक, भारत सरकार और अन्य विनियामक प्राधिकरणों से प्राप्त शिकायतों पर भी विचार करता है. आपके बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित दो नीतियां अर्थात् ग्राहक सेवा नीति और शिकायत निवारण नीति लागू हैं. ये नीतियां एस्क्लेशन मैट्रिक्स के विभिन्न स्तरों पर निवारण के लिए समय-सीमा निर्धारण सहित शिकायत निवारण और ग्राहक सेवा के प्रति बैंक के दृष्टिकोण को रेखांकित करती हैं. ये नीतियां बैंक की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की गई हैं.

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप, ग्राहक शिकायतों के समय पर निवारण के जरिए बेहतर ग्राहक सेवा के लिए आपके बैंक ने प्रधान कार्यालय में मुख्य शिकायत निवारण अधिकारी (सीजीआरओ) और अंचल कार्यालयों में शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ) की नियुक्ति की है. आपके बैंक ने ग्राहक सेवा प्रावधान को और अधिक बढ़ाने, ग्राहकों की शिकायत निवारण में लगने वाले समय को कम करने और बैंकिंग लोकपाल, रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामक प्राधिकरणों के पास शिकायतों को कम करने के लिए एक आंतरिक बैंकिंग लोकपाल की नियुक्ति की है.

ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड

आपका बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है. आपके बैंक के निदेशक मंडल ने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड अपनाया है. बैंकिंग पद्धतियों के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करने वाले ये कोड त्वरित ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने में भी सहायक हैं. आपके बैंक द्वारा इन कोडों के अनुपालन के अभिन्न हिस्से के रूप में कोडों के बारे में शाखा कार्यालयों में तथा बैंक की वेबसाइट के माध्यम से ग्राहकों को जानकारी प्रदान की जाती है.

आपके बैंक के क्षेत्रीय प्रमुखों को कोड अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है और उनके संपर्क ब्योरे शाखा कार्यालयों में तथा बैंक की वेबसाइट पर प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए हैं. कोडों का अनुपालन पूरे बैंक में सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष बैंक में 'बीसीएसबीआई कोड अनुपालन प्रणाली' नामक एक सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन की शुरुआत की गई है जिससे अनुपालन को बेहतर बनाने और ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान में सहायक होने की उम्मीद है.

आपके बैंक में ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने के बीसीएसबीआई के वांछित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बैंक की योजनाओं, प्रक्रियाओं और सेवाओं को समय-समय पर कारगर बनाया जाता है.

कॉरपोरेट संवाद

01 जुलाई 2014 को अपने अस्तित्व के 51वें वर्ष में कदम रखते ही आपके बैंक ने अपने स्वर्ण जयंती उत्सव के भाग के रूप में औद्योगिक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त के क्षेत्र में अपनी उत्प्रेरक भूमिका और साथ ही देश की वित्तीय संरचना के निर्माण में अपनी भूमिका को विशिष्ट रूप से दर्शाने पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है. वर्ष के दौरान विज्ञापन और प्रचार संबंधी पहलों को और अधिक तीव्रता प्रदान करते हुए बैंक की जनसंपर्क से संबंधित गतिविधियों का लक्ष्य अपनी दृश्यता को बढ़ाने और और बैंक की अमिट छाप छोड़ने तथा मीडिया में इसकी छवि को और बेहतर बनाने पर रहा, जिसके साथ ही अंशधारकों की धारणाओं को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया. आपके बैंक के बारे में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में समग्र रूप से सकारात्मक छवि वाले समाचार प्रकाशित हुए.

आपके बैंक के प्रचार अभियानों का ध्यान दोस्ती की अवधारणा को अपनाकर अपने ब्रांड रिकॉल को बढ़ाने पर केन्द्रित रहा ताकि ब्रांड विशेषता और पोजिशनिंग के बारे में बताया जा सके. आपके बैंक के विज्ञापनों को इस ढंग से तैयार किया गया है कि वे राष्ट्र निर्माण में बैंक की भूमिका और सभी ग्राहकों के सुख-दुःख में साथ देने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के बारे में बताएं. बच्चों के बीच की अमिट दोस्ती की तस्वीरों के माध्यम से बैंक की सहायक भूमिका के साथ ही बैंक की स्वर्ण जयंती की पूरी थीम को दिखाने वाले इस विज्ञापन को राष्ट्रीय टेलिविजन अभियान, प्रिंट, आउट ऑफ होम (ओओएच) और डिजिटल स्पेस में जारी किया गया. आपके बैंक ने वर्तमान और साथ ही भावी ग्राहकों को अपने उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न अन्य उत्पाद-विशेष अभियानों की शुरुआत भी की.

इस वर्ष आपके बैंक ने राष्ट्र निर्माण में अपनी उत्प्रेरक भूमिका के सार को प्रस्तुत करने तथा अपने ग्राहकों के साथ अपने सहायक संबंधों को रेखांकित करने के लिए एक गान की संकल्पना की. इसके अलावा, इस गान का उद्देश्य इस बात पर बल देना था कि आपका बैंक समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को अपनी परिधि में लेने के प्रति प्रतिबद्ध है.

वर्ष के दौरान विभिन्न संवर्धक और व्यवसाय संबंधी कार्यकलापों की श्रृंखला के माध्यम से फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब और गूगल+ जैसे प्लेटफॉर्मों पर अपने प्रशंसकों और ग्राहकों से नियमित रूप से जुड़ते हुए आपके बैंक ने सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया. फेसबुक पर आपके बैंक के प्रशंसकों की संख्या बढ़कर एक मिलियन से अधिक हो गई. सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए आपके बैंक ने अपने आधिकारिक लिंक्डइन पेज की शुरुआत जल्द ही करने की अपनी योजना को अंतिम रूप दे दिया.

आंतरिक संवाद

आपके बैंक का आंतरिक संवाद महत्वपूर्ण विचारों और साथ ही बैंकिंग एवं अन्य क्षेत्रों में हुई प्रगति संबंधी सूचना के आदान-प्रदान को प्रभावी बनाने पर ध्यान केन्द्रित करता है तथा सुनिश्चित करता है कि यह बैंक के विभिन्न विभागों और शाखाओं में व्याप्त हो जाए.

आपके बैंक के पास अनेक प्लेटफॉर्म हैं जिन पर कर्मचारी अपने विचारों की अभिव्यक्ति कर सकते हैं, उन्हें साझा कर सकते हैं जो कर्मचारियों के जुड़ाव के लिए जरूरी भी है. आपके बैंक की इंट्रानेट साइट पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ उप प्रबंध निदेशक ब्लॉग के लिए विशिष्ट स्थान भी रखा गया है जो मुख्य प्रबंधन और कर्मचारियों के मध्य संवाद के सीधे माध्यम के रूप में कार्य करता है. अंचलों में कार्यकलापों के विकेंद्रीकरण के बाद विभिन्न अंचलों में किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों के संबंध में अद्यतन सूचना प्रदान करने के लिए इस वर्ष इंट्रानेट पर एक अंचल सेक्शन की शुरुआत की गई.

आपके बैंक की स्टाफ सुझाव योजना परिचालन के संबंध में स्टाफ सदस्यों को रचनात्मक सुझाव प्रदान करने के लिए आमंत्रित करती है.

आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों को एक ही स्थान पर बैंक के सभी उत्पादों एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए अपने इंट्रानेट पर एक केंद्रीकृत उत्पाद सूचना किओस्क (सेनपिक) की व्यवस्था की है. सेनपिक परिचालन स्तर पर उठने वाली किसी भी शंका का विभिन्न स्तरों पर पदनामित अधिकारियों द्वारा समयबद्ध तरीके से शीघ्र समाधान के लिए विंडों भी प्रदान करता है. आपके बैंक ने आई-शेयर नामक जानकारी

साझा करने वाला प्लेटफॉर्म भी विकसित किया है, जहां कर्मचारी उत्पादों/ नीतियों/ सेवाओं पर अपने सुझाव, अनुभव और टिप्पणी के साथ-साथ अन्य जानकारी भी दे सकते हैं.

आपके बैंक के पास पुरस्कार प्राप्त द्विभाषी तिमाही गृह-पत्रिका 'श्री वयम्' है जो बैंक को अपने कर्मचारियों और उनके परिवार तक पहुंच प्रदान करती है.

ये प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं कि विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों के बीच धारा-प्रवाह आपसी संवाद होता रहे, जो अंततः उच्च-स्तरीय ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने में सहायक होता है.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

सीएसआर आईडीबीआई बैंक की जीवन शैली है जो आपके बैंक के कॉरपोरेट दर्शन में सन्निहित है. आपके बैंक ने कंपनी अधिनियम 2013 के अनुपालन में बोर्ड अनुमोदित सीएसआर नीति तैयार की, जो 01 अप्रैल 2014 से लागू है.

आपके बैंक ने पूरे देश में सीएसआर परियोजनाओं के लिए दीर्घावधि निधीयन के साथ-साथ उनके परिचालन संबंधी व्ययों के प्रति अंशदान किया. अन्य बातों के साथ-साथ इसमें गांव गोद लेने संबंधी कार्यक्रम के माध्यम से गांवों का विकास, सुविधा से वंचित बच्चों विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करना, वर्षा के जल का संग्रहण और सोलर पॉवर सिस्टम लगवाना, सुविधा से वंचित लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए आय सृजित करनेवाले कार्यकलाप, अस्पतालों को बुनियादी सहायता, नेत्रहीनों, अक्षमों और सुविधा से वंचित समाज के अन्य वर्गों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण के लिए वित्तीय सहायता आदि शामिल हैं. आपके बैंक के उल्लेखनीय पहल-कार्यों में पूरे देश में समाज के कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए प्रत्येक वर्ष 'आईडीबीआई बैंक स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति' प्रदान करने के लिए रामकृष्ण मिशन की सहभागिता तथा उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, बिहार एवं झारखंड के 100 गांवों में अपने 'लाइटिंग ए बिलियन लाइव्स' कार्यक्रम के लिए द एनर्जी एंड रिसोर्सेज़ इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) की सहभागिता में संदान निधि का सृजन करना शामिल है.

आपके बैंक ने स्वच्छ भारत कोष (एसबीके) में अभिदान करके और ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र के स्कूलों में जेंडर आधारित अलग-अलग शौचालयों का निर्माण करवाकर भारत सरकार के लैंडमार्क मिशन (अर्थात् स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान [एसबीएसवीए]) में भाग लिया. आपके बैंक ने वित्त मंत्रालय द्वारा देश में वित्तीय साक्षरता के प्रसार के लिए तैयार की गई प्रधान मंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) मूल निधि में भी अभिदान किया.

सूचना प्रौद्योगिकी

आपके बैंक ने अपने लक्ष्य समूह द्वारा महसूस की जानेवाली आवश्यकताओं की पूर्ति और उनके लिए बैंकिंग को अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु अद्यतन प्रौद्योगिकी और सुरक्षा विशेषता युक्त व्यापक उन्नत वित्तीय सेवाएं एवं उत्पाद प्रदान करने के लिए अपनी प्रामाणिक आईटी श्रेष्ठता का पूर्ण लाभ उठाना जारी रखा.

आपके बैंक ने 2014-15 के दौरान बैंकिंग स्पेक्ट्रम की विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले अनेक महत्वपूर्ण आईटी चालित पहल-कार्यों की शुरुआत की. आपका बैंक 2014-15 के आरंभ में अपनी नियर डिज़ास्टर रिकवरी (डीआर) साइट को परिचालनगत कर त्रि-आयामी डेटा सेंटर की स्थापना करने वाले बैंकों की चयनित सूची में शामिल हो गया. यह आपके बैंक को अपने प्राथमिक डेटा सेंटर (डीसी) में आपदा की स्थिति से तुरंत उभरने की शक्ति प्रदान करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि महत्वपूर्ण लेनदेनों संबंधी डाटा का नुकसान न हो. आपका बैंक सहर्ष सूचित करता है कि इस वर्ष बैंक की डिज़ास्टर रिकवरी साइट को प्रतिष्ठित सूचना सुरक्षा प्रमाणपत्र आईएसओ 27001 मिला है; इसी प्रकार बैंक के प्राथमिक डेटा सेंटर को पिछले वित्तीय वर्ष में प्रमाणपत्र मिला था.

पिछले वित्तीय वर्ष में कोर बैंकिंग सॉफ्टवेयर में बायोमेट्रिक एक्सैस की शुरुआत करने वाले आपके बैंक ने वर्तमान वर्ष में संबंधित कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया. सभी वर्तमान और नई शाखाओं को अनिवार्य रूप से लॉगिन के लिए बायोमेट्रिक आधारित अधिप्रमाणन डिवाइस प्रदान किया गया. इस वर्ष यूआईडीएआई ने पहचान संबंधी धोखाधड़ी, दस्तावेज़ जालसाजी के जोखिम को कम करने और कागज रहित केवाईसी सत्यापन के लिए अपनी ई-केवाईसी सेवा की शुरुआत की है. यूआईडीएआई ने हाल ही में अपने द्वारा जारी किए गए आधार कार्ड पर आधारित संरक्षित और प्रामाणिक प्रणाली के माध्यम से भावी ग्राहकों से संबंधित डेटा उपलब्ध कराए हैं. ई-केवाईसी योजना को प्रधान मंत्री जन-धन योजना का योजक बनाया गया जिसका उद्घाटन 28 अगस्त 2014 को किया गया. भारत सरकार के सामाजिक सरोकार वाले पहल-कार्यों के अनुसरण के प्रति वचनबद्ध संस्था के रूप में आपके बैंक ने 25 अगस्त 2014 को केवाईसी सेवा एजेंसी (केएसए) के रूप में एनपीसीआई के माध्यम से ई-केवाईसी को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया.

आपके बैंक ने अपनी अधिकतम शाखाओं में मल्टी-प्रोटोकॉल लेबेल स्विचिंग (एमपीएलएस)- आधारित नेटवर्क कनेक्टिविटी का प्रावधान कर लिया है, जो शाखा कनेक्टिविटी के लिए अधिकतम अप-टाइम सुनिश्चित करेगा और जिससे निरंतर ग्राहक सेवा प्रदान करने की व्यवस्था होगी.

एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक होने के नाते वर्ष 2014-15 में आपके बैंक ने बोर्ड अनुमोदित सुदृढ़ ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) प्रबंध नीति के रूप में विशिष्ट पहल-कार्य का आरंभ किया. इस नीति के माध्यम से आपके बैंक ने उपयुक्त ई-वेस्ट प्रबंध सुनिश्चित करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि की. आपका बैंक अनुपयोगी कम्प्यूटरों, प्रिंटरों एवं सहायक उत्पादों, नेटवर्क उपकरणों, आईटी उत्पादों और सहायक/अन्य इलैक्ट्रिकल उपकरणों के रूप में परिभाषित ई-वेस्ट के हानिकारक प्रभावों की रोकथाम के लिए इस प्रकार की नीति बनाने वाला सरकारी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक है. अब से बैंक की सभी शाखाएं इस प्रकार के ई-वेस्ट का निपटारा राज्य/ केंद्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ डिसमेंटलर/ रीसाइकलर के रूप में अनिवार्य रूप से पंजीकृत सूचीबद्ध वेंडर के माध्यम से करेंगी. यह नीति कारोबार परिचालन में बैंक के 'हरित अधिदेश' कार्यक्रम के अनवरत अनुसरण का ही हिस्सा है. अनुपयोगी आईटी उपकरणों के निपटान की प्रक्रिया की शुरुआत इस प्रयोजन के लिए निर्धारित परिचालनगत दिशानिर्देशों के अनुसार की गई.

केंद्रीकृत परिचालन

आपके बैंक के पास केंद्रीकृत सेवाओं जैसे कार्ड विनिर्माण और सुपुर्दगी, पिन मेलर विनिर्माण और सुपुर्दगी, डीमैट खाता खोलने के लिए मुंबई में एक आधुनिकतम केंद्रीय प्रोसेसिंग इकाई (सीपीयू) है. आपके बैंक के पास बचत बैंक खाता, चालू खाता और सावधि जमा खाता खोलने के लिए विभिन्न केंद्रों में क्षेत्रीय प्रोसेसिंग इकाइयां (आरपीयू) भी हैं. सीपीयू और आरपीयू खाता खोलते समय केवाईसी और एएमएल के दृष्टिकोण से लगने वाले समय (टीएटी) में कटौती और लागत की बचत पर और बेहतर तथा एकीकृत नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं. सीपीयू और सभी आरपीयू को आईएसओ 9001-2008 के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणपत्र से प्रमाणित किया गया है.

आपका बैंक पूरे भारत में स्थित अपनी केन्द्रीय समाशोधन इकाइयों (सीसीयू) के माध्यम से कागज आधारित लिखतों और इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन लिखतों के भुगतान और संग्रहण की सेवा प्रदान करता है. चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) के माध्यम से समाशोधन कार्यकलापों की देखरेख के लिए चेन्नई, दिल्ली और मुंबई में तीन ग्रिड स्थित हैं. इन ग्रिडों के समाशोधन कार्यकलाप बड़ी सुगमता से सीटीएस में अंतरित हो गए हैं और यह रिज़र्व बैंक एवं एनपीसीआई द्वारा प्रस्तावित अनुसूचियों के अनुपालन में हुआ है.

ब्रांड इक्विटी

आपके बैंक के ब्रांड बनाने संबंधी किए गए प्रयासों के कारण मिलवार्ड ब्राउन (ब्रांड ज़ेड), इंटरब्रांड, ब्रांड फाइनान्स और ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट की ब्रांड रैंकिंग में बैंक की रैंकिंग में सुधार हुआ हैं. उपर्युक्त रैंकिंग ने बैंक की सकारात्मक छवि का भी प्रचार किया. मिलवार्ड ब्राउन (ब्रांड ज़ेड) और इंटरब्रांड जैसे अग्रणी वैश्विक शोध संगठनों ने हाल ही में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष 50 ब्रांडों की अपनी सूची प्रस्तुत की है. ब्रांड ज़ेड के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष 50 ब्रांडों में आपके बैंक का स्थान 39वां है जबकि इंटरब्रांड रैंकिंग के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष 50 ब्रांडों में इसे 37वां स्थान प्रदान किया गया है.

ब्रांड फाइनान्स द्वारा प्रकाशित विश्व की सर्वाधिक प्रतिष्ठित बैंकिंग रिपोर्ट-ब्रांड फाइनान्स बैंकिंग 500 के अनुसार पिछले वर्ष के दौरान आपके बैंक की गुणवत्ता में 79% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई. बैंक की ग्लोबल रैंकिंग 351 से सुधर कर 255वीं हो गई जबकि इसकी भारत की रैंकिंग 11वें से सुधर कर 9वीं हो गई.

ब्रांड विश्वसनीयता रिपोर्ट 2015 के अनुसार आपके बैंक की ब्रांड विश्वसनीयता रैंकिंग ने पिछले वर्षों के दौरान उल्लेखनीय प्रगति दर्शाई है. फरवरी 2015 में जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार इसे 2013 में 159वीं, 2014 में 85वीं और 2015 में 64वीं रैंकिंग प्राप्त हुई. बीएफएसआई श्रेणी में आपके बैंक को 5वां स्थान प्राप्त हुआ तथा बैंक पीएसयू श्रेणी में इसने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा. ब्रांड में बढ़ी हुई विश्वसनीयता वर्ष के दौरान यह संदेश देने के लिए की गई ब्रांडिंग तथा उत्पाद अभियानों का परिणाम है कि आपका बैंक एक ऐसा दोस्त है जो हमेशा अपने ग्राहकों के साथ खड़ा रहता है.

पुरस्कार और सम्मान

आपके बैंक के विज्ञापनों और प्रचार अभियानों को सभी विज्ञापन और बैंकिंग संघों के बीच अच्छी मान्यता दी गई. आपके बैंक को प्राइम टाइम अवार्ड्स में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अभियान (थिमैटिक)' के अंतर्गत गोल्ड से नवाजा गया. बैंक के संदेश ने भी एबीसीआई अवार्ड्स तथा पीआरसीआई अवार्ड्स की कई श्रेणियों में पुरस्कार जीते.

आपके बैंक को एनएसडीएल द्वारा अपने 29वें डीपी सम्मेलन में पीएसयू-बैंक की श्रेणी में डीमैट खाता खोलने के लिए स्टार परफार्मेंस अवार्ड 2014 से सम्मानित किया गया.

आपके बैंक को सरकार में आईसीटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्र में कार्य करने वाले तकनीकी मीडिया व अनुसंधान संगठन, एलेट्स टेकनोमीडिया द्वारा वर्ष 2014 के वित्तीय समावेशन एवं भुगतान प्रणाली (एफआईपीएस) पुरस्कार के लिए पीएसयू श्रेणी के अंतर्गत वित्तीय समावेशन पहल हेतु विजेता घोषित किया गया. एफआईपीएस पुरस्कार का उद्देश्य विभिन्न संगठनों द्वारा वित्तीय समावेशन, बैंकिंग प्रौद्योगिकी, भुगतान प्रणाली, मोबाइल बैंकिंग, स्वास्थ्य बीमा और अन्य वर्टिकल क्षेत्रों में निभाई जा रही प्रारम्भिक भूमिका का पता लगाना है. आपके बैंक को रायपुर नगर निगम पेंशन भोगियों के लिए रायपुर में बैंक द्वारा कार्यान्वित घर तक बैंकिंग योजना द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन वितरित करने के लिए मान्यता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया.

आपके बैंक ने हिंदी में पत्राचार के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया और अपने प्रयासों के लिए इसे सम्मान भी मिला. राजभाषा पर संसदीय समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में आपके बैंक द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की. आपके बैंक को वर्ष के दौरान हिंदी के प्रयोग में सराहनीय प्रदर्शन के लिए रिज़र्व बैंक गवर्नर से राजभाषा शील्ड पुरस्कार और राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सामाजिक, संस्कृतिक व साहित्यिक संस्था 'आशीर्वाद' से पुरस्कार प्राप्त हुआ. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक की तिमाही हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' को भी उसकी आकर्षक बाह्य सज्जा व विषयवस्तु के लिए 'राष्ट्रीय हिंदी अकादमी, रूपांबरा' द्वारा पुरस्कृत किया गया. पीआरसीआई एवं एबीसीआई की बैंक में विविध प्रकार से हिंदी के प्रसार से संबंधित श्रेणियों में भी इसे प्रशस्ति प्राप्त हुई.

बैंक की द्विभाषी गृह-पत्रिका श्री वयम् को भी 54वें एबीसीआई पुरस्कार की कई श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए. विगत वर्ष गृह-पत्रिका श्री वयम् को सर्वश्रेष्ठ सम्मान तब मिला जब इसे श्रेष्ठ गृह-पत्रिका श्रेणी में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार- सीएमओ एशिया अवार्ड से सम्मानित किया गया.

Management Discussion and Analysis

BUSINESS ENVIRONMENT

Global Economic Scenario

The global economic growth remained moderate in 2014 with disparate growth rates witnessed across the advanced and emerging economies. Among the advanced economies, the US had shown modest growth even as the European economies continued to exhibit economic sluggishness. Pace of growth in emerging market economies was more divergent in 2014. Most of the emerging market economies, barring China and India, registered slowdown in their growth momentum.

The global economic growth remained moderate in 2014 with disparate growth rates across the advanced and emerging economies. Most of the emerging market economies, barring China and India, registered slowdown in their growth momentum.

Domestic Economic Environment


The emerging macroeconomic trends indicate that the growth deceleration in the Indian economy has bottomed-out. Among other factors, various initiatives undertaken by the policymakers have aided in strengthening the growth prospects of the economy.

REAL SECTOR

Gross Domestic Product (GDP)

The Central Statistical Office (CSO) has released a new series of national accounts which incorporates revision in the base year from 2004-05 to 2011-12 and is on the lines of internationally accepted System of National Accounts (SNA) 2008.

GDP Growth at Constant Prices




The estimate at disaggregated level indicates that higher growth was registered across sectors, namely agriculture, industry and services sector. The new measure has also realigned the sectoral shares in the overall GVA. The contribution of the agriculture sector to overall GVA at basic price was somewhat higher than was hitherto being reflected on the basis of the earlier (2004-05) series. Furthermore, while services sector continues to be the growth engine of the Indian economy, there has been a realignment of sectoral shares in favour of the industrial sector mainly on account of the correction for underestimation of manufacturing GVA in the old series and overestimation of the trade sector GVA in services.

The demand side of the GDP portrayed mixed signals in 2014-15. While the both private and public consumption and fixed capital formation in the economy have remained healthy, the exports and imports have decelerated. This trend underscores that the ongoing growth revival is predominantly domestic consumption-driven.

Industrial Scenario

The Index of Industrial Production (IIP), which provides estimates on the performance of key industrial sectors,

Industrial Sector Performance




registered higher growth due to robust growth in electricity sector and turnaround in mining and manufacturing sector. In terms of use-based classification, barring consumer goods, all major categories viz. basic goods, capital goods and intermediate goods posted positive growth in 2014-15. Despite a marginal expansion in the industrial sector activity, the growth rate has remained subdued throughout the fiscal. The infrastructure sector performance, as gauged by the Index of Eight Core Industries, constituting around 38% in the overall IIP, has also remained muted, notwithstanding a robust contribution from electricity, coal and cement sectors, due to continuous contraction in output of natural gas and crude oil.

The Government and other policymakers have initiated various measures to boost performance of the industrial sector in general and manufacturing sector in particular. This is expected to yield positive results in the coming years.

Inflation

Inflation, after remaining high for a prolonged period, started showing signs of easing in 2014-15. Retail inflation, as measured by CPI inflation (All-India) emerged as the mainstay of the RBI's monetary policy and declined in 2014-15 after hovering around 9%-10% for the last two years. The easing CPI inflation during the fiscal is partly attributable to base effect and the seasonal softening of food prices in the latter half of the year. A fall in international crude oil prices also aided in lowering the CPI Fuel inflation. Core CPI inflation (non-food non-fuel) also exhibited signs of easing. Wholesale Price Index (WPI) (base year 2004-05), which remained persistently high at 6.0% - 9.0% during 2011-13, moderated to a low of 2.0% during the year on the back of lower food and fuel prices. Simultaneously, the tight monetary policy aided in keeping the demand pressures contained and created a buffer against any external shock by keeping volatility in the Rupee valuation under check. The CPI inflation, which trended well below the targeted 8.0% inflation by January 2015, prompted the Reserve Bank of India (RBI) to announce two rounds of rate cut amounting to 50 basis points in the fourth quarter of the fiscal.

Inflation Rates



6.0%
CPI inflation (Base Year 2012)

7.5%
Repo Rate at end of 2014-15, after cumulative rate cuts of 50 bps

Liquidity & Interest Rates

The Reserve Bank of India (RBI) maintained status quo on the key policy rate during the fiscal till January 2015 citing inflationary concerns. However, with the softening of the inflationary pressures, the RBI announced rate cut by 25 basis points each on two occasion, in January 2015 and in March 2015, effectively bringing down the Repo Rate to 7.50%.The Reserve Bank of India (RBI) also reduced the Statutory Liquidity Ratio (SLR) by 150 basis points during the fiscal to ensure comfortable liquidity position in the economy.

Yields on the 10 year G-Sec bond – a proxy of credit risk of the sovereign – eased in 2014-15. This reflected the optimistic market sentiments on the back of improving macroeconomic fundamentals and policy reforms to rekindle economic growth.

Liquidity conditions remained broadly balanced during 2014-15. Slower pace of growth in credit off-take in comparison to deposit mobilisation and drawdown of government cash surplus aided in easing the liquidity pressures. Further, with a view to ensure flexibility, transparency, and predictability in liquidity management operations, the RBI revised its liquidity management framework in September 2014.


External Sector Developments

India's external position remained comfortable in 2014-15 on the back of moderate trade and current account deficits, abundant financial flows, a build-up of foreign exchange reserves and broadly stable exchange rate movement. A robust external sector position in the fiscal facilitated in lifting the restriction on gold imports and lower international prices of crude oil helped in ushering reform in diesel pricing.

India's Trade Deficit, at US$ 137.0 billion in 2014-15, has remained comfortable, owing to lower import burden on the back of softer international crude oil prices. This was

despite the slowdown in exports on account of weak demand from major trading partners along with stronger Rupee valuation vis-à-vis US Dollar. The lower trade deficit led to lower Current Account Deficit (CAD) in 2014-15.

India's CAD position



Overall Balance of Payment (BoP) reflected considerable improvement on the back of favourable balance of trade position. A sizable increase in net financial flows aided in financing the CAD and facilitatedin building comfortable foreign exchange reserves.

Despite a rise in India's External Debt by 3.5% from end-March 2014 to US$ 461.9 billion as at end-December 2014, it remained within manageable limits aided by prudent external debt management policy of the Government of India.

Future Outlook

क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
8	सरस्वती पाड़ा, जगन्नाथपुर ग्राम में एक प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा करना	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	छत्तीसगढ़	12,55,675	9,41,756	0	12,55,675	टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
9	एसोचैम फाउंडेशन के सीएसआर वेब पोर्टल के निर्माण में सहायता प्रदान करना जिसका लक्ष्य समाज के शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए रोजगार का सृजन करना है	लैंगिक समानता तथा सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	नई दिल्ली	60,000	60,000	0	60,000	एसोचैम, नई दिल्ली
10	क्लब फूट वाले 500 बच्चों को 1,000 स्टेनबैक फूट एब्डक्शन ब्रेसेस उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता देना	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	नई दिल्ली	10,00,000	10,00,000	0	10,00,000	क्योर इंटरनेशनल, नई दिल्ली
11	शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए चिकित्सा कैंप का आयोजन तथा चिकित्सा सहायता प्रदान करना	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	वड़ोदरा, गुजरात; गुवाहाटी, असम; त्रिची, तमिलनाडु; नोएडा, उत्तर प्रदेश	1,00,00,000	72,77,526	200	72,77,726	आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, कानपुर
		लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	स्थानीय	नवी मुंबई, महाराष्ट्र					
12	ग्रामीण तथा जनजाति की 165 महिलाओं के लिए संस्थागत जननी सेवाओं (शिशुओं की अस्पताल आधारित डिलिवरी तथा उसके बाद की सुरक्षा) के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने हेतु वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	मैसूर, कर्नाटक	10,35,000	10,35,000	0	10,35,000	स्वामी विवेकानंद यूथ मूवमेंट (एसवीवाईएम), कर्नाटक
		लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना							

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
13	लद्दाख में बाढ़ प्रभावित तारु गाँव को गोद लेना	ग्रामीण विकास परियोजनाएं	अन्य	लेह, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर	3,55,00,000	1,31,05,711	0	3,26,37,104	टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
14	कागजी लिफाफा बनाने की परियोजना को वित्तीय सहायता	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	4,75,000	2,37,500	0	2,37,500	नैशनल एसोसिएशन फॉर डिसेबल्ड इंटरप्राइज (एनएडीई), मुंबई
15	2 ग्रामीण पाठ-शालाओं में 7 कक्षाओं का निर्माण	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	इरोड, तथा टूटीकोरिन, तमिलनाडु	51,94,000	38,95,500	0	51,94,000	ईशा विद्या रूरल स्कूल्स, कोयंबतूर
16	एसआरईएसटीए परियोजना के अंतर्गत 355 युवाओं हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण कुशलता कार्यक्रम	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	शिवगंगई, तमिलनाडु	40,00,000	30,00,000	0	40,00,000	तिरुचिरापल्ली रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज - साइंस एंड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योर्स पार्क (टीआरईसी - एसटीईपी), त्रिची
17	सर्वाधिक निर्धन क्षेत्रों के 2000 छात्रों के लिए एजुकनेक्ट कार्यक्रम	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	शिरडी, महाराष्ट्र	4,98,000	3,73,500	0	4,98,000	फ्रेंड्स यूनियन फॉर एनर्जाइजिंग लाइव्स (एफयूईएल), पुणे
18	कार्डिएक एंबुलेंस का दान	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	10,84,619	10,84,619	0	10,84,619	जसलोक हॉस्पिटल, मुंबई,
19	30 छात्रों के लिए एम के निःशुल्क छात्रावास जिनमें 20 माह के लिए भोजन, आवास, कपड़े, पुस्तकें आदि शामिल हैं	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	10,50,000	6,30,000	0	7,35,000	एम फॉर सेवा, चेन्नई

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
20	शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को यातायात सुविधा प्रदान करने के लिए टाटा विंगर वाहन की खरीद हेतु वित्तीय सहायता तथा आंध्र प्रदेश के पूर्व गोदावरी जिले में 94 पीडब्ल्यूडी को सहायता एवं उपकरणों का वितरण.	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	काकीनाडा, आंध्र प्रदेश	11,54,655	11,54,655	0	11,54,655	उमा एजुकेशनल एंड टेक्निकल सोसाइटी, काकीनाडा
21	जागृति परियोजना के अंतर्गत कन्याओं के लिए चिल्ड्रन होम इकाई की तल मंजिल पर 4 कमरों का निर्माण	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	कर्जत, महाराष्ट्र	30,00,000	10,00,000	0	10,00,000	लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट, कर्जत
22	बाल अवैध व्यापार के मुद्दे को सहायता प्रदान करने हेतु संलाप परियोजना के लिए वित्तीय सहायता - पहुंचाने के लिए एक परियोजना	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	28,00,000	28,00,000	0	28,00,000	चाइल्ड राइटस् एंड यू, कोलकाता
23	मुंबई में सरकारी सहायता प्राप्त 200 स्कूलों में 'दि हिन्दू इन स्कूल' संस्करण प्रायोजित करना	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	7,20,000	4,68,000	0	7,20,000	दि हिन्दू, मुंबई
24	100 सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सर्वाधिक निर्धन बच्चों के लिए स्कूल तथा भोजन प्रायोजित कर शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए विशेष स्कूल को 6 माह की अवधि हेतु सहायता	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	10,00,000	5,00,000	0	10,00,000	इंस्टीट्यूट फॉर द हैंडीकैप्ड एंड बैकवर्ड पीपल, कोलकाता

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
25	कमजोर वर्ग के 333 व्यक्तियों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	चेन्नई, तमिलनाडु	12,50,000	6,25,000	0	9,37,500	शंकर नेत्रालय, चेन्नई
26	संवेदनशील ब्लड बैंक उपकरणों (ईक्विप्मेंटस्) की खरीद के लिए वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	राजकोट, गुजरात	19,60,000	19,60,000	0	19,60,000	सौराष्ट्र मेडिकल एंड एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट, राजकोट
27	जलवायु/ स्मार्ट जल प्रबंधन परियोजना को सहायता	पर्यावरणीय स्थायित्व सुनिश्चित करना	अन्य	कांचीपुरम, तमिलनाडु	14,25,000	7,12,500	0	7,12,500	सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर चेंज, चेन्नई
28	गदाधर पाठशाला में शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक स्टाफ के वेतन को सुरक्षित करने के लिए एंडोमेंट निधि का सृजन	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	30,00,000	30,00,000	0	30,00,000	रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर, कोलकाता
29	श्री शनेश्वर ग्रामीण अस्पताल हेतु गहन चिकित्सा वेंटिलेटर का दान	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य	अहमदनगर, महाराष्ट्र	7,87,500	7,87,500	0	7,87,500	श्री शनेश्वर रूरल हॉस्पिटल, अहमदनगर
30	100 गांवों में लाइटिंग ए बिलियन लाइव्स कार्यक्रम	पर्यावरणीय स्थायित्व सुनिश्चित करना	अन्य	उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार तथा झारखंड	2,52,72,500	50,54,500	0	50,54,500	द एनर्जी रिसोर्स इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
31	झुग्गी झोंपड़ी के बच्चों के फुटबॉल कार्यक्रम के लिए खेल उपकरणों की खरीद	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	1,20,000	60,000	0	1,20,000	ऑस्कर फाउंडेशन, मुंबई

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
32	कर्जत के ग्रामीण क्षेत्र में शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता और पहुंच के मुद्दे पर समुदाय समावेशी पुनर्वास (आईसीबीआर) और समावेशी शिक्षा तथा स्थाई जीविका सेवाएं मुहैया कराना	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	स्थानीय	ठाणे, महाराष्ट्र	25,41,664	5,00,000	0	10,00,000	टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, मुंबई
33	वृद्धाश्रम में दो इकाइयों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	बैंगलुरु, कर्नाटक	10,00,000	10,00,000	0	10,00,000	वानप्रस्थ आश्रम, बैंगलुरु
34	400 स्कूलों में जल स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सुविधाएं	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	लातूर, महाराष्ट्र तथा मिजापुर, उत्तर प्रदेश	2,67,04,545	1,36,36,363	0	1,36,36,363	यूनिसेफ, नई दिल्ली
35	मोरीगांव जिला, असम में मॉडल ग्राम का निर्माण	ग्रामीण विकास परियोजनाए	अन्य	मोरीगांव, असम	35,55,200	15,57,050	0	15,57,050	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि, असम
36	इसाबेला थोबर्न कॉलेज, लखनऊ में वर्षा-जल संग्रहण परियोजना	पर्यावरणीय स्थायित्व सुनिश्चित करना	अन्य	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	7,69,000	3,84,500	0	3,84,500	इंटरनैशनल एकैडमी ऑफ एनवायरमेंटल सैनीटेशन एंड पब्लिक हेल्थ, उत्तर प्रदेश
37	पीएमजेडीवाई की मूल निधि में सहायता	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य तथा स्थानीय	सम्पूर्ण भारत	2,26,00,000	2,26,00,000	0	2,26,00,000	प्रत्यक्ष रूप से
38	वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य तथा स्थानीय	सम्पूर्ण भारत	74,752	74,752	0	74,752	प्रत्यक्ष रूप से

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
39	पिछड़े समुदायों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए स्थायी निधि का सृजन	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य तथा स्थानीय	सम्पूर्ण भारत	5,00,00,000	5,00,00,000	0	5,00,00,000	रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ
40	अन्न अमृत कार्यक्रम के तहत मिड-डे-मील को वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	9,00,000	6,75,000	0	9,00,000	इस्कॉन फूड रिलीफ फाउंडेशन, महाराष्ट्र.
41	ग्रामीण युवा प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	खुर्दा, ओड़ीशा	22,51,170	15,62,792	0	15,62,792	साईं आनंदम ट्रस्ट, उड़ीसा
42	आपदाग्रस्त स्थानों पर 5 आंगनवाड़ी केन्द्रों (एडबल्यूसी) अथवा सहायक नर्स मिडवाइफ केन्द्रों (एएनएम) का निर्माण	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	पिथौरागढ़, उत्तराखंड	28,75,000	11,50,000	0	11,50,000	उत्तराखंड सरकार
43	'सेंटर ऑफ एक्सिलेंस' संस्थान के प्रांगण में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाना	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना पर्यावरणीय स्थायित्व सुनिश्चित करना	अन्य	चेन्नई, तमिलनाडु	25,00,000	18,75,000	0	18,75,000	मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, चेन्नई
44	डिजाइनर कैन्डल शोरूम की स्थापना तथा परिचालनगत लागतों में सहायता देना	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	नामची, सिक्किम	16,90,000	5,30,000	0	5,30,000	एनईडीएफआई, सिक्किम
45	बागरुम्बा बुनकर सोसाइटी के लिए सामान्य सुविधा केंद्र का निर्माण	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	नालबाड़ी, असम	20,00,000	14,50,000	0	20,00,000	एनईडीएफआई, असम

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	**(2)** राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		**(1)** परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	**(2)** अतिरिक्त व्यय		
46	ठाणे, कल्याण और भिवंडी में तथा उसके आसपास जीविका और व्यावसायिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान करना	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	ठाणे, महाराष्ट्र	15,00,000	7,50,000	0	7,50,000	उरवी विक्रम धर्मार्थ ट्रस्ट, महाराष्ट्र
47	चुने हुए गांवों में 30 स्ट्रीट सोलर लाइट प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता	पर्यावरणीय स्थायित्व सुनिश्चित करना	अन्य	बाराबंकी, उत्तर प्रदेश	30,00,000	7,50,000	0	7,50,000	प्रत्यक्ष रूप से
48	वृद्धाश्रम में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाना, वर्षा जल संग्रहण और चिकित्सा सुविधा	लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना पर्यावरणीय स्थायित्व सुनिश्चित करना	अन्य	कर्जत, महाराष्ट्र	30,00,000	30,00,000	0	30,00,000	श्री कामाक्षी ट्रस्ट, मुंबई
49	पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब की स्थापना और कूलिंग सिस्टम के साथ वाटर प्यूरिफायर लगाना	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना	अन्य	रायपुर, छत्तीसगढ़	10,00,000	10,00,000	0	10,00,000	प्रयास गर्ल्स रेजिडेंशियल हाई स्कूल, रायपुर
50	स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण और स्वच्छ भारत कोष के अंतर्गत अंशदान	स्वास्थ्य सुविधा एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना	अन्य तथा स्थानीय	सम्पूर्ण भारत	9,00,00,000	6,88,77,768	0	6,88,77,768	प्रत्यक्ष रूप से
51	विविध	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	0	25,600	25,600	प्रत्यक्ष रूप से
	कुल				**33,42,67,735**	**23,43,56,947**	**25,800**	**25,95,99,559**	

6. यदि बैंक विगत तीन वित्तीय वर्षों या उनके किसी भाग के औसत निवल लाभ का 2 प्रतिशत व्यय करने में असफल रहता है तो कंपनी को अपने बोर्ड की रिपोर्ट में राशि व्यय न करने के कारण बताने होंगे.

कंपनी अधिनियम, 2013 की विस्तृत रूपरेखा के अनुरूप आईडीबीआई बैंक ने अपनी अधिकांश सीएसआर गतिविधियों को परियोजना/ कार्यक्रम के रूप में संचालित किया है. अतः विभिन्न कार्यक्रमों के चरणबद्ध कार्यन्वयन के उद्देश्य से और कुछ कार्यक्रमों में लगातार वर्षों में वास्तविक व्यय के अधिक होने से बैंक ₹ 23.44 करोड़ व्यय करने की स्थिति में है जो ₹ 26.29 करोड़ के बजट व्यय का लगभग 89.16% है.

7. सीएसआर समिति का यह उत्तरदायित्व कथन है कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों एवं नीतियों के अनुपालन के अनुरूप है.

आईडीबीआई बैंक की सीएसआर समिति घोषित करती है कि सीएसआर समिति और इसका कार्यान्वयन तथा निगरानी पूर्णतः कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों के अनुपालन के अनुरूप है.

ह./-
एम.एस. राघवन
(डीआईएन - 05236790)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं
सीएसआर समिति के अध्यक्ष
30 अप्रैल 2015

बोर्ड, इसकी समितियों और स्वतंत्र निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन संबंधी विवरण

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(4) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार उपर्युक्त विषय पर ब्योरे नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:

(i) बोर्ड की नामांकन समिति की सिफ़ारिशों के आधार पर निदेशक मंडल ने 4 जुलाई 2014 को बैंक के निदेशकों की नियुक्ति और मूल्यांकन नीति बनाई है.

(ii) मानदंड जिनके आधार पर निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन आवश्यक है, मूल्यांकन शीट में दिए गए हैं, उन्हें बोर्ड द्वारा तैयार तथा अनुमोदित किया गया है और निदेशकों की नियुक्ति और मूल्यांकन नीति का हिस्सा बनाया गया है. बोर्ड द्वारा सभी निदेशकों के मूल्यांकन और स्वतंत्र निदेशक समिति द्वारा गैर-स्वतंत्र निदेशकों तथा बोर्ड के अध्यक्ष के मूल्यांकन के लिए अलग मूल्यांकन शीट तैयार की गई है.

(iii) साथ ही, बोर्ड के अनुमोदन से निदेशक मंडल और बोर्ड की समितियों के वार्षिक मूल्यांकन के लिए भी मूल्यांकन शीट तैयार की गई है.

(iv) स्वतंत्र निदेशकों की समिति ने दिनांक 19 मार्च 2015 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष सहित सभी गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन और समग्र रूप से बोर्ड के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया.

(v) बोर्ड ने दिनांक 28 मार्च 2015 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के सभी निदेशकों के कार्य-निष्पादन के साथ-साथ बोर्ड की समितियों का भी मूल्यांकन किया. बोर्ड द्वारा जिन निदेशकों का मूल्यांकन किया गया ऐसे संबंधित निदेशकों ने स्वयं के मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान बैठक में भाग नहीं लिया.

कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन, यदि कोई हो

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बैंकिंग के कारोबार को जारी रखा और इसके कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ.

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान नियुक्त होने और त्यागपत्र देने वाले निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का विवरण

निदेशकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/समाप्ति	दिनांक
श्री सुभाष तुली	निर्वाचित निदेशक के रूप में अधिकतम छह वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर निदेशकता की समाप्ति	21.07.14

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/समाप्ति	दिनांक
श्री पी. सीताराम	मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यकाल की समाप्ति	04.03.2015
श्री एन.एस. वेंकटेश	मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में नियुक्ति	04.03.2015

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक की बनने वाली या न रहने वाली सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या संबद्ध कंपनियों के नाम

सहायक कंपनियों के नाम	बनाई गई / न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

सहयोगी कंपनियों के नाम	बनाई गई / न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

संयुक्त उद्यमों के नाम	बनाई गई / न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय V के अधीन शामिल जमाओं से संबंधित विवरण और उन जमाओं के विवरण जो इस अधिनियम के अध्याय V की आवश्यकताओं के अनुपालन में शामिल नहीं हैं.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73(1) के परंतुक के अनुसार इस उप-धारा का कोई भी अंश बैंकिंग कंपनी पर लागू नहीं होगा, अतः उपर्युक्त विवरण के प्रकटन की आवश्यकता आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं है.

संबंधित मौजूदा स्थिति और कंपनी के परिचालनों को भविष्य में प्रभावित करने वाले सार्थक और महत्वपूर्ण आदेशों के विवरण जो विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित किए गए हैं

आईडीबीआई बैंक की कार्यशील संस्था के रूप में स्थिति और भविष्य में कंपनी के परिचालनों को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई आदेश विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित नहीं किए गए हैं

स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

वर्ष 2014-15 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित / प्रतिनियुक्त किया गया. इस संबंध में विस्तृत ब्योरे आपके बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत दिए गए हैं:

http://www.idbi.com/pdf/Familiarisation-Programme-for-Directors.pdf

सतर्कता प्रणाली की स्थापना

कंपनी (बोर्ड की बैठकें और इसकी शक्तियाँ) नियम, 2014 के नियम 7 और सूचीबद्धता करार के खंड 49 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(9) और (10) की आवश्यकताओं के अनुसार निदेशक मंडल ने एसीबी की सिफ़ारिश पर आईडीबीआई बैंक के निदेशकों और कर्मचारियों के लिए अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या बैंक की आचार संहिता और नैतिक नीति के उल्लंघन संबंधी वास्तविक चिंताओं को रिपोर्ट करने के लिए सतर्कता प्रणाली की स्थापना का अनुमोदन किया. यह सतर्कता प्रणाली इसका उपयोग करने वाले व्यक्तियों को उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करती है. इसके अतिरिक्त, किसी निदेशक या कर्मचारी द्वारा दायर की गई बार-बार परेशान करने वाली शिकायतों के मामले में एसीबी उस निदेशक या कर्मचारी के विरुद्ध भर्त्सना सहित उपयुक्त कार्रवाई कर सकती है. बैंक द्वारा सतर्कता प्रणाली नीति वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत रखी गई है जिसमें सतर्कता प्रणाली की स्थापना के ब्योरे दिए गए हैं:

http://www.idbi.com/pdf/Policy-on-Vigil-Mechanism.pdf

महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण हेतु नीति

सूचीबद्धता करार के उपवाक्य 49 की आवश्यकताओं के अनुसार बोर्ड ने दिनांक 05 सितंबर 2014 को संपन्न अपनी बैठक में महत्वपूर्ण

सहायक संस्थाओं के निर्धारण के लिए नीति स्थापित की. यह नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत दी गई है:

http://www.idbi.com/pdf/materialsubsidiaries.pdf

संबद्ध पक्ष लेन-देनों पर कार्रवाई संबंधी नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 और सूचीबद्धता करार के खंड 49 के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड ने दिनांक 05 सितंबर 2014 और 26 सितंबर 2014 को संपन्न अपनी बैठक में आईडीबीआई बैंक में संबद्ध पक्ष लेन-देनों पर कार्रवाई संबंधी नीति बनाई है.

संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है:

http://www.idbi.com/pdf/RPTpolicyforwebsite.pdf

लेखाकरण व्यवहार का प्रकटन

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के प्रावधानों के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में लेखाकरण मानदंड में निर्धारित विधियों से अलग कोई भी विधि नहीं अपनायी गई है. अतः इस संबंध में प्रबंधन की ओर से कोई भी स्पष्टीकरण अपेक्षित नहीं है.

निदेशकों के पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्तियां भारत सरकार द्वारा की जाती हैं तथा उनका पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां भी भारत सरकार द्वारा तय की जाती हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण तालिका 2 में दिया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के आपके बैंक के साथ आर्थिक संबंध/लेन-देन शून्य रहे.

तालिका 3 : अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते (सरकारी आदेशों के अनुसार)	श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - ₹ 80,000/- प्रति माह का वेतन और 107% की दर से ₹ 85600/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,65,600/. श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक - 71,030/- ₹ प्रति माह का वेतन और 107% की दर से ₹ 76,002.10/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,47,033/. श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक - 68,960/- ₹ प्रति माह का वेतन और 107% की दर से ₹ 73,787.20/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,42,748/.
आतिथ्य	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशक, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशक दोनों को किराया-मुक्त सज्जित आवास.
वाहन व्यय	कार्यालयीन उद्देश्यों के लिए बैंक की कार का निःशुल्क उपयोग.
छुट्टी यात्रा रियायत	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशक दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए 2 वर्षों के ब्लॉक में एक बार.
पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई है, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा छः माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.
कार्यकाल	श्री एम.एस. राघवन - भारत सरकार की दिनांक 5 जुलाई 2013 की अधिसूचना सं.एफ.नं.4/4/2012-बीओ.I द्वारा 30 जून 2015 तक की अवधि तथा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त. श्री राघवन ने 5 जुलाई 2013 को कार्य ग्रहण किया था. श्री बी.के. बत्रा- 12 जनवरी 2012 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं.9/14/2009-बीओ.आई द्वारा 13 जनवरी 2012 से अधिवर्षिता की तारीख (31.07.2016) तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री एम.ओ. रेगो- 30 अगस्त 2013 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं.7/3/2011-बीओ.आई द्वारा उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री रेगो ने 30 अगस्त 2013 को पदभार ग्रहण किया था.

अन्य स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रति बैठक ₹ 10,000/- का बैठक शुल्क प्रति बोर्ड, ईसी और एसीबी के लिए और बोर्ड समिति की अन्य बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 5,000/- अदा किये गये. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा आपके बैंक द्वारा निदेशकों को उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए स्वतंत्र निदेशकों को प्रदत्त बैठक शुल्क की राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

स्वतंत्र निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रदत्त बैठक शुल्क (₹)
श्री पी.एस. शेनॉय	6,05,000
श्री सुभाष तुली (21.07.2014 तक)	50,000
श्री एस. रवि	6,00,000
श्री निनाद कर्पे	4,75,000
श्री पंकज वत्स	2,95,000

कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अधीन प्रकटन

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, के पारिश्रमिक का निर्धारण भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप पारिश्रमिक में लागू वृद्धि सहित भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया जाता है. उपर्युक्त पैरा में उल्लेख किए अनुसार बोर्ड के अन्य निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) अर्थात् मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव सहित बैंक के अन्य कर्मचारियों को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू तथा सरकारी क्षेत्र के मानदंडों के अनुसार पारिश्रमिक में लागू वृद्धि के साथ बैंक द्वारा अपनाए गए सरकारी क्षेत्र के वेतनमानों के अनुसार पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन का संबंध बैंक के कार्य-निष्पादन सहित कई अन्य कारकों से होता है. बैंक ने कोई एफपीओ नहीं जारी किया है अतः बैंक के शेयर के बाजार कोटेशन की कोई तुलना संभव नहीं है. तथापि, वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए बैंक के शेयरों के बाजार मूल्य, वित्तीय अनुपात आदि का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा सीएमडी/डीएमडी सहित कर्मचारियों, जो भारत सरकार के अनुसार वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं, के पारिश्रमिक के संबंध में कोई परिवर्तनशील वेतन अवधारणा लागू नहीं है. यथा 31 मार्च 2015 को बैंक के रोल पर कर्मचारियों की संख्या 16,555 थी जिनमें 443 कर्मचारी संविदा आधार पर थे तथा अन्य सभी कर्मचारी स्थायी थे. यहां इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार हैं तथा प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक तथा माध्यिका कर्मचारी के पारिश्रमिक का अनुपात तथा अन्य विवरण ऊपर किए गए प्रकटन के आधार पर हैं तथा ये कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) का अनुपालन में हैं.

महासभा की बैठकें

आपके बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 30 जून 2014 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण तालिका 4 में दिया गया है.

तालिका 4 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

गत तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान व समय.	1) 30 जून 2014 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जे. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 10वीं वार्षिक महासभा). 2) 04 सितंबर 2013 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई- 400 018 (आपके बैंक की 9वीं वार्षिक महासभा). 3) 06 सितंबर 2012 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई- 400 018 (आपके बैंक की 8वीं वार्षिक महासभा).

क्या पिछली वार्षिक महासभा में कोई विशेष संकल्प पारित किये गये थे	हां, आपके बैंक की 30 जून 2014 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में (i) बैंक की पूंजी बढ़ाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को प्राधिकृत करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) धन उधार लेने के लिए बोर्ड को प्राधिकृत करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) बैंक के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किया गया.
क्या गत वर्ष डाक मतपत्रों के ज़रिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पद्धति ब्यौरा	हाँ, निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम/रिवर्स इन्क्वायरी / एमटीएन कार्यक्रमों के तहत आबंटन के ज़रिए उधार के लिए शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन 02 सितंबर 2014 और 05 दिसंबर 2014 को डाक मतदान के ज़रिए दो विशेष संकल्प पारित किए गए.
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं. के श्री एस. एन. अनंतसुब्रमणियन, कंपनी सचिव
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतपत्र के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है	सूचीबद्धता करार के खंड 35 (बी) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार बैंक की आगामी 11वीं महासभा में सदस्यों को वोट देने के लिए ई-वोटिंग सुविधा/कागजी डाक मतदान सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है.

डाक मतदान के ज़रिए संकल्प पारित करना

आपके बैंक ने निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम/रिवर्स इन्क्वायरी / एमटीएन कार्यक्रमों के तहत आबंटन के ज़रिए उधार के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 और अन्य लागू प्रावधानों के अधीन विशेष संकल्प पर डाक मतदान के ज़रिए अपने सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की.

डाक मतदान की प्रक्रिया

आपके बैंक ने 2014-15 के दौरान शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए दो बार डाक मतदान प्रक्रिया आयोजित की. पारित किए गए संकल्पों और डाक मतदान की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :

	02 सितंबर 2014 को डाक मतदान के ज़रिए पारित किया गया विशेष संकल्प	**05 दिसंबर 2014 को डाक मतदान के ज़रिए पारित किया गया विशेष संकल्प**
मांगे गए अनुमोदन	वित्तीय वर्ष 2014 - 15 या संकल्प पारित होने की तारीख से एक वर्ष के दौरान, जो भी बाद में हो, निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम/ रिवर्स इन्क्वायरी / एमटीएन कार्यक्रमों के तहत आबंटन के ज़रिए एक या अधिक श्रृंखलाओं में (i) ₹ 4,000 करोड़ और (ii) 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समतुल्य तक विदेशी मुद्रा संसाधन जिसमें सीनियर बांड, बासेल III अनुपालित टीयर II बांड / अतिरिक्त टीयर I बांड शामिल हैं, जुटाने के लिए बैंक के निदेशक मंडल को प्राधिकार देने के लिए विशेष संकल्प के ज़रिए शेयरधारकों के अनुमोदन प्राप्त किए गए.	02 सितंबर 2014 को पारित विशेष संकल्प में आंशिक संशोधन के साथ बैंक के निदेशक मंडल को वित्तीय वर्ष 2014 - 15 या इस संकल्प के पारित किए जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान, जो भी बाद में हो, (i) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के ज़रिए ₹ 15,000 करोड़ की बढ़ी हुई रुपया उधार सीमा जिसमें सीनियर बांड , इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड, बासेल III अनुपालन युक्त टीयर II बांड / अतिरिक्त टीयर I बांड शामिल हैं, की एक या अधिक श्रृंखलाओं में संग्रहण और (ii) बकाया के समतुल्य यूएसडी 7.5 बिलियन तक के विदेशी मुद्रा संसाधनों के संग्रहण को जारी रखने के लिए प्राधिकार देने हेतु विशेष संकल्प के ज़रिए शेयरधारकों का अनुमोदन लिया गया.

	02 सितंबर 2014 को डाक मतदान के ज़रिए पारित किया गया विशेष संकल्प	05 दिसंबर 2014 को डाक मतदान के ज़रिए पारित किया गया विशेष संकल्प
संवीक्षक	निदेशक मंडल ने दिनांक 04 जुलाई 2014 को संपन्न अपनी बैठक में डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया आयोजित करने के लिए मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियम एंड कं., कंपनी सचिव के श्री एस. एन. अनंतसुब्रमणियम को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया.	निदेशक मंडल ने दिनांक 26 सितंबर 2014 को संपन्न अपनी बैठक में डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया आयोजित करने के लिए मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियम एंड कं., कंपनी सचिव के श्री एस. एन. अनंतसुब्रमणियम को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया.
सूचना की तारीख	07 जुलाई 2014	29 सितंबर 2014
डाक मतदान फार्मों की प्राप्ति की अंतिम तारीख	27 अगस्त 2014	29 नवंबर 2014
संवीक्षक की रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	संवीक्षक को भौतिक मतपत्र और ई-वोटिंग दोनों के ज़रिए 2545 मतपत्र प्राप्त हुए. डाले गए 1,39,12,45,062 मतों में से 1,39,08,94,847 मत कुल मत का 99.98% संकल्प के पक्ष में और 3,50,215 मत कुल मत का 0.02% संकल्प के विरुद्ध डाले गए.	संवीक्षक को भौतिक मतपत्र और ई-वोटिंग दोनों के ज़रिए 3883 मतपत्र प्राप्त हुए. डाले गए 1,41,95,08,487 मतों में से 1,41,91,46,755 मत कुल मत का 99.97% संकल्प के पक्ष में और 3,61,732 मत कुल मत का 0.03% संकल्प के विरुद्ध डाले गए.
	दिनांक 01 सितंबर 2014 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार संकल्प अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया. मंगलवार दिनांक 02 सितंबर 2014 को अध्यक्ष द्वारा डाक मतदान का परिणाम घोषित किया गया और आपके बैंक, आरटीए, अर्थात् कार्वी और एनएसडीएल की वेबसाइटों पर इसे प्रदर्शित किया गया. इसे स्टॉक एक्सचेंज जहां आपके बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात् बीएसई और एनएसई को भी प्रकट किया गया.	दिनांक 04 दिसंबर 2014 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार संकल्प अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया. शुक्रवार दिनांक 05 दिसंबर 2014 को अध्यक्ष द्वारा डाक मतदान का परिणाम घोषित किया गया और आपके बैंक, आरटीए, अर्थात् कार्वी और एनएसडीएल की वेबसाइटों पर इसे प्रदर्शित किया गया. इसे स्टॉक एक्सचेंज जहां आपके बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात् बीएसई और एनएसई को भी प्रकट किया गया.
ई-वोटिंग सुविधा	आपके बैंक ने ऊपर उल्लिखित दोनों डाक मतदानों के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में अपना मतदान करने हेतु एक अन्य विकल्प के रूप में ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान की.	

प्रकटन

1 01 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 के दौरान निम्न को छोड़कर, ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें आपके बैंक के किसी निदेशक की हितबद्धता हो :

i. ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) - श्री एस. रवि कंपनी में एक स्वतंत्र निदेशक थे. तथापि, ओएनजीसी को एक सरकारी कंपनी होने के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

ii. आईडीबीआई म्यूचुअल फंड (आईडीबीआई एसेट मैनेजमेंट लि. द्वारा प्रस्तुत) - श्री एम. एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आईडीबीआई म्यूचुअल फंड के बोर्ड में हैं. तथापि, आईडीबीआई म्यूचुअल फंड आईडीबीआई बैंक लि. की सहायक कंपनी है, इसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

iii. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड - श्री एम. एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के बोर्ड में हैं. तथापि, आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड आईडीबीआई बैंक लि. की सहायक कंपनी है, इसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

iv. क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (सीसीआईएल)- श्री एम. ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक सीसीआईएल के बोर्ड में हैं. तथापि, सीसीआईएल को सरल निपटान को सुगम बनाने के लिए ओवरड्राफ्ट सुविधा मंजूर की गई है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

2 पिछले तीन वर्षों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज या सेबी या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर आपके बैंक पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड, कटु आलोचना के विवरण निम्नलिखित हैं :

वित्तीय वर्ष 2012-13	शून्य
वित्तीय वर्ष 2013-14	(i) भारतीय रिज़र्व बैंक ने केवाईसी और एएमएल दिशानिर्देशों संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों का उल्लंघन करने पर बैंक पर ₹ 10 मिलियन का दंड लगाया. (ii) सेबी ने, वेल्पसन इंडिया लि. के 50 लाख इक्विटी शेयर 22 अप्रैल 2010 को क्यूआईपी माध्यम से खरीदने के लिए सेबी के अधिग्रहण और पीआईटी विनियमों के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा प्रकटन सूचना की प्राप्ति में विलंब के लिए आपके बैंक पर ₹ 2 लाख का दंड लगाया.
वित्तीय वर्ष 2014-15	रिज़र्व बैंक ने दिनांक 25 जुलाई 2014 के अपने आदेश के ज़रिए डेक्कन क्रोनिकल होल्डिंग्स लि. के संबंध में बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए ₹ 15 लाख का दंड लगाया है.

आचार संहिता और सदाचार

आपके बैंक के निदेशक मंडल ने इसके निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए 'आचार संहिता तथा सदाचार' को अपनाया है. सूचीबद्धता करार के खंड 49 की अपेक्षाओं के अनुपालन में आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है :

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा घोषणा

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह/-
एम.एस. राघवन
(डीआईएन - 05236790)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
10 अप्रैल 2015

भेदिया व्यापार की रोकथाम

सेबी (भेदिया व्यापार का प्रतिषेध) विनियमावली 2015, जो 15 मई 2015 से प्रभावी हुई है, की अपेक्षा के अनुसार आपके बैंक ने उचित प्रकटन और भेदिया व्यापार प्रतिषेध हेतु आचरण की व्यापक संहिता तैयार की है. सेबी (भेदिया व्यापार का प्रतिषेध) विनियमावली 2015 के विनियम 8(1) एवं (2) के अनुसार बैंक द्वारा तैयार की गई उचित प्रकटन संहिता की सूचना दोनों स्टॉक एक्सचेंजों (एनएसई एवं बीएसई) को दी गई हैं जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं और ये निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत बैंक की वेबसाइट www.idbi.com पर उपलब्ध हैं:

http://www.idbi.com/pdf/investor/Prevention_of_Insider_Trading.pdf

सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत किए गए हैं.

सहायक कंपनियां

31 मार्च 2015 को आपके बैंक के पूर्ण स्वामित्ववाली पांच सहायक कंपनियां थीं, जिनके नाम हैं: आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि, आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड. आपके बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में रखने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी संशोधित खंड 49 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है. बैंक की लेखा परीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त आपके बैंक की बोर्ड बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किये जाते हैं.

अनुपालन अधिकारी

श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव, अनुपालन अधिकारी हैं. वे परिचालनों का पर्यवेक्षण करते हैं और सचिवालयीन अनुपालनों के संबंध में यह सुनिश्चित करते हैं कि ये परिचालन सेबी विनियमों और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ सूचीबद्धता करारों की अपेक्षाओं के अनुरूप हों.

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव को बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है. दिनांक 25 अप्रैल 2015 की सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई है.

सूचना के साधन

आपके बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा आपका बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणामों को प्रकाशित करता है. इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ आपके बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर भी उपलब्ध कराई गई है.

ऐसे दस्तावेज, जो वर्णित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को नहीं भेजे गये हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा शेयरधारकों से संबंधित अन्य सामान्य सूचनाओं का ब्योरा क्रमशः तालिका 5 और तालिका 6 में दिया गया है.

तालिका 5 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना

i.	एजीएम की तारीख, समय और स्थान	बुधवार, 12 अगस्त 2015 अपराह्न 3.30 बजे., यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400021
ii.	वित्तीय वर्ष	01 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015
iii.	कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित सूची बद्धता करार के खंड 35बी और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि.	ई-वोटिंग अवधि शनिवार, 8 अगस्त 2015 को भारतीय मानक समय के अनुसार पूर्वाह्न 12.00 बजे से प्रारंभ होगी और मंगलवार, 11 अगस्त 2015 को भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 5.00 बजे समाप्त होगी. जिन सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है उनके लिए कागजी वोटिंग अवधि, डाक मतदान के ज़रिए मंगलवार, 11 अगस्त 2015 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी.
iv.	लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	6 से 12 अगस्त 2015 (दोनों दिनों सहित)
v.	लाभांश वारंट प्रेषण की तारीख	बुधवार, 2 सितंबर 2015
vi.	लाभांश भुगतान की तारीख	बुधवार, 9 सितंबर 2015
vii.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता	बीएसई लि. (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)
viii.	स्टॉक कोड/प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई - आईडीबीआई

ix.	रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500032.
x.	शेयर अंतरण प्रणाली	शेयर अंतरण कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं.
xi.	वित्तीय कैलेंडर	01 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 : 1) 30 जून 2014 को समाप्त तिमाही के परिणाम 06 अगस्त 2014 को अनुमोदित किए गए. 2) 30 सितंबर 2014 को समाप्त तिमाही / छमाही के परिणाम 31 अक्तूबर 2014 को अनुमोदित किए गए. 3) 31 दिसंबर 2014 को समाप्त तीसरी तिमाही / नौ महीने के परिणाम 06 फरवरी 2015 को अनुमोदित किए गए. 4) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित परिणाम 26 मई 2015 को अनुमोदित किए गए.
xii.	प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	बुधवार, 10 अगस्त 2015 को अपराह्न 3.30 बजे तक
xiii.	तिमाही परिणामों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक	संबंधित तिमाही के समापन से 45 दिनों के भीतर और वार्षिक लेखापरीक्षित परिणाम हेतु वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 60 दिनों के भीतर.
xiv.	गैर-कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों तथा परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	यथा 31 मार्च 2015 को श्री एस. रवि स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक के पास आईडीबीआई बैंक लि. के 200 शेयर थे.

आईडीबीआई के शेयरों का एनएसई और बीएसई में सक्रिय रूप से कारोबार होता है. एक्सचेजों के पास सूचीबद्ध सभी प्रतिभूतियों के संदर्भ में वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क आज की तारीख तक अदा किया जा चुका है.

तालिका 6: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) और बीएसई लि. (बीएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2014 - मार्च 2015 (₹)

	एनएसई		बीएसई			एनएसई		बीएसई	
माह	**उच्च**	**निम्न**	**उच्च**	**निम्न**	**माह**	**उच्च**	**निम्न**	**उच्च**	**निम्न**
अप्रैल 2014	69.30	64.10	69.30	64.10	अक्तूबर 2014	70.60	60.00	70.55	60.05
मई 2014	97.85	66.25	97.65	66.25	नवंबर 2014	73.90	68.10	73.80	68.20
जून 2014	112.70	97.30	112.75	97.10	दिसंबर 2014	73.40	65.20	73.45	65.25
जुलाई 2014	108.00	88.20	107.90	88.35	जनवरी 2015	76.95	70.80	76.90	70.80
अगस्त 2014	91.40	75.95	91.25	76.10	फरवरी 2015	76.25	64.30	76.25	64.35
सितंबर 2014	80.05	59.50	80.05	60.10	मार्च 2015	81.95	70.10	81.95	70.00

शेयरधारिता का स्वरूप - यथा 31 मार्च 2015

मार्च 2015 के अंत में आपके बैंक के शेयरधारकों की प्रमुख श्रेणियों द्वारा शेयरधारिता के ब्योरे और वितरण अनुसूची नीचे तालिका 7 और तालिका 8 में दिए गए हैं.

तालिका 7 : 31 मार्च 2015 के अंत में शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
भारत सरकार	1,22,70,18,622	76.50%
कर्मचारी	9,94,266	0.06%
जनता	11,91,30,933	7.43%
हिन्दू अविभाजित परिवार	32,86,637	0.20%
कंपनी निकाय	1,92,10,597	1.20%
संस्थाएं		
अ) बैंक	33,53,050	0.21%
आ) विदेशी संस्थागत निवेशक	5,35,69,666	3.34%
इ) राज्य वित्त निगम	35,680	0.00%
ई) वित्तीय संस्थाएं	1,44,09,594	0.90%
उ) म्यूचुअल फंड	11,27,016	0.07%
सोसायटी	28,960	0.00%
न्यास	11,57,182	0.07%
बीमा कंपनियां	15,47,03,233	9.65%
अनिवासी भारतीय	53,82,015	0.34%
निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) एवं उनके रिश्तेदार		
(i) श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक	1,001	0.00%
(ii) श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक	460	0.00%
(iii) श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक	200	0.00%
(iv) श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ	160	0.00%
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	5,48,333	0.03%
पात्र विदेशी निवेशक	0	0.00%
कुल योग	**1,60,39,57,605**	**100.00%**

तालिका 8 : 31 मार्च 2015 के अंत में वितरण अनुसूची

क्रम सं.	श्रेणी		शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों में %	राशि (₹)	कुल राशि में %
	से	तक				
1	1	5000	3,71,271	90.78%	56,60,03,700.00	3.53%
2	5001	10000	22,305	5.45%	17,26,02,760.00	1.08%
3	10001	20000	9,019	2.21%	13,37,16,210.00	0.83%
4	20001	30000	2,389	0.58%	6,09,68,720.00	0.38%
5	30001	40000	1,104	0.27%	3,95,68,710.00	0.25%
6	40001	50000	790	0.19%	3,73,92,530.00	0.23%
7	50001	100000	1,143	0.28%	8,42,28,120.00	0.53%
8	10001 और अधिक		962	0.24%	14,94,50,95,300.00	93.18%
कुल			**4,08,983**	**100.00%**	**16,03,95,76,050.00**	**100.00%**

शेयर अंतरण प्रणाली एवं निवेशक शिकायत समाधान:

शेयर अंतरण प्रक्रिया को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अंतरण ज्ञापन (एमओटी) को साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति गठित की गई है.

1 अप्रैल 2014 को निवेशकों से 216 शिकायतें निवारण के लिए लंबित थीं. 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंटों को शेयरधारकों/निवेशकों से कुल 9,973 शिकायतें प्राप्त हुईं. वर्ष के दौरान सभी 10,188 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2015 को 1 शिकायत का निवारण लंबित था.

शेयरों के संबंध में 1 अप्रैल 2014 को अंतरण के लिए कोई भी मामला लंबित नहीं था. 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंटों को शेयरों के अंतरण के लिए 948 अनुरोध प्राप्त हुए. वर्ष के दौरान शेयरों के अंतरण से संबंधित सभी 948 अनुरोधों पर कार्रवाई की गई और 31 मार्च 2015 को कोई भी अनुरोध लंबित नहीं था.

अदावी उचंत खाते में इक्विटी शेयर

सूचीबद्धता करार के खंड 5ए(I) के अनुसार आपका बैंक अदावी उचंत खाते में पड़े इक्विटी शेयरों के संदर्भ में निम्न ब्योरे रिपोर्ट कर रहा है:

अदावी उचंत खाते के ब्योरों का प्रकटन (सूचीबद्धता करार के खंड 5ए के अधीन)

क्रम सं.	विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
(i)	दिनांक 1 अप्रैल 2014 को अदावी उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	4,946	8,86,154
(ii)	दिनांक 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 के दौरान अदावी उचंत खाते से शेयरों का अंतरण करवाने के लिए बैंक से संपर्क करनेवाले शेयरधारकों की संख्या	48	10,220
(iii)	उन शेयरधारकों की संख्या, जिनके शेयर दिनांक 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 के दौरान अदावी उचंत खाते से अंतरित किए गए	48	10,220
(iv)	दिनांक 31 मार्च 2015 को अदावी उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	4,898	8,75,934

तालिका 9 : डिमटेरियलाइजेशन का विवरण तथा पत्राचार के लिए पता

शेयरों का डिमटेरियलाइजेशन और चलनिधि

शेयरधारिता का स्वरूप	शेयरधारकों की संख्या	शेयर	प्रतिशत
कागजी रूप में	72,243	1,71,82,911	1.07%
एनएसडीएल (डीमटेरियलाइज्ड)	2,28,985	32,81,61,187	20.46%
सीडीएसएल (डीमटेरियलाइज्ड)	1,07,755	1,25,86,13,507	78.47%
कुल	**4,08,983**	**1,60,39,57,605**	**100.00%**

बकाया जीडीआर/एडीआर/ वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक लि. ने जीडीआर/ एडीआर/ वारंट आदि जारी नहीं किए हैं.
प्लांट का स्थान	लागू नहीं. तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थान के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर उपलब्ध है.
पत्राचार के लिए पता	**आईडीबीआई बैंक लि.** सीआईएन - L65190MH2004GOI148838 इक्विटी कक्ष- बोर्ड विभाग, आईडीबीआई बैंक लि., 20वीं मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 फोन- 022 - 66552779, 66553062, 66552620 फैक्स - 022 - 2218 23 52 ई-मेल - idbiequity@idbi.co.in वेबसाइट - www.idbi.com **रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट** कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500 032 फोन : (040) 33211500 टोल फ्री नंबर: 1-800-3454001 फैक्स नं. : (040) 23420814 ई-मेल : einward.ris@karvy.com
सहायक कंपनियों के पंजीकृत कार्यालयों के पते	**आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लिमिटेड** तीसरी मंज़िल, मफतलाल सेंटर, नरीमन प्वाइंट, मुंबई - 400 021 **आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड** आईडीबीआई बिल्डिंग, पहली मंज़िल, प्लॉट नं. 39-41, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400 614 **आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड** आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 **आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड** आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 **आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड** एशियन बिल्डिंग, तल मंज़िल, 17, आर. कामानी मार्ग, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई - 400 001

खंड 49 की अनिवार्य / गैर-अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुपालन की स्थिति

बैंक ने सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 में दी गई सभी लागू अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर स्टॉक एक्सचेंज को निर्दिष्ट प्रारूप में कॉरपोरेट अभिशासन पर तिमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करता रहा है. खंड 49 के अंतर्गत दी गई गैर-अनिवार्य आवश्यकताओं के संदर्भ में स्थिति निम्नलिखित हैः

क्रम सं.	गैर-अनिवार्य आवश्यकताएं	स्थिति
1.	एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष को कंपनी के खर्च पर अध्यक्ष कार्यालय को बनाए रखने का अधिकार होगा और उन्हें उनके द्वारा दायित्व के निर्वहन पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति भी प्राप्त होगी.	12 अगस्त 2015 को आगामी एजीएम में अंतर्नियम 116(1) (ए) में संशोधन कर एमडी एवं सीईओ के अलावा अध्यक्ष का एक अलग पद सृजित किया जा रहा है.
2.	पिछले 6 महीनों की महत्वपूर्ण घटनाओं के संक्षिप्त विवरण सहित वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्द्धवार्षिक घोषणा प्रत्येक शेयरधारक के घर भेजी जाए.	बोर्ड के अनुमोदन के तुरंत बाद शेयर धारकों और अन्य अंशधारकों की जानकारी टके लिए तिमाही और अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणामों को समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाता है और साथ ही स्टॉक एक्स्चेंज के माध्यम से प्रसारित किया जाता है.
3.	बैंक अनक्वालिफाइड वित्तीय विवरण व्यवस्था की ओर अग्रसर हो सकता है.	बैंक की लेखापरीक्षक रिपोर्टों को अनक्वालिफाइड रखना जारी रखा गया है.
4.	कंपनी द्वारा अध्यक्ष और एमडी/सीईओ पद के लिए अलग-अलग व्यक्ति की नियुक्ति की जाए.	भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में 12 अगस्त 2015 को होने वाली आगामी एजीएम में संस्था के अंतर्नियम के अंतर्नियम 116(1)(ए) में संशोधन करके वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद को दो पदों अर्थात् एक अध्यक्ष व एक प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (एमडी सीईओ) में पृथक करने का प्रस्ताव है.
5.	आंतरिक लेखापरीक्षक द्वारा सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करना.	आंतरिक लेखापरीक्षक श्री उमेश जैन, मुमप्र एसीबी को रिपोर्ट करते हैं.

फॉर्म सं. एमआर-3
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम सं.9 के अनुसरण में]

प्रति,
सदस्यगण,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,
कफ परेड,
मुंबई - 400 005.

हमने **आईडीबीआई बैंक** लिमिटेड (जिसे इसमें इसके पश्चात् कंपनी कहा गया है) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छी कॉरपोरेट प्रथाओं के पालन की सचिवीय लेखा परीक्षा की है. सचिवीय लेखा परीक्षा इस प्रकार संचालित की गई है जिससे हमें कॉरपोरेट आचरणों/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और उन पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए पर्याप्त आधार मिल सका.

कंपनी की बहियों, कागजात, कार्यवृत्त बहियों, दाखिल किए गए फार्मों एवं विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य रिकॉर्ड और सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारियों के सत्यापन के आधार पर हम एतद्द्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में कंपनी ने **31 मार्च 2015** को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और साथ ही कंपनी के पास इसमें इसके पश्चात् की गई रिपोर्टिंग के विस्तार तक, उसी प्रकार से और उसके अध्यधीन उपयुक्त बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन-प्रणाली है:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी द्वारा अनुरक्षित बहियों, कागजात, कार्यवृत्त बहियों, फाइल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों तथा अन्य रिकार्डों की जांच की है :

i. कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;

ii. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम,1956 ('एससीआरए') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;

iii. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके अधीन तैयार की गई विनियमावली तथा उप-विधियों;

निवेश पर न लिए गए लाभ/ हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में निर्धारित किया जाता है.
Unrealised gains/losses on investments are recognised in the respective fund's Revenue Account.

निवेशों का अंतरण / Transfer of investments

निवेशों का शेयरधारकों की निधि से पॉलिसीधारकों की निधि में अंतरण रखाव राशि या बाजार मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है. तथापि ऋण प्रतिभूति के मामले में सभी अंतरण निवल परिशोधनीकृत लागत पर किए जाते हैं. यूनिट संबद्ध निधियों के निवेशों में अंतरण बाजार मूल्य पर किया जाता है.
Transfer of investments from Shareholders' Fund to the Policyholders' Fund is at carrying amount or market price, whichever is lower. However in case of debt securities all transfers are carried out at the net amortised cost. Transfer of investments between unit linked funds is done at market price.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

7. डेरिवेटिव लेन-देन / Derivative Transactions:

'हेज' के रूप में नामित लेन-देनों में / In Transactions designated as 'Hedge':

क) डेरिवेटिव लेन-देन पर भुगतान योग्य/ प्राप्य निवल ब्याज की गणना उपचय आधार पर की जाती है.

a) Net interest payable/ receivable on derivative transactions is accounted on accrual basis.

ख) हेज स्वैपों के अवधिपूर्व समाप्त होने पर किसी लाभ/ हानि को स्वैप की शेष संविदात्मक अवधि या आस्ति/ देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के आधार पर माना जाता है.

b) On premature termination of Hedge Swaps, any profit/ losses are recognised over the remaining contractual life of the swap or the residual life of the asset/ liability whichever is lesser.

ग) अंतर्निहित देयता में परिवर्तन से हेज स्वैपों को पुनः अभिनामित करने की गणना के लिए इसे एक हेज की समाप्ति और दूसरे का अर्जन माना जाता है.

c) Redesignation of hedge swaps by change of underlying liability is accounted as the termination of one hedge and acquisition of another.

घ) हेज संविदाओं की गणना तब तक बाजार मूल्य के अनुसार नहीं की जाती जब तक कि उसके अंतर्निहित मूल्य को भी बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता. बाजार के लिए अंकित हेज संविदाओं के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

d) Hedge contracts are not marked to market unless the underlying is also marked to market. In respect of hedge contracts that are marked to market, changes in the market value are recognised in the Profit And Loss account.

'ट्रेडिंग' के रूप में नामित लेन-देनों में / In Transactions designated as 'Trading':

क्रय-विक्रय के लिए नामित बकाया डेरिवेटिव लेन-देनों की गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है जिनमें ब्याज दर स्वैप, परस्पर मुद्रा स्वैप, परस्पर मुद्रा विकल्प एवं ऋण चूक स्वैप शामिल हैं. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/ हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है. विकल्पों पर प्रीमियम को तुलन पत्र की मद के रूप में दर्शाया जाता है और इसे परिपक्वता/ निरस्त होने पर लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes Interest Rate Swaps, Cross Currency Swaps, Cross Currency Options and Credit Default Swaps, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the Profit And Loss Account. Premium on options is recorded as a Balance Sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ) खंड में क्रय-विक्रय के लिए नामित डेरिवेटिव लेन-देनों मुद्रा फ्यूचर्स, मुद्रा ऑप्शन और ब्याज दर फ्यूचर्स शामिल हैं, जिनकी गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है और उनका नकदी निपटान टी+1 आधार पर किया जाता है. इन लेन-देनों से हुए लाभ/हानि को संबंधित एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित की गई माह के अंत की निपटान तारीख को लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Derivative Transactions in Exchange Traded Currency Futures (ETCF's) segments designated as trading includes Currency Futures, Currency Options and Interest Rate Futures which are measured at their fair value and are cash settled on T+1 basis. The resulting profits / losses on these transactions are transferred to Profit & Loss Account on the month end settlement date stipulated by Respective Exchanges.

फ्यूचर्स एवं ऑप्शन में लेन-देन / Transactions in Futures and Options

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में फ्यूचर्स कांट्रैक्ट/ ऑप्शन बिक्री के समय देय प्रारंभिक मार्जिन राशि एक्सचेंजों में सावधि जमा, नकदी जमा व प्रतिभूतियों के रूप में जमाराशियों से समायोजित की जाती है.

In case of IDBI Capital Market Services Ltd., Initial Margin payable at the time of entering into futures contract / sale of options is adjusted against the deposits with the exchanges in the form of fixed deposits, cash deposits and securities.

फ्यूचर्स कांट्रैक्ट में लेन-देनों को संविदा के कल्पित क्रय-विक्रय मूल्य पर खरीद एवं बिक्री के रूप में शामिल किया जाता है. तुलन पत्र की तारीख को फ्यूचर्स की खुली संविदा को उसके कल्पित मूल्य द्वारा समायोजित कर दिया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Transactions in Future contracts are accounted as Purchase and Sales at the notional trade value of the contract. The open interest in futures as at the Balance Sheet date is netted by its notional value.

निपटान मूल्य अथवा विगत दिवस के एक्सचेंज के बंद भाव व अगले दिन के एक्सचेंज के बंद भाव के अंतर के कारण एक्सचेंज को अदा की गई या प्राप्त की गई राशि को मार्क टू मार्केट मार्जिन के रूप में चिह्नित किया जाता है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते की शेष राशि तुलन पत्र की तारीख तक फ्यूचर्स कांट्रैक्ट के खुली संविदा के मूल्य में घट-बढ़ के फलस्वरूप अदा की गई या प्राप्त की गई निवल राशि होती है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते की निवल नामे शेष राशि राजस्व को प्रभारित की जाती है, जबकि निवल जमा शेष राशि को चालू देयताओं में दर्शाया जाता है.
The difference in the settlement price or exchange closing price of the previous day and exchange closing price of the subsequent day, paid to or received from the exchange is treated as Mark to Market Margin. The balance in the Mark to Market Margin Account represents the net amount paid or received on the basis of movement in the prices of open interest in futures contracts till the balance sheet date. Net debit balance in the Mark to Market Margin Account is charged off to revenue whereas net credit balance is shown under current liabilities.

ऑप्शनों के क्रय-विक्रय पर अदा की गई या प्राप्त की गई प्रीमियम तथा ऑप्शन के प्रयोग के चलते अदा या प्राप्त की गई अंतर राशि को खरीद या बिक्री के हिसाब में लिया जाता है. तुलन पत्र की तारीख के अनुसार बेचे गए ऑप्शनों के खुली संविदा के मामले में ऑप्शन से प्राप्त प्रीमियम की राशि से तुलन पत्र की तारीख को लागू प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है. तुलन पत्र में लागू प्रीमियम के मुकाबले प्राप्त प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उसे निर्धारित नहीं किया जाता है. इसी प्रकार ऑप्शन खरीदी के मामले में ऑप्शन से प्राप्त प्रीमियम की राशि से तुलन पत्र की तारीख को लागू प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है किंतु तुलन पत्र में लागू प्रीमियम के मुकाबले प्राप्त प्रीमियम की राशि अधिक होने पर उसे अनदेखा किया जाता है. बहुविध खुली स्थितियों के मामले में क्रय व विक्रय, दोनों ही स्थितियों में प्रावधान किया जाता है या शेष राशियों का समंजन करके अतिरिक्त प्रीमियम को अनदेखा किया जाता है.
Premium paid or received on purchase and sale of options and the difference paid or received on exercise of options is accounted as Purchases or Sales. In case of open interest in options sold as on the balance sheet date, provision is made for the amount by which premium prevailing on the Balance Sheet date exceeds the premium received for those options. The excess of premium received over the premium prevailing on the Balance Sheet date is not recognised. Similarly, in case of options bought, provision is made for the amount by which the premium paid for the option exceeds the premium prevailing on the Balance Sheet date and the excess of premium prevailing on the Balance Sheet date over the premium paid is ignored. In case of multiple open positions, provision is made or excess premiums are ignored after netting off the balances in buy as well as sell positions.

ब्याज दर स्वैप / Interest Rate Swaps

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में प्राथमिक डीलरशिप परिचालनों के संबंध में बंद किए गए परिचालनों के ब्याज दर स्वैप की कल्पित प्राथमिक राशि में से संबंधित आस्तियों और देयताओं को घटाया जाता है. ब्याज दर स्वैप में लाभ या हानि को संविदा की शर्तों के अनुसार देय तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.
In case of IDBI Capital Market Services Ltd., Assets and Liabilities in respect of notional principal amount of Interest Rate Swaps of the discontinued operations pertaining to Primary Dealership operations are netted. Gain or loss on Interest Rate Swaps is accounted for on due dates as per the terms of the contract.

8. अचल आस्तियां एवं मूल्यह्रास / Fixed Assets and depreciation:

बैंक के मामले में / In case of Bank

i. अचल आस्तियों को जहां कहीं पुनर्मूल्यांकित किया गया हो, के अलावा परंपरागत लागत (संस्थापन लागत सहित) पर लिया जाता है. पुनर्मूल्यांकन पर कोई वृद्धि होने पर उसे 'पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व' खाते में जमा किया जाता है. पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के मामलों में पुनर्मूल्यांकन के फलस्वरूप हुए अतिरिक्त मूल्यह्रास को पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.
Fixed assets are carried at historical cost (inclusive of installation cost) except wherever revalued. The appreciation on revaluation, if any, is credited to the `Revaluation Reserve' Account. In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from Revaluation Reserve to the Profit and Loss account.

ii. ₹ 5000 से कम लागत की अलग-अलग अचल आस्तियों पर उनके अर्जन के वर्ष में पूर्ण मूल्यह्रास किया जाता है.
Fixed assets individually costing less than ₹ 5000 are fully depreciated in the year of addition.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. मूर्त आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान प्रबंधन द्वारा अनुमानित आस्तियों के उपयोगी जीवनकाल पर किया जाता है. मूल्यह्रास तथा परिशोधन पद्धति, उपयोगी जीवनकाल और शेष मूल्यों की आवधिक समीक्षा की जाती है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार किसी आस्ति को अर्जित करते समय उस आस्ति के अनुमानित जीवनकाल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवन काल/ शेष उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगाई जाती है.
Depreciation on tangible asset is allocated over useful life of the asset as estimated by the management. Depreciation and amortisation methods, useful lives and residual values are reviewed periodically. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/ remaining useful life.

iv. प्रबंधन अन्य अचल आस्तियों के लिए उपयोगी जीवनकाल का अनुमान निम्नानुसार लगाता है:
The Management estimates the useful lives for the other fixed assets as follows:

आस्ति / Asset	**अनुमानित उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) Estimated Useful Life (in Years)**
परिसर / Premises	61.35
फर्नीचर एवं फिक्स्चर्स / Furniture and fixtures	12
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी / Electrical installation and machinery	12
मोटर वाहन / Motor vehicles	5
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित) / Computers (including integral software)	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वी-सैट उपकरण / VSAT equipment	10
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	5

v. इन सभी आस्तियों का जीवन काल कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के भाग सी के तहत प्रस्तावित उपयोगी जीवनकाल से भिन्न है. सम्पन्न आंतरिक निर्धारण और तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर प्रबंधन विश्वास करता है कि उपरोक्त उपयोगी जीवनकाल उस सर्वोत्तम अवधि को प्रस्तुत करता है जिस अवधि तक प्रबंधन इन आस्तियों के उपयोग की आशा करता है. वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के परिवर्धन / बिक्री पर मूल्यह्रास आस्तियों के वास्तव में धारित करने की अवधि के लिए प्रदान किया जाता है.
The useful lives for these assets are different from the useful lives as prescribed under Part C of Schedule II of the Companies Act 2013. Based on internal assessment and technical evaluation carried out, the Management believes that the useful lives as given above best represent the period over which Management expects to use these assets. Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets were actually held.

vi. लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है.
Leasehold land is amortised over the period of lease.

₹ 2.5 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 5 वर्ष होती है.
Computer Software (non-integral) individually costing more than ₹ 2.50 Lakh is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 5 years.

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसरण में आस्तियों के मूल्यह्रास की दरों का निर्धारण आस्तियों के उपयोगी जीवन काल पर विचार करने के बाद किया गया है. इसका प्रभाव कंपनीवार निम्नलिखित है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Pursuant to the Schedule II of the Companies Act, 2013 the rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset. The impact of which is mentioned company wise as under.

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में, अचल आस्तियों का निर्धारण संचित मूल्यह्रास और हानि को घटाकर अर्जन लागत पर किया जाता है. लागत मूल्य में आस्तियों के अर्जन एवं संस्थापन से संबंधित मालभाड़ा, शुल्क, कर और प्रासंगिक व्यय शामिल होते हैं. इसके उपरांत आस्तियों पर उपगत खर्च तभी किया जाएगा जब इन आस्तियों से भविष्य में लाभ/ कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि की संभावना हो. मौजूदा अचल आस्तियों के मरम्मत एवं रखरखाव और कल-पुर्ज़ों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है.

In case of IDBI Asset Management Ltd., Fixed assets are carried at cost of acquisition less accumulated depreciation and impairment. Cost includes freight, duties, taxes, and incidental expenses related to the acquisition and installation of the assets. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalised only when it increases the future benefit/ functioning capability from/ of such assets. All expenses on existing fixed assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred.

मूल्यह्रास का प्रावधान सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) पर यथा निर्धारित रूप में किया जाता है. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्तियों के अर्जन के समय अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल या इसके उपरांत की जाने वाली समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर उच्च दर पर किया जाता है. परिवर्तनों के अनुसरण में कुछ आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास दर संशोधित की गई है तथा कुछ आस्तियों के मूल्यह्रास दर में परिवर्तन होने से पड़ने वाले प्रभाव को चालू वित्तीय वर्ष में, साथ ही साथ आस्तियों के शेष बचे उपयोगी जीवन काल में संबंधित लाभ/ हानि पर समायोजित किया जाएगा. इस नीति के अनुसरण में, निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का निर्धारण किया गया है:

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed. If the Management's estimate of the useful life of a Fixed Asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/ remaining useful life. Pursuant to the changes, the rate of depreciation has been revised in respect of certain assets and the impact on account of change in depreciation rate in some of the assets would be adjusted in the current financial year as well as in the remaining useful life of the asset against the respective profit/ loss of the year. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

अचल आस्तियों की श्रेणी **Class of Fixed Assets**	**मूल्यह्रास की पुरानी दर (% में) - (एसएलएम आधार पर)** **Old Rate of Depreciation (In %) - (SLM Basis)**	**मूल्यह्रास की नई दर (% में) - एसएलएम आधार पर (01 अप्रैल 2014 से लागू)** **New Rate of Depreciation (In%)- SLM basis (applicable from April 01, 2014)**
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture & Fixtures	8.33	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	8.33	19.00
आईटी हार्डवेयर / IT Hardware	33.33	33.33
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं Consumer durables with Employees	20.00	20.00

कंपनी आस्ति के उपयोग होने की तारीख से और किसी आस्ति के बेचे जाने पर बेचे जाने की तारीख तक के लिए आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.

The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

वित्तीय तथा गैर-वित्तीय सहायक संस्था / Financial and non financial subsidiary

आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, अचल आस्तियों को उनकी अर्जन लागत और उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने की लागत पर संचित मूल्यह्रास घटाकर उल्लिखित किया गया है. बेचे गए सॉफ्टवेयरों, जिन पर स्वाम्य अधिकार कंपनी के पास है, को लागत पर पूंजीकृत किया गया है. अचल आस्तियों पर प्रावधान अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया गया है. जिन कंप्यूटरों को 60% की दर से मूल्यह्रासित किया गया था उन्हें अब अनुसूची II के प्रावधानों के अनुसार मूल्यह्रासित किया जा रहा है. अचल आस्तियों के परिवर्धन / से घटाव पर मूल्यह्रास ऐसे परिवर्धन/घटाव, जो भी मामला हो, की तारीख से / तक आनुपातिक आधार पर किया जाता है. ₹ 5000 से कम लागत वाली अलग-अलग अचल आस्तियों को उनके अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है. अमूर्त आस्तियों (कंप्यूटर सॉफ्टवेयर) को 5 वर्ष की अवधि के दौरान समान रूप से परिशोधित किया जाता है.
In case of IDBI Intech Ltd., Fixed Assets are stated at cost of acquisition, including any cost attributable for bringing the asset to its working condition for its intended use, less accumulated depreciation. The Softwares sold, on which propriety rights continue with the Company, are capitalised at cost. Depreciation on Fixed Assets is provided on the written down value method. Computers which were depreciated at the rate of 60 per cent are now being depreciated as per provisions of Schedule II. Depreciation on additions to/ deletions from Fixed Assets is provided on pro rata basis from / up to the date of such addition/ deletion as the case may be. Fixed Assets individually costing less than ₹ 5000/- are fully depreciated in the year of addition. Intangible Assets (Computer Software) are amortised equally over a period of five years.

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ के मामले में, अचल आस्तियों को अर्जन की मूल लागत तथा उनके अर्जन के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर उल्लिखित किया गया है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. मूल्यह्रास निर्धारित दर पर अवलिखित मूल्य आधार पर किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक लगाया जाता है. कम लागत वाली अलग-अलग आस्तियों (₹ 5000 से कम राशि में अर्जित) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है.
In case of IDBI Trusteeship Services Ltd., Fixed Assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written Down Value basis as prescribed. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired for less than ₹ 5,000/-) are depreciated in the year of acquisition.

अमूर्त आस्तियों को संचित परिशोधन घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्तियों का परिशोधन आस्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया जाता है.
Intangible Assets are stated at cost of acquisition less accumulated amortisation. Amortisation of intangible assets is provided on Written Down Value method on the basis of estimated useful life of the asset.

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ के मामले में, कानून में परिवर्तन के अनुरूप, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार 01 अप्रैल 2014 से अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान करने संबंधी अपनी नीति में संशोधन किया है. कंपनी ने मूर्त आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान करने की अपनी पद्धति को पूर्वव्यापी प्रभाव से कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में निर्धारित दरों पर अवलिखित मूल्य पद्धति से उनके अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के दौरान सीधी रेखा पद्धति में परिवर्तित किया है. प्रबंधन को विश्वास है कि इस परिवर्तन से अधिक उपयुक्त प्रस्तुतिकरण हो सकेगा और यह समय स्वरूप, जिनमें इन आस्तियों के प्रयोग से आर्थिक लाभ होगा, का प्रतिनिधित्व करते हुए मूल्यह्रास के प्रावधान के लिए सुव्यवस्थित आधार प्रदान करेगा.
In case of Idbi Capital Market Services Ltd., in line with change in statute, the Company has revised its policy for providing depreciation on Fixed Assets effective from April 1, 2014 to fall in line with Schedule II to Companies Act 2013. The Company has with retrospective effect changed its method of providing depreciation on tangible assets from the 'Written Down Value' method, at the rates prescribed in Schedule XIV to the Companies Act, 1956 to 'Straight Line' method, over their estimated useful life as specified. Management believes that this change will result in more appropriate presentation and will give a systematic basis of depreciation charge, representative of the time pattern in which the economic benefits will be derived from the use of these assets.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अमूर्त आस्तियों (कंप्यूटर सॉफ्टवेयर) तथा वेब ट्रेडिंग पोर्टल का परिशोधन 3 वर्ष की अवधि के दौरान किया जाता है और स्टॉक एक्सचेंज सदस्यता कार्ड 4.75% प्रति वर्ष की दर से परिशोधित होता है.
Intangible Assets (computer software) & web trading portal are amortised over a period of 3 years and Stock Exchange membership card amortised at 4.75% p.a.

प्रबंधन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग राइट के आर्थिक मूल्य का अनुमान उसके उपयोग मूल्य के आधार पर लगाता है. कंपनी इसका परिशोधन 21 वर्षों में करती है, बशर्ते ऐसा कोई साक्ष्य न हो कि इसका उपयोगी जीवनकाल कम है.
The Management estimates the economic value of Bombay Stock Exchange Trading Rights based on the value in use. The Company amortises it over 21 years unless there is evidence that its useful life is shorter.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेस कंपनी लि. के मामले में
In case of Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर उल्लिखित किया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और उस आस्ति को उसके उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपगत अन्य लागत शामिल हैं. प्रबंधन द्वारा अनुमानित या निर्धारित रूप में आस्ति की प्रत्येक श्रेणी के न्यूनतम उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अर्जन की तारीख से / बिक्री की तारीख तक आनुपातिक रूप में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है, जो नीचे उल्लिखित है:
Fixed Assets are stated at cost less accumulated depreciation. Cost includes the purchase price and any cost directly attributable to bringing the asset to its working condition for its intended use. The depreciation is provided using Straight Line Method ('SLM') prorated from the date of acquisition/up to the date of sale, based on lower of useful life for each class of asset as estimated by the management or as prescribed, which is stated below:

आस्ति Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) Useful Life (in Years)
पट्टाधृत उन्नयन / Leasehold improvements	3
संचार नेटवर्क और सर्वर Communication networks and servers	6
कंप्यूटर तथा पेरिफेरल उपकरण Computers and peripheral equipments	3
कार्यालय उपकरण Office equipment	5
फर्नीचर एवं फिक्सचर / Furniture & fixtures	10
मोटर वाहन / Motor Vehicles	8

ii. सॉफ्टवेयर युक्त अमूर्त आस्तियों को परिशोधन घटाकर लागत पर उल्लिखित किया जाता है. इन्हें इनके उपयोग की तारीख से 3 वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है. सॉफ्टवेयर में महत्वपूर्ण उन्नयनों को तब पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित होता है कि इस प्रकार की उन्नत आस्ति को उसके मूल रूप से निर्धारित मानकों से अधिक भावी आर्थिक लाभ उत्पन्न करने में समर्थ बनाएगी और इस प्रकार का व्यय विश्वसनीय ढंग से आंका और आस्ति पर जोड़ा जा सकता है. अनुवर्ती व्ययों का परिशोधन सॉफ्टवेयर के शेष उपयोगी जीवनकाल के दौरान किया जाता है. सॉफ्टवेयर के सपोर्ट तथा रख-रखाव के व्ययों को उस अवधि के राजस्व खाते में प्रभारित किया जाता है जिसमें वे उपगत होते हैं.
Intangible assets comprising software are stated at cost less amortisation. These are amortised using Straight Line Method over a period of 3 years from the date of being put to use. Significant improvements to software are capitalised when it is probable that such improvement will enable the asset to generate future economic benefits in excess of its originally assessed standards of performance and such expenditure can be measured and attributed to the asset reliably. Subsequent expenditures are amortised over the remaining useful life of the software. The expenses for support and maintenance of software are charged to Revenue Account in the period in which they are incurred.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

9. प्रतिभूतिकरण लेन-देन / Securitisation Transactions:

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतिकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं (एसपीवी) को बिक्री होती है, जो इसके बदले निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णतः अमान्य कर दिया जाता है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम के लिए एसपीवी द्वारा, जिन्हें आस्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.

Securitisation of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial Assets are partially or wholly derecognised when the control of the contractual rights in the securitised assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortised over the life of the securities issued or to be issued by the SPV to which the assets are sold.

10. प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री
Sale of financial assets to Securitisation Companies/Reconstruction Companies:

प्रतिभूतिकरण कंपनियों (एससी)/पुनर्संरचना कंपनियों (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्राप्त प्रतिभूति रसीदों (एसआर)/ पास थ्रू प्रमाणपत्र (पीटीसी) के शोधन मूल्य और वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य, जो भी कम हो, के आधार पर की जाती है. ऐसी बिक्री अथवा वसूली पर होने वाले लाभ को लाभ-हानि लेखे में दर्ज नहीं किया जाता बल्कि उसे एससी या आरसी को अन्य वित्तीय आस्तियों की बिक्री अथवा अन्य एसआर/पीटीसी की वसूली से होने वाली हानि/कमी की प्रतिपूर्ति के लिए प्रावधानों के तौर पर अलग से दर्शाया जाता है. ऐसी बिक्री अथवा वसूली से होने वाली हानियों को पूर्ववर्ती लाभों से सृजित प्रावधानों के शेष, यदि कोई हैं, में से समायोजित किया जाता है और हानि की शेष राशि लाभ-हानि लेखे में प्रभारित की जाती है.

Sale of financial assets to Securitisation Companies (SCs)/ Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset. Gains arising on such sale or realisation are not recognised in the Profit and Loss Account but earmarked as provisions for meeting the losses/ shortfall arising on sale of other financial assets to SCs/ RCs or sale/ realisation of other SRs/ PTCs. Losses arising on such sale or realisation are first set off against balance of provisions, if any, created out of earlier gains and residual amount of losses are charged to Profit and Loss Account.

11. विदेशी मुद्रा लेन-देन / Foreign Currency Transactions:

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख के प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित अंतिम बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognised in the profit and loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognised as income or expense in the period in which they arise.

ii. ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो ट्रेडिंग के लिए नहीं की गई हैं, के शुरुआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाओं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.

Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading is amortised as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognised.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो ट्रेडिंग के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विनिर्दिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.
Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are revalued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profit/ losses are included in the Profit and Loss Account.

iv. वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों, साथ ही अपरिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.
Profit/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortised premium or discount, if any, is recognised on the date of termination.

v. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की संविदात्मक दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.
Contingent liability in respect of outstanding forward exchange contracts is calculated at the contracted rates of exchange and in respect of guarantees, acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

vi. विदेशी शाखा के परिचालनों को 'एकीकृत विदेशी परिचालनों' में वर्गीकृत किया जाता है. आस्तियों व देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित औसत तिमाही अंतिम बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है. इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
Operations of foreign branch are classified as `Integral Foreign Operations'. Assets and Liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) Income and Expenditure items are translated at quarterly average closing rates. The resultant gain or loss is recognised in the Profit and Loss Account.

12. कर्मचारी लाभ / Employee Benefits:

बैंक के मामले में / In case of Bank:

i. निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं में भुगतान, जब अंशदान देय है, को वर्ष के लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.
Payments to defined contribution schemes are charged to Profit and Loss Account of the year when contribution are due.

ii. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में पूरा दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है.
For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognised in the Profit and Loss Account for the period in which they occur.

iii. कर्मचारी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बदले अदा किये जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.
The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognised during the period when the employee renders the service.

आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में भविष्य निधि और ईएसआईसी में अंशदान का हिसाब उपचय के आधार पर रखा जाता है. कंपनी ने उपदान और छुट्टी नकदीकरण के भावी भुगतान के लिए एक न्यास का निर्माण किया है जिसका निधीकरण भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा किया जाता है. वार्षिक उपदान अंशदान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा भुगतान के प्रयोजन के लिए निर्धारण अनुसार किया जाता है. प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर उपदान संबंधी देयताओं का निर्धारण बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है. इस प्रकार की बीमांकिक रूप से निर्धारित देयता और निधि में किए गए अंशदान के बीच के अंतर को देयता/ आस्ति, जो भी मामला हो, के रूप में दर्शाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

In case of IDBI Intech Ltd., Contribution to Provident Fund & ESIC is accounted on accrual Basis. The Company has created a trust for future payment of Gratuities & Leave Encashment, which is funded with Life Insurance Corporation of India (LIC). Annual Gratuity contributions are made as determined by LIC for purposes of payment. The liability for gratuity at the end of each financial year is determined based on actuarial valuation. The difference between such actuarially determined liability and contributions made to the fund is recognised as a liability/ asset, as the case may be.

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में
In case of IDBI Trusteeship Services Ltd.

नियोजन की शर्तों के अनुसार देय वर्तमान एवं पूर्व सेवाओं के लिए कर्मचारी लाभ, अल्पावधि एवं दीर्घावधि दोनों, के लिए देयता भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) 'कर्मचारी लाभ' के अनुसार दर्ज की जाती है.
Liability for employee benefits, both short and long term, for present and past services which are due as per the terms of employment are recorded in accordance with Accounting Standard - 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the "Institute of Chartered Accountants of India (ICAI)".

निर्धारित अंशदान योजनाएं / Defined Contribution Schemes

क) भविष्य निधि
a) Provident Fund

कंपनी कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के उपबंधों और उसके अंतर्गत बनाई गई योजनाओं के अधीन पंजीकृत है. तदनुसार, कंपनी सरकारी प्राधिकरणों के लिए अधिनियम के अंतर्गत स्थापित निधियों/ योजनाओं में कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे न्यूनतम अंशदान के बराबर अंशदान कर रही है. पात्र कर्मचारियों को सरकारी प्राधिकरणों से लाभ मिलता है. वर्ष के लिए देय अंशदान को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.
The Company is registered under the provisions of Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 and schemes framed thereunder. Accordingly, the Company is contributing, in equal share of minimum contribution as those of employees, to the funds/ schemes established under the Act to the Government Authorities. The eligible employees receive benefits from the Government Authorities. The contribution due for the year is charged to Profit and Loss Account.

ख) उपदान
b) Gratuity

कंपनी रिपोर्टिंग की तारीख यथा 31 मार्च 2015 तक बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित ''द ट्रस्टीज़ आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. एम्प्लॉईज ग्रुप ग्रैच्युटी स्कीम'' नाम से उपदान प्रदान करती है. कंपनी को वार्षिक प्रीमियम अंशदान का भुगतान करना होता है. वर्ष के लिए इस प्रकार प्रदत्त/ भुगतान-योग्य प्रीमियम को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.
The Company provides for gratuity, known as "The Trustees IDBI Trusteeship Services Ltd Employee's Group Gratuity Scheme" based on actuarial valuation as on reporting date March 31, 2015. The Company is required to pay annual premium contributions. The premium so paid / payable for the year is recognised in profit and loss account.

ग) छुट्टी नकदीकरण
c) Leave Encashment

वार्षिक छुट्टी नकदीकरण की गणना भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है.
Annual Leave encashment is accounted on Actuarial valuation as per Accounting Standard - 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the ICAI.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में
In case of IDBI Asset Management Ltd.

क) उपदानः
a) Gratuity:

उपदान देयता एक निर्धारित लाभ दायित्व है और इसका निधीयन एक उपदान निधि के माध्यम से किया जाता है जिसका प्रशासन एवं प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जाता है. कंपनी, बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित भावी उपदान लाभ हेतु देयता की गणना परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति के प्रयोग द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में करती है.
Gratuity liability is a defined benefit obligation and is funded through a Gratuity Fund administered and managed by the Life Insurance Corporation of India. The Company accounts for liability for future gratuity benefits based on the actuarial valuation using Projected Unit Credit Method carried out as at the end of each financial year.

ख) भविष्य निधिः
b) Provident fund:

कंपनी मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में अंशदान करती है. अंशदान की गणना उपचय आधार पर की जाती है और इसे लाभ हानि विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.
The Company contributes to a recognised provident fund. The contributions are accounted for on an accrual basis and are recognised as an expense in the statement of Profit and Loss.

ग) अल्पावधि कर्मचारी लाभः
c) Short term employee benefits:

अल्पावधि कर्मचारी लाभ को सेवा प्रदान किए जाने वाले वर्ष के लाभ-हानि खाते के विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.
Short term employee benefits are recognised as an expense in the statement of Profit and Loss Account of the year in which the services are rendered.

घ) प्रतिपूरित अनुपस्थितिः
d) Compensated absences:

कंपनी कुछ नियमों के अधीन विशेष छुट्टी नकदीकरण की व्यवस्था प्रदान करती है. कर्मचारियों को भावी नकदीकरण और छुट्टी लेने के लिए एक निर्धारित सीमा तक छुट्टी संचय करने का अधिकार है. यह देयता प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किए जाने वाले स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक तुलन पत्र तारीख में अप्रयुक्त छुट्टी के दिनों की संख्या के आधार पर प्रदान की जाती है.
The company provides for Privilege Leave Encashment subject to certain rules. The employees are entitled to accumulate leave subject to certain limits for future encashment as well as availment. The liability is provided based on the number of days of unutilised leave at each Balance Sheet date on the basis of an independent actuarial valuation carried out as at the end of each financial year.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में
In case of Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.

उपदान के प्रति देयता को निर्धारित लाभ योजना के रूप में माना जाता है और इसे तुलन पत्र तारीख को ''परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति'' पर स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर दर्शाया जाता है.
Liability towards Gratuity is considered as the defined benefit plan and is recognised on the basis of independent actuarial valuation on "Projected Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

नकदीकरण योग्य अर्जित छुट्टी को दीर्घावधि लाभ के रूप में माना जाता है और इसे तुलन पत्र तारीख को ''परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति'' पर स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है.
Earned Leave which is encashable is considered as long term benefit and is provided on the basis of independent actuarial valuation on "Project Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

सांविधिक भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, समूह मीयादी बीमा और कर्मचारी श्रम कल्याण निधि में अंशदान के रूप में लाभ को निर्धारित अंशदान योजना के रूप में माना जाता है और इसे कर्मचारियों द्वारा सेवा प्रदान किए जाने की अवधि के लिए प्रदत्त अथवा भुगतान-योग्य राशि के आधार पर दर्शाया जाता है.
The benefit in the form of contribution to the Statutory Provident Fund, Employee State Insurance, Group Term Insurance and Employee Labour Welfare Fund are considered as the defined contribution plans and are recognised on the basis of the amount paid or payable for the period during which services are rendered by the employees.

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में
In case of IDBI Capital Market Services Ltd.

कंपनी द्वारा सेवानिवृत्ति लाभ के कारण भविष्य निधि और अधिवर्षिता निधि के रूप में किए गए अंशदान को राजस्व में प्रभारित किया जाता है. कंपनी की उपदान और छुट्टी नकदीकरण संबंधी देयता को भारतीय जीवन बीमा निगम की योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है और भारतीय जीवन बीमा निगम को वार्षिक अंशदान का भुगतान किया जाता है.
The Company's contribution on account of retirement benefits in the form of Provident Fund and Superannuation Fund is charged to revenue. The gratuity and leave encashment liability of the company are covered under the scheme with Life Insurance Corporation of India and the yearly contribution is paid to LIC.

भविष्य निधि एक निर्धारित अंशदान योजना है और संबंधित निधि में अंशदान के बकाया होने पर अंशदान को वर्ष के लाभ-हानि लेखें में प्रभारित किया जाता है.
Provident Fund is a defined contribution scheme and the contributions are charged to the Profit & Loss Account of the year when the contributions to the respective funds are due.

कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम के पास एक अनुमोदित समूह उपदान पॉलिसी में अंशदान करती है. उपदान संबंधी देयता निर्धारित लाभ दायित्व है और इसे परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में लेखा मानक 15 (संशोधित) के अनुसार किए जाने वाले बीमांकिक मूल्यांकान के आधार पर दर्शाया जाता है.
The Company contributes to an approved Group Gratuity Policy with the LIC of India. Gratuity liability are defined benefit obligations and are provided for on the basis of an actuarial valuation as per Accounting Standard 15 (Revised) made at the end of each financial year based on the projected unit credit method.

कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम की समूह छुट्टी नकदीकरण पॉलिसी में अंशदान करती है. अल्पावधि क्षतिपूरित अनुपस्थितियों का अनुमानों के आधार पर प्रावधान किया जाता है.
The Company contributes to the Group Leave Encashment Policy with the LIC of India. Short-term compensated absences are provided for based on estimates.

बीमांकिक लाभों/ हानियों को तुरंत लाभ और हानि खाते में डाल दिया जाता है और इन्हें आस्थगित नहीं किया जाता है.
Actuarial gains/losses are immediately taken to the profit and loss account and are not deferred.

13. खंड रिपोर्टिंग / Segment Reporting

समूह चार खंडों यथा होलसेल बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग, ट्रेजरी सेवाएं व अन्य बैंकिंग परिचालनों में कार्य करता है. इन खंडों का निर्धारण लेखा मानक 17 के अनुसार उत्पादों व सेवाओं के स्वरूप व जोखिम प्रोफाइल, लक्षित ग्राहक प्रोफाइल, संगठनात्मक संरचना तथा समूह की आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली के आधार पर किया गया है. समूह ने कारोबार खंड को प्रमुख खंड के रूप में प्रकट किया है. समूह प्राथमिक रूप से भारत में परिचालन करता है अतः समूह को मुख्यतः देशी खंड में ही परिचालन करनेवाला माना जाता है तथा कोई भौगोलिक खंड रिपोर्ट योग्य नहीं हैं.
The Group operates in four segments wholesale banking, retail banking, treasury services and other banking operations. These segments have been identified in line with Accounting Standard 17 on segment reporting after considering the nature and risk profile of the products and services, the target customer profile, the organization structure and the internal reporting system of the Group. The Group has disclosed business segment as the primary segment. The Group primarily operates in India, hence the group has considered operating predominantly in the domestic segment and as such there are no reportable geographical segments.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

खंड राजस्व, परिणाम, आस्तियों व देयताओं में प्रबंधन द्वारा प्रत्येक खंड हेतु आबंटित व अनुमानित किए अनुसार अभिनिर्धारित राशि शामिल है. जिन आस्तियों व देयताओं को अभिनिर्धारणीय खंडों में आबंटित नहीं किया जा सकता है उन्हें गैर-आबंटित आस्तियों व देयताओं के रूप में पुनर्समूहित किया गया है.
Segment Revenue, results, assets and liabilities include the amounts identifiable to each of the segments as also amounts allocated, as estimated by the management. Assets and liabilities that cannot be allocated to identifiable segments are grouped under unallocated assets and liabilities.

आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में
In case of IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.

आईसीएआई द्वारा जारी ''खंडवार रिपोर्टिंग'' पर लेखा मानक 17 के साथ पठित आईआरडीएआई (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट तैयार करना) विनियमन 2002 ('विनियमन') के अधीन निर्धारित प्राथमिक खंडों के आधार पर कंपनी ने खंडवार सूचना को शेयरधारक एवं पॉलिसीधारक - सहभागिता (जीवन), गैर सहभागिता (जीवन, पेंशन, स्वास्थ्य एवं समूह), परिवर्तनीय गैर-संबद्ध (पेंशन एवं समूह) और संबद्ध (जीवन एवं पेंशन) कारोबार के रूप में वर्गीकृत और प्रकटन किया है.
Based on the primary segments identified under IRDAI (Preparation of Financial Statements and Auditors' Report of Insurance Companies) Regulations 2002 ('the Regulations') read with Accounting Standard 17 on "Segmental Reporting" issued by ICAI, the Company has classified and disclosed segmental information into Shareholder & Policyholder - Participating (Life), Non Participating (Life, Pension, Health & Group), Variable Non-Linked (Pension & Group) and Linked (Life & Pension) businesses.

चूंकि कंपनी का कारोबार परिचालन भारत में प्रभावी है और सभी पॉलिसियां भारत में ही लिखित हैं अतः रिपोर्ट करने योग्य कोई भौगोलिक खंड नहीं है.
There are no reportable geographical segments, since the business operations of the Company are given effect to in India and all the policies are written in India only.

आबंटन कार्यप्रणाली / Allocation methodology

राजस्व और व्यय, आस्तियां और देयताएं जो प्रत्यक्ष रूप से आरोप्य और संबंधित खंडों के लिए निर्धारण योग्य हैं उन्हें उन संबंधित खंडों के लिए सीधे आबंटित किया गया है.
Revenues and expenses, assets and liabilities which are directly attributable and identifiable to the respective segments, are directly allocated for in that respective segment.

बीमा कारोबार से संबंधित परिचालन व्ययों को निम्नलिखित पद्धति से विशिष्ट कारोबार खंडों को आबंटित किया गया है जो नियमित आधार पर लागू है.
Operating expenses relating to insurance business are allocated to specific business segments in the following manner, which is applied on a consistent basis.

क. खंड में प्रत्यक्ष अभिनिर्धारण योग्य व्ययों का आबंटन वास्तविक आधार पर किया जाता है.
a. Expenses that are directly identifiable to the segment are allocated on actual basis.

ख. अन्य व्यय (मूल्यह्रास और परिशोधन सहित), जो कारोबार खंड में प्रत्यक्ष अभिनिर्धारण योग्य नहीं हैं, का आबंटन निम्न में से किसी एक आधार पर किया जाता है.
b. Other expenses (including depreciation and amortisation), that are not directly identifiable to a business segment, are allocated on either of the following bases:

- जारी बीमा पॉलिसियों / प्रमाणपत्रों की संख्या / Number of policies/ certificate of insurance issued
- भारित वार्षिकीकृत प्रीमियम / Weighted Annualized Premium
- निधि आकार/ निधियों की संख्या / Fund Size/ Number of funds
- प्रीमियम आय / Premium Income
- प्रवर्तमान पॉलिसियों की संख्या / Number of policies in force
- दावों की संख्या / Number of claims

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
	• प्रतिभूतिकरण प्रक्रिया में बैंक द्वारा अदा की जाने वाली विभिन्न भूमिकाएं और इनमें से प्रत्येक में बैंक की सहभागिता के विस्तार का संकेत; The various roles played by the Bank in the securitization process and an indication of the extent of the bank's involvement in each of them;	बैंक ने निवेशक तथा ऋण वृद्धि प्रदाता और प्रतिभूतिकरण में चलनिधि सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिकाएं अदा की हैं. दिनांक 31 मार्च 2015 तक उपर्युक्त श्रेणी में एक्सपोजर निम्नलिखित हैं: Bank has played the role of Investor, Provider of Credit Enhancement and Liquidity Facility in Securitization. The exposures in above category as on March 31, 2015 is as under:

क्रम Sr. No	अदा की गई भूमिका Role played	लेन-देनों की संख्या No. of transactions	अंतर्निहित राशि Amount involved
1	निवेशक (बकाया) Investor (o/s)	79	59,352.78
2	ऋण वृद्धि प्रदाता (द्वितीय हानि सुविधा / चलनिधि सुविधा) Provider of Credit enhancement (Second Loss Facility/ Liquidity Facility)	19	2,486.70

	• प्रतिभूतिकरण एक्सपोजरों के ऋण तथा बाजार जोखिम में परिवर्तनों की निगरानी करने के लिए लागू प्रक्रियाओं का विवरण. a description of the processes in place to monitor changes in the credit and market risk of securitization exposures.	ऋण नीति के अनुसार बैंक वसूली निष्पादन, चुकौती तथा समय-पूर्व भुगतान, ऋण वृद्धि का उपयोग, मार्क-टु-मार्केट, प्रतिभूतिकरण के निवेशित पोर्टफोलियो में पूल की समुचित सावधानी और समीक्षा रेटिंग की आवधिक निगरानी करता है. Bank periodically monitors the collection performance, repayments, and prepayments, utilization of Credit Enhancement, Mark to Market, due diligence and rating review of the pools in invested portfolio of Securitization as per Credit Policy.
	• प्रतिभूतिकरण एक्सपोजरों के अंतर्गत प्रतिधारित जोखिमों को कम करने के लिए ऋण जोखिम न्यूनीकरण के प्रयोग को नियंत्रित करने संबंधी बैंक की नीति का विवरण: a description of the bank's policy governing the use of credit risk mitigation to mitigate the risks retained through securitization exposures;	दिनांक 7 मई 2012 एवं 21 अगस्त 2012 के रिज़र्व बैंक के परिपत्र में वर्णित अनुसार प्रतिभूतिकृत कागजात / पीटीसी में निवेशों पर रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों का बैंक अनुपालन करता है. बैंक रेटिंग एजेंसियों द्वारा निर्धारित रूप में पर्याप्त ऋण वृद्धि के साथ प्रतिभूतिकृत आस्तियों को अर्जित करता है. The Bank follows extant RBI guidelines on Investment in securitized papers/ PTCs as outlined in RBI circular dated May 07, 2012 and August 21, 2012. The Bank acquires securitized assets with adequate Credit Enhancement as stipulated by the rating agencies.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

ख b	**प्रतिभूतिकरण कार्यकलाप के लिए बैंक की लेखा नीतियों का सारांश, निम्नलिखित सहित:** **Summary of the bank's accounting policies for securitization activities, including:**	
	• लेन-देनों को बिक्री माना जाता है या वित्तपोषण; whether the transactions are treated as sales or financings;	बैंक ने किसी मानक ऋण को प्रतिभूतिकृत नहीं किया है. तथापि इसने एनबीएफसी /एमएफआई से लेनदारियों के अर्जन के माध्यम से निवेश किया है जिसे बैंक की बहियों में निवेश माना जाता है. Bank has not securitized any standard loans. However it has invested through acquisition of receivables from NBFC/MFI which is treated as investments in the books of bank.
	• प्रतिधारित या क्रय की गई स्थितियों का मूल्यांकन करने में प्रयुक्त पद्धतियां तथा मुख्य धारणाएं (निविष्टियों सहित) methods and key assumptions (including inputs) applied in valuing positions retained or purchased	प्रतिभूतिकृत कागजात / पीटीसी में बैंक के निवेश को बिक्री के लिए उपलब्ध श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और उक्त का मूल्यांकन रिज़र्व बैंक / एफआईएमएमडीए दिशानिर्देश के अनुसार किया जाता है. The Bank's Investment in securitized papers/ PTCs are categorized under Available For Sale category and valuation of the same has been carried out as per RBI/ FIMMDA guideline.
	• गत अवधि से विधियों तथा मुख्य धारणाओं में परिवर्तन और परिवर्तनों का प्रभाव; changes in methods and key assumptions from the previous period and impact of the changes;	एफआईएमएमडीए के 28 मार्च 2014 के परिपत्र सं. एफआईएमसीआईआर/ 2013-14 /50 के अनुसार मूल्यांकन की पद्धति कहती है, ''एनबीएफसी से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण पोर्टफोलियो के अर्जन के पश्चात् न्यासियों द्वारा जारी पीटीसी में किया गया निवेश करमुक्त प्रतिफल देता है. इसलिए इसे करमुक्त बांडों के रूप में मूल्यांकित किया जाना चाहिए. निवेशकों को प्राप्त करमुक्त प्रतिफल (वार्षिकीकृत) को निवेशक पर लागू कर की दर से समेकित किया जाए और लिखत का मूल्यांकन दिनांक 1.07.2013 के रिज़र्व बैंक के परिपत्र के पैरा 3.7.1 अनुसार किया जाए. इस स्प्रेड के संबंध में सदस्य अपनी इच्छानुसार / जारी पीटीसी के अनुसार कॉरपोरेट बांड / एनबीएफसी के लागू स्प्रेड का उपयोग कर सकते हैं.'' As per FIMMDA circular no. FIMCIR/2013-14/50 March 28, 2014 the method of valuation says "The investments made in PTCs issued by trusts after acquiring priority sector loan portfolio from NBFCs are giving tax free returns and hence it should be valued as tax free bonds. Tax free yield (annualized) in the hands of the investor is to be grossed up at the rate of tax applicable to the investor and then the instrument is to be valued as per para 3.7.1 of RBI master circular dated 01.07.2013. As regards the spread, the members may use the applicable spread of corporate bond/NBFC as per their own logic/PTC issued"
	• व्यवस्थाओं के लिए तुलन पत्र में देयताओं को दर्शाने के लिए नीतियां जो बैंक से प्रतिभूतिकृत आस्तियों के लिए वित्तीय सहायता की अपेक्षा कर सकती हैं. policies for recognizing liabilities on the balance sheet for arrangements that could require the bank to provide financial support for securitized assets.	रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार देयताएं तुलन पत्र में दर्शायी जाती हैं. Liabilities are recognized on the balance sheet in terms of RBI guidelines.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

ग) c)	बैंकिंग बही में, प्रतिभूतिकरण के लिए प्रयुक्त बाह्य ऋण मूल्यांकन संस्थाओं (ईसीएआई) के नाम और प्रतिभूतिकरण ऋण निवेश का प्रकार जिसके लिए हर एजेंसी का इस्तेमाल किया जाता है. In the banking book, the names of External Credit Assessment Institutions (ECAIs) used for securitization and the types of securitization exposure for which each agency is used.	पीटीसी के अधिग्रहण के माध्यम से बैंक द्वारा अर्जित ऋणों को क्रिसिल, केयर, इक्रा तथा इंडिया रेटिंग्स द्वारा बाह्य रूप से रेटिंग दी जाती है. The loans acquired by Bank through acquisition of PTCs are externally rated by CRISIL, CARE, ICRA, India Ratings.

बैंकिंग बही में बैंक के प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में मात्रात्मक प्रकटन निम्नलिखित हैं :
Quantitative disclosures with respect to securitization activities of the Bank in the Banking book are as follows:

घ) d)	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत एक्सपोजरों की कुल राशि The total amount of exposures securitized by the bank	द्वितीय हानि सुविधा के प्रति जारी ₹ 2,365.40 मिलियन की बैंक गारंटी और पीटीसी लेन-देनों के लिए चलनिधि सुविधा के रूप में ₹ 121.30 मिलियन की निधि आधारित सुविधा को बैंक के प्रतिभूतिकृत एक्सपोजर के रूप में माना जाता है. Bank Guarantee of ₹ 2,365.40 Million issued towards Second loss facility and Fund Based Facility of ₹ 121.30 Million as Liquidity Facility for PTC transactions is considered as securitized exposure of Bank.
ङ) e)	प्रतिभूतिकृत एक्सपोजरों के लिए एक्सपोजर प्रकार के अनुसार खंडित वर्तमान अवधि के दौरान बैंक द्वारा निर्धारित हानियाँ For exposures securitized, losses recognized by the bank during the current period broken by the exposure type.	शून्य Nil
च) f)	एक वर्ष के भीतर प्रतिभूतिकृत की जाने वाली आस्तियों की राशि Amount of assets intended to be securitized within a year	शून्य Nil
छ) g)	इनमें से प्रतिभूतिकरण से एक वर्ष पूर्व उत्पन्न हुई आस्तियों की राशि. Of the above, the amount of assets originated within a year before securitization.	लागू नहीं Not Applicable
ज) h)	प्रतिभूतिकृत एक्सपोजरों की कुल राशि (एक्सपोजर के प्रकार के अनुसार) और एक्सपोजर प्रकार के अनुसार बिक्री पर नहीं माने गए अभिलाभ या हानि. The total amount of exposures securitized (by exposure type) and unrecognized gain or losses on sale by exposure type.	शून्य Nil

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

झ) i)	निम्न की कुल राशि : Aggregate amount of:	
	• एक्सपोजर के प्रकार के अनुसार तुलन पत्र में प्रतिधारित या खरीदे गए विभक्त प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर और on-balance sheet securitization exposures retained or purchased broken down by exposure type and	शून्य Nil
	• एक्सपोजरों के प्रकार के अनुसार तुलन पत्र में शामिल नहीं किए गए विभक्त प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर. off-balance sheet securitization exposures broken down by exposure type.	द्वितीय हानि सुविधा के प्रति जारी ₹ 2,365.40 मिलियन की बैंक गारंटी और पीटीसी लेन-देनों के लिए चलनिधि सुविधा के रूप में ₹ 121.30 मिलियन की निधि आधारित सुविधा को बैंक के प्रतिभूतिकृत एक्सपोजर के रूप में माना जाता है. Bank Guarantee of ₹ 2,365.40 Million issued towards Second loss facility and Fund Based Facility of ₹ 121.30 Million as Liquidity Facility for PTC transactions is considered as securitized exposure of Bank.
ञ) j)	• प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोजरों की कुल राशि और संबद्ध पूंजी प्रभार, एक्सपोजरों में विभक्त और हरेक विनियामक पूंजी दृष्टिकोण के लिए विभिन्न जोखिम भार दायरों में फिर से विभक्त Aggregate amount of securitization exposures retained or purchased and the associated capital charges, broken down between exposures and further broken down into different risk weight bands for each regulatory capital approach.	शून्य Nil
	• एक्सपोजर जिन्हें टीयर I पूंजी से पूरी तरह से घटाया गया है, कुल पूंजी में से घटाए गए ऋण वृद्धिकारी बकाया लिखत (आई /ओ) और कुल पूंजी में से घटाए गए अन्य ऋण एक्सपोजर. Exposures that have been deducted entirely from Tier 1 capital, credit enhancing I/Os deducted from total capital, and other exposures deducted from total capital.	शून्य Nil

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

व्यापारिक बही में बैंक की प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में मात्रात्मक प्रकटन निम्नानुसार हैं
Quantitative disclosures with respect to securitization activities of the Bank in the Trading book are as follows:

ट) k)	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत ऋणों की कुल राशि जिनके लिए बैंक ने कुछ ऋण जोखिमों को अपने पास रखा है और जो ऋण के प्रकार के अनुसार बाजार जोखिम दृष्टिकोण के अधीन हैं. Aggregate amount of exposures securitized by the bank for which the bank has retained some exposures and which is subject to the market risk approach, by exposure type.	बैंक द्वारा कोई मानक ऋण प्रतिभूतिकृत नहीं किया गया है. No standard loans have been securitized by Bank.
ठ) l)	निम्न की कुल राशि : Aggregate amount of:	
	• एक्सपोजर के प्रकार के अनुसार तुलन पत्र में प्रतिधारित या खरीदे गए विभक्त प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर; तथा on-balance sheet securitization exposures retained or purchased broken down by exposure type; and	बैंक ने पास थ्रू सर्टिफिकेट (पीटीसी) के माध्यम से निवेश किया है अर्थात् 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के दौरान विभिन्न एनबीएफसी / एमएफआई द्वारा प्रतिभूतिकृत आस्तियां - ₹12,741.30 मिलियन The Bank has invested in Pass Through Certificates (PTC) i.e. Assets securitized by various NBFC/MFI during year ended March 31, 2015- ₹ 12,741.30 Million. 31 मार्च 2015 को बकाया पीटीसी पोर्टफोलियो ₹ 59,352.78 मिलियन रहा. The outstanding PTC portfolio as on March 31, 2015 was ₹ 59,352.78 Million.
	• एक्सपोजर के प्रकार के अनुसार तुलन पत्र में शामिल न किए गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर. off-balance sheet securitization exposures broken down by exposure type.	शून्य Nil
ड) m)	निम्न के लिए अलग-अलग प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोजरों की कुल राशि : Aggregate amount of securitization exposures retained or purchased separately for:	
	• विशिष्ट जोखिम के लिए व्यापक जोखिम उपाय के अधीन प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर ; तथा securitization exposures retained or purchased subject to Comprehensive Risk Measure for specific risk; and	शून्य Nil

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

	• विभिन्न जोखिम भार दायरों में विभक्त विशिष्ट जोखिम के लिए प्रतिभूतिकरण ढाँचे के अधीन प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर. Securitization exposures subject to the securitization framework for specific risk broken down into different risk weight bands.	31 मार्च 2015 को बकाया पीटीसी पोर्टफोलियो ₹ 59,352.78 मिलियन रहा. The outstanding PTC portfolio as on March 31, 2015 was ₹ 59,352.78 Million.
ढ) n)	निम्न की कुल राशि : Aggregate amount of: • प्रतिभूतिकरण एक्सपोजरों के लिए पूंजी अपेक्षाएं, अलग-अलग जोखिम भार दायरे में विभक्त प्रतिभूतिकरण ढाँचे के अधीन. the capital requirements for the securitization exposures, subject to the securitization framework broken down into different risk weight bands.	(₹ मिलियन / ₹ Million)

सुविधा Facility	100% सीसीआर पर राशि Amt. At 100% CCR	रेटिंग Rating	जोखिम भार Risk Weight
बकाया निवेश Investment Outstanding	12,919.95	एएए / AAA	20%
	36,434.12	एए / AA	30%
	4,415.08	ए / A	50%
	5,583.63	बीबीबी / BBB	100%

	• एक्सपोजर जिन्हें टीयर I पूंजी से पूरी तरह से घटाया गया है, कुल पूंजी में से घटाए गए ऋण वृद्धिकारी बकाया लिखत और कुल पूंजी में से घटाए गए अन्य ऋण. securitization exposures that are deducted entirely from Tier 1 capital, credit enhancing I/Os deducted from total capital, and other exposures deducted from total capital.	शून्य Nil

तालिका डीएफ-7: व्यापार बही में बाजार जोखिम :
Table DF-7: Market Risk in Trading Book

बाजार को प्रभावित करने वाले कारकों जैसे ब्याज दरों, इक्विटी दरों, विनिमय दरों और पण्य दरों में उतार-चढ़ाव तथा अस्थिरता के कारण निवेश के मूल्य में होने वाली हानि का जोखिम बाजार जोखिम है. बैंक को स्वयं के साथ-साथ ग्राहकों की ओर से की जाने वाली ट्रेडिंग कार्यकलापों के कारण बाजार जोखिमों का सामना करना पड़ता है. बैंक अपनी समग्र जोखिम प्रबंध व्यवस्था के अभिन्न भाग के रूप में इन कार्यकलापों से होने वाली वित्तीय ऋण सहायता की निगरानी व प्रबंधन करता है. यह प्रणाली वित्तीय बाजारों की अप्रत्याशित प्रकृति पर नजर रखने के साथ-साथ शेयरधारकों की पूंजी पर पड़ने वाले किसी प्रतिकूल प्रभाव को न्यूनतम करने का प्रयास करती है.

Market Risk is the risk of loss in the value of an investment due to adverse movements in the level of the market variables such as interest rates, equity prices, exchange rates and commodity prices, as well as volatilities therein. The Bank is exposed to market risk through its trading activities, which are carried out on its own account as well as those undertaken on behalf of its customers. The Bank monitors and manages the financial exposures arising out of these activities as an integral part of its overall risk management system. The system takes cognizance of the unpredictable nature of the financial markets and strives to minimize any adverse impact on the shareholders' wealth.

बैंक ने आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति, बाजार जोखिम नीति, निवेश नीति और डेरिवेटिव नीति जैसी नीतियां तैयार की हैं जो कि बोर्ड द्वारा अनुमोदित हैं. इन नीतियों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव के परिचालन उचित व मान्य कारोबार प्रथा के अनुरूप तथा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार किए जाएं. इन नीतियों में वित्तीय लिखतों के लेन-देन के संबंध में सीमाएं तय की गई हैं. बदलती कारोबार आवश्यकताओं, आर्थिक परिवेश और प्रक्रिया एवं उत्पाद नवोन्मेषणों के अलावा क़ानूनों में होने वाले परिवर्तनों को शामिल करने के लिए इन नीतियों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

The Bank has formulated an Asset Liabilities Management (ALM) Policy, a Market Risk and Derivative Policy and an Investment Policy all of which are approved by the Board. These policies ensure that operations in securities, foreign exchange and derivatives are conducted in accordance with sound & acceptable business practices and are as per the extant regulatory guidelines. These policies contain the limit structure that governs transactions in financial instruments. These policies are reviewed periodically to incorporate changed business requirements, economic environment and changes in regulations in addition to process and product innovations.

बैंक की आस्ति देयता प्रबंध समिति (आल्को) में वरिष्ठ कार्यपालक होते हैं और इसकी नियमित रूप से बैठकें होती हैं ताकि तुलन पत्र जोखिमों का समन्वित तरीके से प्रबंधन किया जा सके. आल्को चलनिधि, ब्याज दर व विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम जैसे बाजार जोखिमों के प्रबंध पर विशेष ध्यान देती है. ब्याज दर संवेदनशीलता विश्लेषण बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई) से ब्याज दरों में घट-बढ़ से पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करता है.
The Asset Liability Management Committee (ALCO) comprising top executives of the Bank meet regularly to manage balance sheet risks in a coordinated manner. ALCO focuses on the management of risks viz. liquidity, interest rate and foreign exchange risks. Interest rate sensitivity analysis is measured through impact of interest rate movements on Net Interest Income (NII) of the Bank.

बैंक बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति के माध्यम से ऐसे ट्रेडिंग जोखिमों की पहचान करता है, जिनका प्रबंधन किया जाना हो. इस नीति के अंतर्गत लेखा बही में जोखिम प्रबंध के उपयुक्त स्तर के लिए आवश्यक संगठनात्मक स्वरूप, विभिन्न साधनों, पद्धतियों, प्रक्रियाओं आदि को भी निर्धारित किया गया है. बैंक द्वारा अपनाए जाने वाले प्रमुख जोखिम प्रबंधनों में ट्रेडिंग पोर्टफोलियो का मार्क टु मार्केट (एमटीएम) प्रबंध, आधार बिंदु का कीमत मूल्य (पीवी01), संशोधित अवधि, हानि रोक, ग्रीक लिमिट्स, संभाव्य भावी एक्सपोजर, दबाव परीक्षण आदि शामिल हैं.
The Market Risk and Derivative Policy identifies the trading risks to be managed by the Bank. It also lays down the organizational structure, tools, systems, processes, etc., necessary for appropriate levels of risk management in the trading book. The important risk management tools employed by the Bank are Marked to Market (MTM) of trading portfolio, PV01, modified duration, Stop loss, Greek limits, Potential Future Exposure, stress testing etc.

निवेश नीति बाजार उतार-चढ़ाव और रिज़र्व बैंक द्वारा इस संबंध में जारी विभिन्न परिपत्रों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है. निवेश नीति में लिखतों में निवेश, ऐसे निवेशों का उद्देश्य तथा बैंक से लेन-देन के लिए पात्र ग्राहकों के बारे में मानदंड निर्धारित किए गए हैं.
The Investment policy has been framed keeping in view market dynamics and various circulars issued by RBI in this regard. The policy lays down the parameters for investments in instruments, the purpose for such investments and the eligible customers with whom Bank can transact.

बैंक अपने बाजार जोखिम का निम्न व्यापक उद्देश्यों से प्रबंध करता है:
The Bank manages its market risk with the broad objectives of:

1. निवेशों, विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में निहित ब्याज दर जोखिम, मुद्रा जोखिम व इक्विटी जोखिम का प्रबंधन.
   Management of interest rate risk, currency risk and equity risk arising from investments, foreign exchange and derivatives portfolio;
2. विभिन्न पोर्टफोलियो में लेन-देनों के संबंध में उचित वर्गीकरण, मूल्यांकन व लेखांकन.
   Proper classification, valuation and accounting of the transactions in various portfolios;
3. डेरिवेटिव, निवेश और विदेशी मुद्रा विनिमय उत्पादों से संबंधित लेन-देनों की पर्याप्त तथा उचित रिपोर्टिंग.
   Adequate and proper reporting of the transactions related to derivative, investment and foreign exchange products;
4. बाजार से संबंधित लेन-देनों के परिचालन व निष्पादन पर प्रभावी नियंत्रण.
   Effective control over the operation and execution of market related transactions; and
5. विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन.
   Compliance with regulatory requirements.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

बैंक में अलग से एक बाजार जोखिम समूह (एमआरजी) / मध्यम कार्यालय है, जोकि ट्रेजरी परिचालनों में बाजार जोखिम की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी व रिपोर्टिंग के लिए एवं अपवाद, यदि कोई हों, की स्थितियों में उनकी जानकारी देने के लिए उत्तरदायी है. यह समूह बाजार जोखिम को मापने के लिए नीतियों व पद्धतियों में परिवर्तन की भी सिफारिश करता है. इस समूह की प्रमुख रणनीतियां व प्रक्रियाएं निम्नानुसार हैं:
The Bank has an independent Market Risk Group (MRG)/Middle Office which is responsible for identification, assessment, monitoring and reporting of market risk in Treasury operations and to highlight exceptions, if any. The group also recommends changes in policies and methodologies for measuring market risk. The main strategies and processes of the group are:-

1. प्रत्यायोजन: ट्रेजरी परिचालनों के लिए अधिकारों का उपयुक्त प्रत्यायोजन किया गया है. निवेश संबंधी निर्णय बोर्ड की निवेश समिति के पास निहित हैं. एमआरजी संबंधित नीतियों में निर्धारित विभिन्न ऋण सीमाओं की निगरानी करता है.
   Delegation: Appropriate delegation of powers has been put in place for treasury operations. Investment decisions are vested with Investment Committee of the Board. MRG monitors various limits, which have been laid down in the policies.
2. नियंत्रण: सिस्टम में पर्याप्त डाटा एकीकरण आधारित नियंत्रण मौजूद हैं. इन नियंत्रणों का प्रयोग लेखा परीक्षा के लिए भी किया जाता है.
   Controls: The systems have adequate data integrity controls. The controls are used for audit purpose as well.
3. अपवाद संचालन प्रक्रिया: नीतियों के अंतर्गत तय की गई ऋण सीमाएं सिस्टम में शामिल कर ली गई हैं जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसे अपवाद को न्यूनतम रखने हेतु लागू किया जा रहा है. ऋण सीमाओं के उल्लंघन / अपवाद, यदि कोई हो, का विश्लेषण किया जाता है और प्रत्यायोजित प्राधिकारी द्वारा अभिपुष्ट किया जाता है.
   Exception handling processes: The limits set in the policies have been inserted in the system for ensuring that the same is being enforced to minimize exceptions. The limit breaches/exceptions, if any, are analyzed and ratified from the delegated authorities.

एमआरजी वरिष्ठ प्रबंधन और बोर्ड की समिति के सदस्यों को फॉरेक्स, निवेश व डेरिवेटिव उत्पाद संबंधी जोखिमों के बारे में आवधिक रूप से रिपोर्ट देता है. बैंक रिपोर्टिंग अपेक्षाओं के अनुसार विनियामकों को रिपोर्टें भी प्रस्तुत करता है. बैंक की जोखिम क्षमता के आधार पर जोखिम मैट्रिक्स पर सीमाएं रखी जाती हैं जिनकी आवधिक आधार पर निगरानी की जाती है.
The MRG periodically reports on forex, investment and derivative product related risk measures to the senior management and committees of the Board. The Bank also reports to regulators as per the reporting requirements. Based on the risk appetite of the Bank, limits are placed on the risk metrics which are monitored on a periodic basis.

31 मार्च 2015 को बाजार जोखिमों के लिए पूंजी प्रभार का समूहन
Aggregation of capital charge for market risks as on March 31, 2015

(राशि मिलियन ₹ / Amt. in ₹ Million)

	जोखिम श्रेणी Risk Category	पूंजी प्रभार Capital charge
क a.	**जोखिम विशेष के कारण पूंजी प्रभार Capital Charge on account of specific risk**	**11,274.93**
i)	ब्याज दर संबंधी / On interest rate related	3,415.24
ii)	इक्विटी पर / On equities	7,859.69
iii)	डेरिवेटिव पर / On derivatives	0.00
ख b.	**सामान्य बाजार जोखिम के कारण पूंजी प्रभार Capital charge on account of general market risk**	**11,431.17**
i)	ब्याज दर संबंधी लिखतों पर / On interest rate related instruments	8,762.80
ii)	इक्विटी पर / On equities	2,215.64

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

	जोखिम श्रेणी Risk Category	पूंजी प्रभार Capital charge
iii)	विदेशी मुद्रा पर / On Foreign exchange	450.00
iv)	बहुमूल्य धातुओं पर / On precious metals	0.00
v)	डेरिवेटिव पर (फॉरेक्स विकल्प)/ On derivatives (FX Options)	2.73
	व्यापारिक बही पर कुल पूंजी प्रभार (क + ख) **Total Capital Charge on Trading Book (a+b)**	**22,706.10**
	व्यापारिक बही पर कुल जोखिम भारित आस्तियां **Total Risk Weighted Assets on Trading Book**	**2,52,289.96**

तालिका डीएफ-8: परिचालनगत जोखिम
Table DF-8: Operational Risk

परिचालनगत जोखिम का अर्थ हानि का जोखिम है जो आंतरिक कार्यकलापों, व्यक्तियों और पद्धतियों में खामियों या असफलताओं के कारण या बैंक की कारोबारी गतिविधियों पर बाहरी घटनाओं के प्रभाव के कारण होता है. इसमें विधिक जोखिम तो शामिल हैं, किन्तु रणनीतिक और प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम शामिल नहीं हैं.

Operational Risk is defined as the risk of loss resulting from inadequate or failed internal processes, people & systems or from external events inherent in Bank's business activities. This includes legal risk, but excludes strategic and reputational risks.

परिचालनगत जोखिम प्रबंधन संरचना / Operational Risk Management Framework

बैंक के पास सुपरिभाषित परिचालनगत जोखिम और कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर और बीसीएम) नीति है. इस नीति का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग परिचालनों में निहित परिचालन जोखिमों की पहचान और निर्धारण करना तथा इन जोखिमों की निगरानी और इन्हें कम करने के लिए क्षमताओं, साधनों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का विकास करना है.

The Bank has a well-defined Operational Risk & Business Continuity Management (OR & BCM) Policy. The main objectives of the policy are identification & assessment of operational risks attached to banking operations and developing capabilities, tools, systems and processes to monitor and mitigate these risks.

बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालन जोखिम प्रबंध संरचना है और इसने परिचालनगत जोखिम के प्रभावी प्रबंधन के लिए निदेशक मंडल, बोर्ड की आरएमसी और परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) से युक्त एक समर्थकारी संगठनात्मक संरचना की स्थापना की है. परिचालनगत जोखिम प्रबंधन कार्यकलापों पर समीक्षा रिपोर्टें ओआरएमसी एवं बोर्ड की आरएमसी को आवधिक आधार पर प्रस्तुत की जाती हैं.

The Bank has a robust Operational Risk Management Framework and has also established an enabling organizational structure comprising of Board of Directors, RMC of the Board and Operational Risk Management Committee (ORMC) for effective management of Operational Risk. Review reports on Operational Risk management activities are periodically presented to ORMC and RMC of the Board.

उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण के लिए बैंक की पहल / Bank's initiative in migrating to AMA

वर्तमान में, बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना हेतु मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण कर रहा है. तथापि, उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में आशयित अंतरण के एक हिस्से के रूप में बैंक अपनी परिचालनगत जोखिम प्रबंधन प्रणाली व प्रक्रिया में और सुधार करने के लिए समयबद्ध तरीके से सम्मिलित प्रयास कर रहा है. इस संबंध में बैंक के विभिन्न कार्यों से जुड़े परिचालनगत जोखिम के प्रबंधन हेतु एक व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) का कार्यान्वयन किया गया है. इस उद्देश्य हेतु मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) तथा जोखिम व नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) का उपयोग किया जाता है. परिचालनगत जोखिम मापने हेतु बैंक लॉस

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

डाटा केप्चर (एलडीसी) मॉड्यूल के जरिये परिचालनगत हानि आंकड़ों का नियमित रूप से संग्रहण कर रहा है तथा रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार इन हानियों को विभिन्न कारोबारी श्रृंखलाओं एवं इसके प्रकारों के तहत वर्गीकृत कर रहा है.
At present, the Bank follows the Basic Indicator Approach (BIA) for computation of capital charge for Operational Risk. However, as a part of intended migration to Advanced Measurement Approach (AMA), the Bank is putting concerted efforts to further improve its Operational Risk management system & procedure in a time bound manner. In this regard, Comprehensive Operational Risk Evaluator (CORE) has been implemented for management of Operational Risk attached to various functions of the Bank. For this purpose the Key Risk Indicator (KRI) and Risk & Control Self Assessment (RCSA) are used. For measurement of Operational Risk, the Bank is regularly collecting operational loss data across the Bank through Loss Data Capture (LDC) module and categorizes these losses under various business lines and loss types in line with the RBI guidelines.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) के कार्यान्वयन हेतु बैंक के पहल कार्य
Bank's initiatives for implementation of Business Continuity Management (BCM)

मानव जीवन एवं बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा व्यवधान / आपदा के दौरान निर्बाध बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने अपने विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एक सुपरिभाषित बीसीएम व्यवस्था लागू की है, जो विनियामक आवश्यकताओं को भी पूरा करती है.
In order to safeguard the human life & Bank's assets and to ensure uninterrupted banking services during disruption/ disaster, the Bank has put in place a well defined BCM for its various critical functions, which also fulfils regulatory requirements.

बीसीएम में कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) और आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) शामिल इन बीसीएम दस्तावेजों में, अन्य बातों के साथ-साथ, कारोबार व्यवधान / आपदा की स्थिति में तौर-तरीके और परिणामी सुधार रणनीतियाँ, योजनाएँ शामिल हैं. व्यवधान की विभिन्न स्थितियों में इन योजनाओं की आघात सहनीयता का प्रायोगिक अभ्यास, आपदा प्रबंधन अभ्यास और बीसीपी के जरिए निरंतर परीक्षण किया जाता है. एक सशक्त और प्रभावी बीसीएम के जरिए बैंक को अपनी सेवा में निरंतरता और ग्राहकों को संतुष्टि प्रदान करने में सुविधा होगी. प्रणाली की असफलता के जोखिम को कम करने के लिए बैंक ने चेन्नई में एक आपदा प्रबंधन (डीआर) साइट तथा बीकेसी के समीप भी डीआर साइट की स्थापना की है. बैंक आपदा प्रबंधन साइट के परीक्षण के लिए आवधिक रूप से डीआर अभ्यास आयोजित करता है. बैंक में विभिन्न मूल तथा सहायता कार्यों के लिए बैंक के भीतर अपनाई गई लागू बीसीएम प्रक्रियाएं बीएस25999 मानक का पालन करती हैं. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर आइ-डीएबी के विकास के माध्यम से बीसीएम कार्यकलापों के स्वचालन का कार्य प्रगति पर है.
BCM comprises of Business Continuity Plan (BCP) and Disaster Management Plan (DMP). These BCM documents, inter alia, incorporate the modalities, in an event of business disruption/disaster and consequent recovery strategies & plans. The resilience of these plans under different disruption scenarios are tested on an ongoing basis through mock evacuation drills, DR drills and BCP testing exercises. A robust and effective BCM would enable the Bank to provide continuity in service and facilitate customer satisfaction. To mitigate the risk of system failure, the Bank has set up a Disaster Recovery (DR) site at Chennai and near DR site at BKC. The Bank periodically carries out DR drill exercises to test the capabilities of DR site. The BCM processes followed within the Bank for various core & support functions complies with the BS25999 standards. Automation of BCM activities is in progress through the development of application software i-DAB.

तालिका डीएफ-9: बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)
Table DF-9: Interest Rate Risk in the Banking Book (IRRBB)

बैंकिग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) से आशय ब्याज दर में होने वाले प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के कारण बैंक के अर्जन तथा आस्तियों और देयताओं के आर्थिक मूल्य में पड़ने वाले संभाव्य प्रभाव से है. ब्याज दर में सामान्य परिवर्तन के अलावा विभिन्न उत्पादों / लिखतों में ब्याज दरों में घट-बढ़ (अर्थात् सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ, मीयादी जमाराशियों पर ब्याज दर, अग्रिमों पर उधार दर आदि,) भी ब्याज दर जोखिम के प्रमुख स्रोत हैं. ब्याज दरों में परिवर्तन से निवल ब्याज आय (ब्याज आय में से ब्याज व्यय घटाकर) में घट-बढ़ के माध्यम से बैंक के अर्जन पर तथा इसके साथ ही आस्तियों व देयताओं के आर्थिक मूल्य में निवल अंतर के माध्यम से इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर भी असर पड़ता है. अर्जन और इक्विटी के आर्थिक मूल्य में परिवर्तन की मात्रा मुख्यतः परिपक्वता के स्वरूप तथा परिमाण और बैंक की आस्तियों व देयताओं के पुनर्मूल्यन असंतुलन पर निर्भर करती है.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

IRRBB refers to the potential impact on the Bank's earnings and economic value of assets and liabilities due to adverse movement in interest rates. Besides the general change in interest rate, variation in the magnitude of interest rate change among the different products/ instruments (e.g., yield on Government securities, interest rate on term deposits, lending rate on advances etc.,) it is also a significant source of interest rate risk. Changes in interest rates affect the Bank's earning through variation in its Net Interest Income (Interest Income minus Interest Expenses) as well as economic value of equity through net variation in economic value of assets and liabilities. The extent of change in earning and economic value of equity primarily depends on the nature and magnitude of maturity and re-pricing mismatches between the Bank's assets and liabilities.

ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के महत्व को समझते हुए बैंक ने एक उचित आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) प्रणाली तैयार की है, जिसमें रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति, प्रक्रियाएं तथा ऋण सीमा संरचना शामिल हैं. ब्याज दर जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य जोखिम के स्रोतों की पहचान करना और उपयुक्त पद्धतियों के अनुसार उनका परिमाण मापना है. इसमें समग्र ढांचे के भीतर परिपक्वता संरचना, मूल्यन, उत्पाद व ग्राहक समूह मिश्र के संबंध में उचित निधीयन, उधार और तुलन पत्र से परे रणनीतियां भी शामिल हैं. आईआरआरबीबी के लिए बैंक का सहनशीलता स्तर निवल ब्याज आय और इक्विटी में आर्थिक मूल्य पर भावी प्रभाव के संबंध में विनिर्दिष्ट किया गया है. ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति (आल्को) जोखिम के मापन, निगरानी व जोखिम नियंत्रण पहल कार्य के लिए उत्तरदायी है. तुलन पत्र प्रबंधन समूह (बीएसएमजी) एएलएम असंतुलन के बारे में नियमित रूप से आकलन और निगरानी करता है और इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए आल्को को रणनीति की सिफारिश करता है. दैनिक आधार पर एएलएम रिपोर्ट जनरेशन के लिए पर्याप्त सूचना प्रणाली स्थापित की गई है.

Recognizing the importance of interest rate risk management, the Bank has put in place an appropriate ALM system which incorporates the Board approved interest rate risk management policy, procedures and limit structure in line with the RBI guidelines. The objectives of interest rate risk management are to identify the sources of risks and to measure their magnitude in terms of appropriate methods. It also includes appropriate funding, lending and off-balance sheet strategies with respect to maturity structure, pricing, product and customer group mix within the overall framework. The Bank's tolerance level for IRRBB is specified in terms of potential impact of net interest income and economic value of equity. The Asset Liability Committee (ALCO) of the Bank is responsible to ensure regular measurement, monitoring and control initiatives for the Bank's interest rate risk management. Balance Sheet Management Group (BSMG) regularly measures and monitors ALM mismatches and recommends strategies to ALCO for effective management. Adequate information system has also been put in place for system based ALM report generation on a daily basis.

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिमों के मापन व निगरानी का कार्य ब्याज दर संवेदनशीलता (मूल्य का पुनर्निर्धारण) अंतर, अवधि अंतर पद्धतियों द्वारा तथा अर्जन (निवल ब्याज आय पर प्रभाव) एवं आर्थिक मूल्य परिप्रेक्ष्य (इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव) जैसे दोनों ही परिदृश्य आधारित विश्लेषणों के जरिए किया जाता है. ब्याज दर संवेदनशीलता अंतर रिपोर्ट की तैयारी करते समय विभिन्न मूल्य-समूह की ब्याज दर जोखिम की दृष्टि से संवेदनशील आस्तियों व देयताओं को उनकी परिपक्वता की शेष रही अवधि या मूल्य पुनर्निर्धारण की अगली तारीख, जो भी पहले हो, के आधार पर रखा जाता है. इस रिपोर्ट के लिए अपनाई जानेवाली धारणाओं में मूल बचत बैंक जमाराशियों को ''3 माह से अधिक तथा 6 माह तक'' के समूह में डालना, मूल चालू खाता जमाराशियों को ''1 वर्ष से अधिक तथा 3 वर्ष तक'' के समूह में डालना तथा बीपीएलआर या आधार दर से संबद्ध अग्रिमों को ''3 माह से अधिक तथा 6 माह तक'' के समूह में डालना है, क्योंकि इन आस्तियों व देयताओं के मूल्य के पुनर्निर्धारण की कोई पूर्व-विनिर्दिष्ट तारीख नहीं होती. अवधि अंतर विश्लेषण ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील आस्तियों व देयताओं की अवधि व भावी नकदी प्रवाह के वर्तमान मूल्य की गणना के आधार पर किया जाता है. परिदृश्य विश्लेषण निवल ब्याज आय तथा विभिन्न ब्याज दर परिदृश्य के अंतर्गत पूंजी के आर्थिक मूल्य पर होनेवाले प्रभाव को मापने के लिए किया जाता है.

Measurement and monitoring of IRRBB are carried out through the methods of Interest Rate Sensitivity (re pricing) gap, Duration gap and Scenario based analysis covering both earning (impact on net interest income) and economic value perspective (impact on economic value of equity). Preparation of interest rate sensitivity gap report involves bucketing of all interest rate sensitive assets and liabilities into different time buckets based on their respective remaining term to maturity or next re pricing date, whichever is earlier. Assumptions made for this report are for bucketing of core saving bank deposits into "over 3 months to 6 months", core current account deposits into "over 1 year to 3 years" and advances linked to BPLR or Base Rate into "over 3 months – 6 months" as these liabilities and assets do not have prior-specified re-pricing date. Duration gap analysis is undertaken based on computation of duration and present value of

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

future cash flows of the interest rate sensitive assets and liabilities. Scenario analysis is carried out to measure impact on net interest income and economic value of capital under different interest rate scenario.

आल्को ब्याज दर जोखिम एक्सपोजरों की नियमित रूप से निगरानी करती है तथा जमाराशियों व अग्रिमों की संरचना व वृद्धि, जमाराशियों व अग्रिमों के मूल्य-निर्धारण तथा मुद्रा बाजार परिचालन व निवेश बहियों आदि के प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाने का सुझाव / निर्देश देती है, ताकि निर्धारित आंतरिक सीमाओं के भीतर ही आईआरआरबीबी का प्रबंधन किया जा सके. ब्याज दर जोखिम की स्थिति से नियमित रूप से बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति तथा रिज़र्व बैंक को अवगत कराया जाता है.

ALCO regularly monitors the interest rate risk exposures and suggests appropriate steps/ provides directions on composition and growth of deposits and advances, pricing of deposits and advances and management of money market operations and investment books etc., to control IRRBB within the prescribed internal limits. Interest rate risk position is periodically reported to RMC of the Board and RBI.

ब्याज दर में 100 आधार बिंदुओं के समानांतर परिवर्तन का प्रभाव
Impact of parallel shift in Interest Rate by 100 basis points

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

ब्याज दर परिवर्तन की तुलना में निवल ब्याज आय की संवेदनशीलता (जोखिम पर अर्जन) (समयावधि : 1 वर्ष) Sensitivity of Net Interest Income to Interest rate change (Earning at Risk) (Time Horizon: 1 year)	ब्याज दर परिवर्तन की तुलना में इक्विटी के आर्थिक मूल्य (ईवीई) की संवेदनशीलता Sensitivity of Economic Value of Equity (EVE) to Interest rate change (Economic Value at Risk)
एनआईआई पर प्रभाव / Impact on NII	ईवीई पर प्रभाव / Impact on EVE
177	**19,645**

तालिका डीएफ-10: प्रतिपक्षकार ऋण जोखिम से संबंधित एक्सपोजरों के लिए सामान्य प्रकटन
Table DF-10: General Disclosure for Exposures Related to Counterparty Credit Risk

बैंक में किसी आस्ति के संबंध में प्रतिपक्षकार के साथ जोखिम आकलन को सुनिश्चित करने हेतु एक संरचित प्रक्रिया का पालन किया जाता है, जिसमें निधि आधारित और गैर- निधि आधारित दोनों सुविधाओं को शामिल किया जाता है. ऋण नीति, प्रतिपक्षकार बैंक नीति, बाज़ार जोखिम व डेरिवेटिव नीति, निवेश नीति, संपार्श्विक प्रबंधन नीति एवं देश जोखिम नीति के रूप में समुचित नीतिगत संरचना बनाई गई है, जोकि प्रतिपक्षकार ऋण जोखिम (सीसीआर) के प्रबंधन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों की रूपरेखा तैयार करती है. विनियामक दिशानिर्देशों के अंतर्गत बैंक की ऋण नीति के तहत बैंक की पूंजी निधि में एकल उधारकर्ता और किसी समूह के ऋण के संबंध में प्रतिपक्षकार ऋण सहायता सीमाओं की विस्तृत रूपरेखा निर्धारित की गई है. साथ ही, बैंक की निवल मालियत, कुल वचनबद्ध सहायता राशियों (टीसीई), कुल बकाया सहायता राशियों, अग्रिमों आदि के संबंध में भी विभिन्न आंतरिक प्रावधानों को विवेकपूर्ण तरीके से लागू किया गया है. पूंजी बाज़ार खंड पर लागू विनियामक मानदंडों के साथ-साथ खंडगत सीमाओं के रूप में विवेकपूर्ण सीमाएं निर्धारित की गई हैं. वर्तमान में बैंक द्वारा सीसीआर पर पूंजी की गणना मानकीकृत दृष्टिकोण के आधार पर तथा बासेल III के अंतर्गत विनियमों के अनुसार की जा रही है.

The Bank follows a structured process to ascertain the credit risk of an asset relationship with a counter-party covering both fund based and non-fund based facilities. Suitable policy frameworks are put in place in the form of Credit policy, Counterparty-Bank Policy, Market Risk & Derivative Policy, Investment Policy, Collateral Management Policy and Country Risk Policy which outline the guiding principles to manage Counterparty Credit Risk (CCR). In line with regulatory guidelines, the Credit policy of the Bank stipulates broad contours of counterparty credit exposure limits in respect of single borrower and borrowings by a group in relation to the Bank's capital fund. In addition, various internal thresholds are stipulated prudentially in relation to Net Worth, Total Committed Exposures (TCE), Total Outstanding exposure, Advances etc. Prudential limits in the form of sectoral limits are also stipulated in addition to applicable regulatory norms on the capital market segment. Currently, the Bank is computing capital on CCR following the standardized approach and adhering to regulations under Basel III.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

बैंक के व्यापक रेटिंग मॉड्यूल में कई रेटिंग मॉडल शामिल हैं, जो प्रतिपक्षकार की आंतरिक ऋण रेटिंग में सहायता प्रदान करते हैं. लागू शर्तों एवं निबंधनों के साथ ग्राहक की उपयुक्तता और अनुकूलता के संबंध में उत्पाद विशिष्ट दिशानिर्देश भी निर्धारित किए गए हैं. बैंक में चुनिन्दा प्रतिपक्षकार बैंकों के साथ एक ऋण सहायता एनेक्स (सीएसए) व्यवस्था भी है. सीएसए उन शर्तों को परिभाषित करता है जिनके अंतर्गत संपार्श्विक प्रतिभूतियों को डेरिवेटिव स्थितियों से उत्पन्न होने वाले ऋण जोखिमों को कम करने के लिए डेरिवेटिव प्रतिपक्षों में अंतरित किया जाता है.

The Bank's rating module, encompassing various rating models, supports internal credit rating of counter-party. Product specific guidelines are also defined in terms of customer suitability and appropriateness along with applicable terms and conditions. The Bank also has a Credit Support Annex (CSA) arrangement with select counter-party banks. CSA defines the terms under which collateral is transferred between derivative counterparties to mitigate the credit risk arising from derivative positions.

संपार्श्विक प्रबंधन की प्रक्रिया में गतिविधियों के समग्र कार्य-पहलुओं को इसके स्वीकार करने से लेकर ज़रूरत के समय इसकी विधिक प्रयोज्यता की प्रक्रिया तक को कवर किया जाता है. ऋण रिज़र्व तैयार करने के लिए बैंक कई प्रकार की वैकल्पिक तकनीकों को संपोषित करता है, जिनमें एस्क्रो तंत्र व इस पर प्रभार लगाना, ऋण चुकौती रिज़र्व खाते (डीएसआरए) को सक्रिय करना, बैंक के पास जमाराशियों पर ग्रहणाधिकार लगाना, उच्च मार्जिन की शर्तें लगाना, वैयक्तिक एवं तृतीय पक्ष की गारंटी प्राप्त करना आदि शामिल हैं. बैंक ऋण फिल्टर मानकों और उत्पाद संबंधी दिशा-निर्देशों द्वारा गलत जोखिम सहायता के मामलों को पकड़ता है.

The process of Collateral Management covers the entire gamut of activities right from its acceptability to its legal enforceability at the time of need. In establishing credit reserve, the Bank caters to various alternative techniques including escrow mechanism and charges thereon, activating Debt Service Reserve Account (DSRA), lien mark on deposits with the Bank, stipulating conditions towards higher margin, obtaining personal and third party guarantee etc. Credit filtering standards and product guidelines of the Bank capture the associated wrong way risk exposure.

ऋण डेरिवेटिव हेज का कल्पित मूल्य और विभिन्न प्रकार के एक्सपोजरों के जरिए वर्तमान ऋण एक्सपोजरों का विवरणः
The notional value of credit derivative hedges and the distribution of current credit exposure by types of credit exposure:

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

डेरिवेटिव **Derivatives**	**कल्पित** **Notional**	**वर्तमान एक्सपोजर** **Current Exposure**
ब्याज दर स्वैप / Interest Rate Swaps	4,04,232.96	6,959.97
मुद्रा स्वैप / Currency Swaps	1,14,946.92	19,331.17
मुद्रा विकल्प / Currency Options	1,15,975.70	10,088.99
वायदा / Forwards	8,00,859.76	26,408.20

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

तालिका डीएफ-11: पूंजी का संघटन
Table DF-11: Composition of Capital

भाग II: 31 मार्च 2017 से पहले प्रयुक्त होने वाला टेम्पलेट (अर्थात् बासेल III विनियामक समायोजनों के संक्रमण काल के दौरान)
Part II: Template to be used before March 31, 2017 (i.e. during the transition period of Basel III regulatory adjustments)

(₹ मिलियन में / ₹ in million)

	विनियामक समायोजनों की संक्रमण अवधि (अर्थात् 1 अप्रैल 2013 से 31 दिसंबर 2017) के दौरान प्रयुक्त होने वाला बासेल III सामान्य प्रकटन टेम्पलेट Basel III common disclosure template to be used during the transition of regulatory adjustments (i.e. from April 1, 2013 to December 31, 2017)		बासेल III पूर्व मानदंड के अधीन राशि Amounts subject to Pre-Basel III Treatment	संदर्भ सं. Reference No.
सामान्य इक्विटी टीयर 1 पूंजी: लिखत एवं आरक्षित निधियां **Common Equity Tier 1 capital: instruments and reserves**				
1	सामान्य शेयर पूंजी के लिए अर्ह प्रत्यक्ष रूप से निर्गमित और संबंधित स्टॉक अधिशेष (शेयर प्रीमियम) Directly issued qualifying common share capital plus related stock surplus (share premium)	1,12,829.09		ए=ए1+बी2 A=A1+B2
2	प्रतिधारित उपार्जन / Retained earnings	8,094.75		बी6 / B6
3	संचित अन्य व्यापक आय (और अन्य आरक्षित निधियाँ) Accumulated other comprehensive income (and other reserves)	1,06,433.71		बी3+बी4+बी5 B3+B4+B5
4	*सीईटी 1 पूंजी से चरणबद्ध रूप से समापन किए जाने के अधीन प्रत्यक्ष रूप से निर्गमित पूंजी (केवल गैर संयुक्त पूंजी कंपनियों के लिए लागू)* *Directly issued capital subject to phase out from CET1 capital (only applicable to non-joint stock companies)*	-		
5	सहायक कंपनियों द्वारा जारी तथा अन्य पक्षों द्वारा धारित सामान्य शेयर पूंजी (सीईटी 1 समूह में अनुमत राशि) Common share capital issued by subsidiaries and held by third parties (amount allowed in group CET1)	-		
6	**विनिमायक समायोजन पूर्व सामान्य इक्विटी टीयर 1 पूंजी** **CET1 capital before regulatory deductions**	2,27,357.55		बी1 / B1
सामान्य इक्विटी टीयर 1 पूंजी: विनिमायक समायोजन **Common Equity Tier 1 capital: regulatory adjustments**				
7	विवेकपूर्ण मूल्यांकन समायोजन / Prudential valuation adjustments	-		
8	साख (संबद्ध कर देयता को घटाकर) Goodwill (net of associated deferred tax liability)	-		

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

(₹ मिलियन में / ₹ in million)

	विनियामक समायोजनों की संक्रमण अवधि (अर्थात् 1 अप्रैल 2013 से 31 दिसंबर 2017) के दौरान प्रयुक्त होने वाला बासेल III सामान्य प्रकटन टेम्पलेट **Basel III common disclosure template to be used during the transition of regulatory adjustments (i.e. from April 1, 2013 to December 31, 2017)**		बासेल III पूर्व मानदंड के अधीन राशि Amounts subject to Pre-Basel III Treatment	संदर्भ सं. Reference No.
